CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :30°C
न्यूनतम: 17°C

मेरठ, मंगलवार 28 अक्टूबर 2025 मेरठ संस्करण: वर्ष 19 अंक 147 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | कार्तिक शुक्ल पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2082 | 5 जमादिउल उला1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



धर्मनिरपेक्षता का विपक्षी सिद्धांत पाखंडः योगी पेज 2




दक्षिण एशियाई वरिष्ठ एथलेटिक्स चैंपियनशिप, भारत शीर्ष पर रहा खेल टाइम्स




धोखाधड़ी व ऑनलाइन फ्रॉड के बढ़ते मामले, ऐसे करें खुद की सुरक्षा सम्पादकीय



रूस में दुनिया की पहली न्यूक्लियर पॉवर्ड मिसाइल का टेस्ट पेज 12



नई दिल्ली: वायु प्रदूषण को कम करने के लिए एक एंटी-स्मॉग गन से पानी का छिड़काव किया गया।

# आवारा कुत्तों के चक्कर में राज्यों के मुख्य सचिव SC में तलब

## सुप्रीम कोर्ट बोला: स्ट्रीट डॉग केस मामले में देश की छवि हुई खराब

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को आवारा कुत्तों के मामले में स्वत: संज्ञान वाली याचिका पर सुनवाई की। इस दौरान कोर्ट ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को तीन नवम्बर को होने वाली सुनवाई में पेश होने का आदेश दिया।

दरअसल, कोर्ट ने पाया कि आवारा कुत्तों की समस्या पर नोटिस जारी किए जाने के बावजूद अधिकतर राज्यों ने अब तक हलफनामे नहीं दायर किए हैं। इस पर नाराजगी जताते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने मुख्य सचिवों को पेशी का आदेश दिया। सुप्रीम कोर्ट की तीन जजों- जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एनवी अंजारिया की विशेष बेंच ने मामले की सुनवाई के दौरान पाया कि अब तक सिर्फ दिल्ली महानगरपालिका (एमसीडी), पश्चिम बंगाल और तेलंगाना ने ही आवारा कुत्तों की समस्या को लेकर हलफनामे दाखिल किए हैं। बता दें कि 22 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट ने जब इस मामले पर सुनवाई की थी, तब सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को हलफनामे दाखिल करने के लिए कहा गया था। अपने आदेश के बावजूद हलफनामे न मिलने को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जताई और मुख्य सचिवों को पेशी का निर्देश जारी कर दिया। सर्वोच्च न्यायालय ने 22 अगस्त को आवारा कुत्तों के मामले का दायरा दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) की सीमाओं से आगे बढ़ाते हुए सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को इस मामले में पक्षकार बनाने का निर्देश दिया था। अपने 22 अगस्त के आदेश में सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली- एनसीआर ने आवारा कुत्तों को लेकर दिशा-निर्देश जारी किए थे। अदालत ने कुत्तों को नसबंदी और दवा देने के बाद छोड़ने का आदेश दिया था।

**बंगाल-तेलंगाना को छोड़कर सभी राज्यों के मुख्य सचिवों को तलब किया, अगली सुनवाई तीन नवम्बर को**



## संक्षिप्त समाचार

### साइक्लोन मोन्था का असर शुरू केरल में दो की मौत

**नई दिल्ली।** बंगाल की खाड़ी में बना साइक्लोन मोन्था तेजी से पूर्वी तट की ओर बढ़ रहा है। ओडिशा, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में तेज बारिश और तूफान का खतरा बढ़ गया है। मौसम विभाग ने इन राज्यों के कई जिलों में रेड अलर्ट जारी किया है। आंध्र प्रदेश डिजास्टर मैनेजमेंट के प्रमुख प्रखर जैन ने कहा कि साइक्लोन मोन्था तट के करीब पहुंचना शुरू हो गया है। तटीय जिलों में बारिश और तेज हवा चल रही हैं। यह 18 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़ रहा है और 28 अक्टूबर की शाम या रात काकीनाड़ा तट से टकरा सकता है। केरल में भारी बारिश और तेज हवाओं से निचले इलाकों में पानी भर गया, जिससे दो लोगों की मौत हो गई।

### सरकार की अर्थी निकालने की बात करने वाले CMS निलंबित

**लखनऊ।** उप्र सरकार ने सुल्तानपुर में 100 शैय्या संयुक्त चिकित्सालय वीर सिंहपुर के कार्यवाहक मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) डा. भास्कर प्रसाद को निलंबित कर दिया है और उन्हें अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण अयोध्या मंडल से सम्बद्ध किया है। अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य अमित कुमार घोष के स्तर से जारी आदेश में डा. भास्कर प्रसाद पर तीन आरोप लगाए गए हैं। जिनमें अस्पताल के संचालन में अनियमितता और अवांछित टिप्पणियां करना, भर्ती मरीजों को अस्पताल के बाहर से दवाइयां दिलाना, तथा बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन में नियमों का पालन न करना शामिल है। आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि निलंबन की अवधि में डा. भास्कर प्रसाद का मुख्यालय चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, अयोध्या मंडल कार्यालय रहेगा।

### SC से उमर खालिद-शरजील इमाम समेत चार को राहत नहीं

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 2020 के दिल्ली दंगों की साजिश के मामले में कथित तौर पर शामिल कार्यकर्ताओं उमर खालिद, शरजील इमाम, गुलफिशा फातिमा और मीरान हैदर की जमानत याचिकाओं पर सुनवाई 31 अक्टूबर तक के लिए टाल दी। दरअसल, जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच के सामने अतिरिक्त एएसजी एसवी राजू ने जवाब दाखिल करने के लिए कुछ और समय देने की मांग की थी।

## एसआईआर के दूसरे चरण का ऐलान

# उप्र समेत 12 राज्यों में होगा SIR

**51 करोड़ वोटर्स का होगा पुनरीक्षण**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि एसआईआर का फेज-1 खत्म हो गया है, अब इसका दूसरा चरण शुरू होगा। बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण सफल तरीके से किया गया है। सीईसी ज्ञानेश कुमार ने आगे कहा कि बिहार के लोगों ने एसआईआर पर भरोसा जताया है।

इस दौरान उन्होंने घोषणा की कि विशेष गहन पुनरीक्षण के दूसरे फेज में देश के 12 राज्यों में यह अभियान चलाया जाएगा एसआईआर 28 अक्टूबर से शुरू होगा और 7 फरवरी को खत्म होगा। चुनाव आयुक्त ने कहा कि जिन राज्यों में एसआईआर क्रिया पूरी की जाएगी, उन सभी राज्यों की मतदाता सूचियां सोमवार रात 12 बजे फ्रीज कर दी जाएंगी। उस सूची के सभी मतदाताओं को बीएलओ द्वारा विशिष्ट गणना प्रपत्र दिए जाएंगे। इन गणना प्रपत्रों में वर्तमान मतदाता सूची के सभी आवश्यक विवरण होंगे। बीएलओ द्वारा मौजूदा मतदाताओं को प्रपत्र वितरित करने के बाद, जिन सभी के नाम गणना प्रपत्रों में हैं, वे यह मिलान करने का प्रयास करेंगे कि क्या उनका नाम 2003 की मतदाता सूची में था। यदि हां, तो उन्हें कोई अतिरिक्त दस्तावेज जमा करने की आवश्यकता नहीं है। यदि उनका नाम नहीं, बल्कि उनके माता-पिता का नाम सूची में था, तो भी उन्हें कोई अतिरिक्त दस्तावेज़ जमा करने की आवश्यकता नहीं है... 2002 से 2004 तक की एसआईआर (एसआईआर) मतदाता सूची वेबसाइट पर कोई भी देख सकता है और वे स्वयं मिलान कर सकते हैं। पूरे देश में एसआईआर चरणबद्ध तरीके से होगा। जिन 12 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेश में एसआईआर किया जाना है। इसमें अंडमान और निकोबार, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, केरल, लक्षद्वीप, मध्य प्रदेश, पुड्डुचेरी, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल शामिल हैं। इन राज्यों में कुल मतदाताओं की संख्या करीब 51 करोड़ हैं, जबकि यहां 5 लाख 33 हजार से ज्यादा पोलिंग स्टेशन और बीएलओ तैनात किए जाएंगे। इस दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि देश में 21 साल पहले आखिरी विशेष गहन पुनरीक्षण किया गया था। उन्होंने साफ किया कि एसआईआर में सभी योग्य मतदाताओं को जोड़ा जाएगा और अयोग्य मतदाताओं को वोटर लिस्ट से बाहर किया जाएगा। सीईसी ने आगे कहा कि चुनावों से पहले एसआईआर किया जाना सबसे ज्यादा जरूरी है। हर घर पर बीएलओ तीन बार जाएंगे और मतदाताओं की जानकारी जुटाएंगे।




### असम में एसआईआर की प्रक्रिया नहीं की जाएगी

**नई दिल्ली।** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि इस समय असम में एसआईआर की प्रक्रिया शुरू नहीं की जाएगी। 2024 के लोकसभा चुनाव के दौरान के आंकड़ों की बात करें, तो असम में करीब 2.45 करोड़ मतदाता हैं। राज्य में 2026 के मार्च-अप्रैल महीने में विधानसभा चुनाव होने हैं। सीईसी ने कहा कि असम में नागरिकता से जुड़े नियम थोड़े अलग हैं, इसलिए वहां एसआईआर से प्रक्रिया अलग तरीके से चलेगी। मुख्य चुनाव आयुक्त ने बताया कि असम में नागरिकता को लेकर अलग कानून हैं। वहां एनआरसी लागू है।

### दूसरे चरण के एसआईआर के प्रक्रिया की प्रमुख तारीखें

मुद्रण/प्रशिक्षण – 28 अक्टूबर से 3 नवम्बर 2025,
घर-घर गणना, चरण – 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर 2025, ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन – 9 दिसम्बर 2025, दावे और आपत्ति अवधि – 9 दिसम्बर 2025 से 8 जनवरी 2026, सूचना चरण (सुनवाई और सत्यापन) – 9 दिसम्बर 2025 से 31 जनवरी 2026, अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन – 7 फरवरी 2026

### एसआईआर की घोषणा के दिन ही बंगाल में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल सरकार ने सोमवार को एक बड़े प्रशासनिक फेरबदल की घोषणा की, जिसमें 200 से अधिक अधिकारियों का तबादला किया गया। राज्य सरकार की तरफ से यह फैसला उस समय लिया गया जब कुछ ही घंटों में चुनाव आयोग की तरफ से मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की तारीखों का ऐलान होने वाला था। भाजपा ने आरोप लगाया कि यह कदम मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सरकार ने एसआईआर प्रक्रिया में बाधा डालने के इरादे से उठाया है। वहीं पश्चिम बंगाल भाजपा ने मुख्य चुनाव आयुक्त से पश्चिम बंगाल सरकार की तरफ से एसआईआर की घोषणा के बाद 235 अधिकारियों के तबादलों के उल्लंघन के संबंध में शिकायत दर्ज कराई है। पश्चिम बंगाल भाजपा, चुनाव आयोग की मंजूरी के बिना किए गए इन अनियमित तबादलों को तत्काल रद्द करने की मांग की है।

# सीजेआई पर जूता उछालने वाले वकील के खिलाफ नहीं होगी अवमानना की कार्रवाई

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट की एक पीठ ने सोमवार को कहा कि वे मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई पर जूता उछालने की कोशिश करने वाले वकील के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई करने के इच्छुक नहीं हैं।

**सुप्रीम कोर्ट ने कहा- मन नहीं है**

पीठ ने कहा कि मुख्य न्यायाधीश खुद ही आरोपी वकील के खिलाफ कार्रवाई करने से इन्कार कर चुके हैं। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि अदालत में नारेबाजी करने और जूता उछालना यकीनन अदालत की अवमानना है, लेकिन ये संबंधित न्यायाधीश पर निर्भर करता है कि वे कानून के तहत कार्रवाई करते हैं या नहीं।

### देश के 53वें चीफ जस्टिस बनेंगे जस्टिस सूर्यकांत सीजेआई गवई ने नाम की सिफारिश की



**नई दिल्ली।** सीनियर जज जस्टिस सूर्यकांत देश के 53वें चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया हो सकते हैं। मौजूदा चीफ जस्टिस भूषण आर गवई ने सोमवार को केंद्र सरकार को इनके नाम की सिफारिश की। इसके साथ सीजेआई नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू हो गई है। परंपरा है कि मौजूदा सीजेआई अपने उत्तराधिकारी के नाम की सिफारिश तभी करते हैं, जब उन्हें कानून मंत्रालय से ऐसा करने को कहा जाता है। मौजूदा सीजेआई गवई का कार्यकाल 23 नवम्बर को खत्म हो रहा है। उनके बाद जस्टिस सूर्यकांत 24 नवम्बर को सीजेआई के तौर पर शपथ लेंगे। वे 9 फरवरी 2027 को रिटायर होंगे। उनका कार्यकाल लगभग 14 महीने का होगा।

### अदालत में पेश हुई कंगना, बुजुर्ग महिला से माफी मांगी

**बठिंडा।** भाजपा की सांसद और बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनौत ने सोमवार को बठिंडा कोर्ट में 2020-21 के किसान आंदोलन के दौरान 73 साल की महिंदर कौर पर की गई अपनी टिप्पणियों के लिए माफी मांगी। कोर्ट में पेश होने के तुरंत बाद, भाजपा सांसद ने पत्रकारों से कहा कि उन्होंने कोर्ट में शिकायतकर्ता के पति से माफी मांग ली है। सुनवाई के दौरान कौर जिला कोर्ट में मौजूद नहीं थीं। कंगना रनौत ने आगे कहा कि उन्हें 73 साल की महिला के खिलाफ अपनी सोशल मीडिया पोस्ट पर पछतावा है। कौर की तरफ से दायर मानहानि मामले के सिलसिले में हिमाचल के मंडी से भाजपा सांसद रनौत कड़ी सुरक्षा के बीच बठिंडा कोर्ट में पेश हुईं।

# बांग्लादेश ने पूर्वोत्तर भारतीय राज्यों को अपना हिस्सा दिखाया

**ढाका।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस ने पाकिस्तानी जनरल साहिर शमशाद मिर्जा को एक विवादित किताब गिफ्ट की।

आर्ट ऑफ ट्रायम्फ नाम की इस किताब के कवर पर छपे नक्शे में भारत के पूर्वोत्तर राज्यों को बांग्लादेश का हिस्सा दिखाया गया है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने अभी तक इस पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी है। शमशाद मिर्जा पाकिस्तानी सेना में आसिम मुनीर के बाद दूसरे सबसे ताकतवर अधिकारी हैं। माना जा रहा है कि मुनीर के बाद मिर्जा ही पाकिस्तानी सेना प्रमुख बनेंगे।

**मोहम्मद यूनुस ने पाक आर्मी जनरल साहिर शमशाद मिर्जा को किया विवादित नक्शा गिफ्ट**

आर्ट ऑफ ट्रायम्फ एक आर्ट बुक है, जिसमें बांग्लादेश में जुलाई-अगस्त 2024 के छात्र-जन आंदोलन के दौरान बने ग्रैफिटी (दीवारों पर बनी चित्रकारी) और बाकी चित्रों को दिखाया गया है। पिछले साल सितम्बर में अंतरिम प्रमुख सलाहकार यूनुस ने इसे जारी किया था। फिलहाल यह किताब अभी सार्वजनिक तौर पर बिक्री के लिए उपलब्ध नहीं है।

# सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों से तलब की डिजिटल गिरफ्तारी की जानकारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को डिजिटल गिरफ्तारी घोटालों में दर्ज प्राथमिकियों का ब्योरा देने का निर्देश दिया। यह साइबर धोखाधड़ी का एक बढ़ता हुआ रूप है जहां जालसाज खुद को कानून प्रवर्तन अधिकारी बताकर पीड़ितों को पैसे देने के लिए मजबूर करते हैं।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि न्यायालय इस मामले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपने पर विचार कर सकता है बशर्ते एजेंसी के पास देश भर में ऐसे बढ़ते मामलों को संभालने के लिए पर्याप्त संसाधन हों। न्यायालय का यह निर्देश 17 अक्टूबर को स्वत: संज्ञान लेकर शुरू किए गए एक मामले की सुनवाई के दौरान आया जो नागरिकों, खासकर वरिष्ठ नागरिकों को निशाना बनाकर किए जा रहे व्यापक डिजिटल गिरफ्तारी घोटालों की खबरों के बाद शुरू किया गया था। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुनवाई के दौरान पीठ को बताया कि सीबीआई पहले से ही ऐसे कुछ मामलों की जांच कर रही है। न्यायमूर्ति बागची ने कहा कि कृपया पता करें कि क्या सीबीआई के पास सभी मामलों को संभालने के लिए संसाधन हैं। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा कि अगर उन्हें साइबर अपराध विशेषज्ञों की जरूरत है, तो वे हमें बता सकते हैं।



**सुप्रीम कोर्ट ने कहा: मामले की जांच सीबीआई को सौंपने पर कर सकता है विचार**

सॉलिसिटर जनरल ने इस मामले में स्पष्ट करते हुए कहा कि सीबीआई इन मामलों में गृह मंत्रालय के साइबर अपराध प्रभाग से सहायता ले रही है। न्यायमूर्ति बागची ने समस्या की व्यापकता के बारे में आगाह किया, समस्या मामलों की संख्या है। हमने पोंजी मामलों में ऐसा देखा है। उस समय सीबीआई पर दबाव बहुत जङादा था। क्या आप एक विशेष जांच के लिए तैयार हैं? और यही वह अतिरिक्त व्यय है जिसकी आपको आवश्यकता हो सकती है। पीठ ने एक समन्वित राष्ट्रीय समाधान प्रणाली की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि वह एक समान जांच के पक्ष में है, लेकिन उसने सभी राज्यों का पक्ष जाने बगैर तत्काल कोई आदेश पारित नहीं किया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को नोटिस जारी करते हुए कहा कि हम आज कोई निर्देश जारी नहीं कर रहे हैं। हम एक समान जांच सुनिश्चित करने के लिए राज्यों को नोटिस जारी कर रहे हैं। गौरतलब है कि यह मामला एक बुजुर्ग दंपति के पत्र से शुरू हुआ, जिन्होंने बताया था कि एक से 16 सितम्बर के बीच सीबीआई, खुफिया ब्यूरो और न्यायपालिका के अधिकारी बनकर घोटालेबाजों ने उनसे 1.5 करोड़ रुपये की ठगी की। धोखेबाजों ने फ़ोन और वीडियो कॉल का इस्तेमाल किया। उन्होंने गिरफ्तारी की धमकी देकर पीड़ितों को धन हस्तांतरित करने के लिए धमकाने के लिए उच्चतम न्यायालय के जाली आदेश भी दिखाए।

**Global HR Solutions**
Kyrgyzstan (Bishkek)
जल्द जरूरत है !
जॉब्स उपलब्धः
- वेल्डर (3G & 4G ARC)
- राज मिस्त्री
- कंस्ट्रक्शन लेबर
- सिलाई टेलर

वेतनः 700 USD प्रति माह (नेट)
टैक्स कम्पनी देगी
आवश्यक दस्तावेज़ः
- रेफरेन
- योग्यता प्रमाणपत्र
- सर्विस सर्टिफिकेट
- वेल्डर टेस्ट रिपोर्ट

सम्पर्क करें :-
+91 8630026067

## संक्षिप्त समाचार

### बहराइच में बाघ के हमले में युवक की मौत

**बहराइच।** उप्र में बहराइच जिले के कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के सुजौली रेंज में रविवार की देर शाम को बाघ के हमले से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान संजीत (20) निवासी गांव मुखिया फार्म, रमपुरवा (निशान गड़ा रेंज) के रूप में हुई है। सूत्रों के अनुसार संजीत रविवार की शाम हल्दी के खेत में काम कर रहा था, तभी अचानक झाड़ियों से निकलकर एक बाघ ने उस पर हमला कर दिया। मौके पर मौजूद लोगों के शोर मचाने के बावजूद बाघ कुछ ही मिनटों में युवक को मार कर जंगल की ओर भाग लिया। घटना की सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष सुजौली प्रकाश चंद शर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। काफी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने पर सहमति जताई।

### पूर्व डीजीपी के घर ताला तोड़कर लाखों की चोरी

**लखनऊ।** कर्नाटक के पूर्व पुलिस महानिदेशक महेंद्र कुमार श्रीवास्तव के घर का ताला तोड़कर चोरों ने नकदी और गहनों पर हाथ साफ कर दिया। घर मे किसी सदस्य के न होने से बेखौफ चोरों ने चोरी को बघी आराम से अंजाम दिया। इस दौरान चोर घर मे लगे सीसीटीवी के डीवीआर को भी साथ ले गए। मामले का खुलासा उस वक्त हुआ, जब परिवार दीपावली की छुट्टी मनाकर वापस लौटा। घटना को लेकर पूर्व डीजीपी की बहू ने अलीगंज थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। कर्नाटक के डीजीपी रहे महेंद्र कुमार श्रीवास्तव का अलीगंज सेक्टर-जी स्थित बी-1/77 मकान है। मकान में उनकी रिश्ते की बहू डा. ऋषिका राज बच्चों संग रहती हैं।

# अस्थायी कर्मचारियों के मुद्दों का समाधन हो

## पिछड़े वर्ग से जुड़े ये कर्मचारी कई सरकारी विभागों की रीढ़ : महबूबा

**श्रीनगर, वार्ता**



पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने मांग की है कि विधानसभा के चल रहे सत्र के दौरान अस्थायी कर्मचारियों के मुद्दे का स्थायी समाधान निकाला जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि समाज के पिछड़े वर्ग से जुड़े ये कर्मचारी कई सरकारी विभागों की रीढ़ हैं। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर विधानसभा का सत्र पुनः शुरू हो गया है, सबसे महत्वपूर्ण मुद्दों में से एक, जिस पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है, वह है लगभग एक लाख दिहाड़ी मजदूरों की दयनीय स्थिति। उन्होंने कहा कि ये कर्मचारी, जो प्रायः समाज के सबसे वंचित वर्गों से आते हैं, कई सरकारी विभागों की रीढ़ हैं तथा इन विभागों का कुशल संचालन सुनिश्चित करते हैं। सुश्री मुफ्ती ने कहा कि यह जरूरी है कि सत्तारूढ़ पार्टी सहित सभी विधायक इस मुद्दे का समाधान खोजने के लिए एक साथ आएं और इन श्रमिकों की नियमित नियुक्ति सुनिश्चित करें, ताकि उन्हें वह सम्मान और नौकरी की सुरक्षा मिल सके, जिसके वे वास्तव में हकदार हैं।

### बाढ़ प्रभावितों को नुकसान के आकलन के आधार पर मुआवजा: अब्दुल्ला

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा है कि बाढ़ प्रभावित परिवारों को अनुमानित क्षति के आधार पर मुआवजा दिया जाएगा। अब्दुल्ला ने सोमवार को विधानसभा में पूछे गए एक प्रश्न का उत्तर देते हुए यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि यह मुआवजा क्षेत्रीय आधार पर नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि बाढ़ प्रभावित परिवारों को क्षतिपूर्ति क्षेत्रीय आधार पर नहीं बल्कि क्षति के अनुमान के आधार पर दी जाएगी।

# उप्र में बूंदाबांदी से मौसम हुआ खुशगवार

## प्रदेश के कुछ हिस्सों में बादलों के जमावड़े के बीच हुई बूंदाबांदी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** बंगाल की खाड़ी और अरब सागर पर बने संयुक्त प्रभाव के कारण बुंदेलखंड समेत उप्र के कुछ हिस्सों में सोमवार को बादलों के जमावड़े के बीच बूंदाबांदी से मौसम खुशगवार हो गया है।

मौसम विभाग ने 29 से 31 अक्टूबर के बीच पूर्वांचल के कुछ हिस्सों में गरज चमक के साथ बारिश के आसार जताए हैं। मौसम आंचलिक केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के अनुसार पूर्व-मध्य अरब सागर पर बने अवदाब से पश्चिमी मध्य प्रदेश तक फैली एक द्रोणिका अरब सागर से नमी को निचले क्षोभमंडल में खींच रही है। पश्चिमी विक्षोभ के आगे बढ़ने के साथ, इन परिस्थितियों के कारण 27 अक्टूबर को बुंदेलखंड और उससे सटे पश्चिमी उप्र के कुछ जिलों में बारिश या हल्की बौछारें पड़ने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार दक्षिण-पूर्वी बंगाल की खाड़ी पर बना गहरा अवदाब एक भीषण चक्रवाती तूफान में तब्दील होकर 28 अक्टूबर को आंध्र प्रदेश के तट पर दस्तक देगा। इसके अवशेष धीरे-धीरे कमजोर होकर दक्षिणी और पूर्वी उप्र को प्रभावित करेंगे, जिससे 29 से 31 अक्टूबर के बीच पूर्वांचल के कुछ हिस्सों में बारिश और गरज के साथ छींटे पड़ सकते हैं। इन दोनों प्रणालियों के प्रभाव से अगले चार से पांच दिनों में राज्य के कई इलाकों में बादल छाए रहने और रुक-रुक कर बारिश होने की संभावना है। अधिकतम तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आने की संभावना है, जबकि न्यूनतम तापमान लगभग अपरिवर्तित रह सकता है या इसमें मामूली वृद्धि हो सकती है। इस बीच रविवार को मेरठ में राज्य का सबसे कम न्यूनतम तापमान 15.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, इसके बाद बरेली (15.3 डिग्री सेल्सियस), नजीबाबाद (16 डिग्री सेल्सियस), मुजफ्फरनगर (16 डिग्री सेल्सियस) और शाहजहांपुर (16.4 डिग्री सेल्सियस का स्थान रहा।



■ 29 से 31 अक्टूबर के बीच पूर्वांचल के कुछ हिस्सों में गरज चमक के साथ बारिश के आसार

## सेक्युलरिज्म के नाम पर पहचान मिटाने का दौर अब खत्म

# धर्मनिरपेक्षता का विपक्षी सिद्धांत पाखंड: योगी

**लखीमपुर खीरी।**



■ मुख्यमंत्री ने लखीमपुर खीरी के मुस्तफाबाद का नाम बदलकर कबीरधाम रखने की घोषणा की

विपक्षी दलों के धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत को पाखंड करार देते हुए उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखीमपुर खीरी के मुस्तफाबाद का नाम बदलकर कबीरधाम रखने की घोषणा की।

उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों में अयोध्या को फैजाबाद, प्रयागराज को इलाहाबाद और कबीरधाम को मुस्तफाबाद बनाया गया था। हमने इन स्थलों की पहचान वापस लौटाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि विपक्ष इसे सेक्युलरिज्म के नाम पर करता था, जबकि यह पाखंड है। योगी ने मुस्तफाबाद स्थित विश्व कल्याण आश्रम में 'स्मृति प्राकट्योत्सव मेला-2025' में भाग लिया और संतों को नमन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में प्रदेश के धार्मिक स्थलों का पुनरुद्धार और सौंदर्यीकरण का कार्य किया जा रहा है, जबकि पहले यही पैसा कब्रिस्तान की बाउंड्री बनाने में लगता था। कबीरधाम आश्रम में योगी ने राष्ट्रभक्ति, सनातन परंपरा, विरासत के सम्मान, और विकास की दिशा में सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला और कहा कि संत कबीरदास जी की वाणी आज भी समाज का मार्गदर्शन कर रही है। उन्होंने निर्गुण भक्ति की वह धारा प्रवाहित की, जो समाज की विसंगतियों को तोड़कर आत्मा और परमात्मा का संबंध सरल शब्दों में आमजन को समझाने में सफल रही। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'गुरु गोविद दोनों खड़े काके लागूं पांव' यह दोहा आज भी हमें गुरु के महत्व का स्मरण कराता है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि संतों की वाणी आज भी उतनी ही प्रासंगिक है जितनी सैकड़ों वर्ष पूर्व थी। उन्होंने कहा कि कबीरदास जी ने उस दौर में समाज की जातीय विषमताओं पर प्रहार कर कहा था, जाति पाति पूछे न कोई, हरि को भजे सो हरि का होई। यह वाणी हमारे समाज की एकता और अखंडता की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि देश की एकता को तोड़ने वाली शक्तियों से सावधान रहने की आवश्यकता है। आज भी समाज विरोधी ताकतें आस्था पर प्रहार करने और जाति के नाम पर विभाजन करने की कोशिश कर रही हैं। उन्होंने कहा कि अगर हम समय रहते अपनी कमजोरियों को नहीं पहचानेंगे तो ए बीमारियां कैंसर की तरह समाज को खोखला कर देंगी। योगी ने कहा कि राष्ट्रभक्ति ही सभी समस्याओं का समाधान है। उन्होंने कहा कि 'माता भूमि पुत्रोहम' यह भूमि केवल मिट्टी का टुकड़ा नहीं, हमारी मातृभूमि और पितृभूमि है। इस धरती की सेवा ही सच्ची उपासना है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हुए परिवर्तन की चर्चा करते हुए कहा कि 2014 से पहले देश पहचान के संकट से जूझ रहा था। भ्रष्टाचार, आतंकवाद और विभाजनकारी राजनीति चरम पर थी।

### सीएम ने कबीरधाम आश्रम में की मूर्तियों की स्थापना, रोपा रुद्राक्ष का पौधा

**लखीमपुर खीरी।** भारत-नेपाल सीमा पर स्थित लखीमपुर खीरी के मुस्तफाबाद क्षेत्र में स्थित प्रसिद्ध कबीरधाम आश्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वार्षिक परंपरा के तहत श्री क्षमादवजी तथा श्री गुरुमन साहेब की नई मूर्तियों का अनावरण किया। यह परंपरा आश्रम में हर वर्ष निभाई जाती है, जिसके अंतर्गत पूज्य संतों की मूर्तियों को नए रूप में स्थापित किया जाता है। मुख्यमंत्री ने फीता काटकर मूर्तियों का उद्घाटन किया और दोनों मूर्तियों पर माल्यार्पण कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने आश्रम परिसर में एक रुद्राक्ष का वृक्ष भी रोपित किया।

# पत्रकार की हत्या उप्र में जंगलराज का उदाहरण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ पत्रकार असुरक्षित हैं, आम जनता भय में है, योगी सरकार मूकदर्शक बनी हुई है : अजय राय

**लखनऊ।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने सोमवार को कहा कि प्रयागराज में पत्रकार की हत्या उप्र में जंगलराज का जीवंत उदाहरण है।

राय ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर करते हुए लिखा- प्रयागराज में पत्रकार की चाकू से गोदकर की गई हत्या ने यूपी की कानून व्यवस्था की सच्चाई उजागर कर दी है। यह कोई एक घटना नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश में फैले 'जंगलराज' की तस्वीर है। पत्रकार असुरक्षित हैं, आम जनता भय में है। योगी सरकार मूकदर्शक बनी हुई है। गौरतलब है कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष अशोक सिंह के चचेरे भतीजे लक्ष्मी नारायण सिंह उर्फ पप्पू की हत्या के मामले में प्राथमिक जांच के बाद पुलिस ने कारण का खुलासा किया है। पुलिस के अनुसार पप्पू के दोस्त बबलू की पत्नी विजेता अपने बेटे साहिल को नशा करने से रोक रही थी जबकि साहिल का दोस्त व मुख्य आरोपी विशाल उसे नशे के लिए ले जाना चाहता था। इस दौरान मौके पर पहुंचे मीडियाकर्मी एलएन सिंह के हस्तक्षेप से नाराज आरोपी विशाल ने हत्या की वारदात को अंजाम दिया।



सेंसेक्स 83952.17
निफ्टी 25709.00

सोना रु. 124510
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार

चांदी रु. 154900
प्रति किलो



# नए शिखर पर शेयर बाजार, सेंसेक्स 567 अंक उछला

**मुंबई, वार्ता**



अमेरिका और चीन के बीच व्यापार वार्ता में सकारात्मक प्रगति और वित्त मंत्रालय की मासिक रिपोर्ट में दूसरी तिमाही में भी भारतीय अर्थव्यवस्था के मजबूत बने रहने की खबरों के बाद घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को तेजी रही और प्रमुख सूचकांक रिकॉर्ड ऊंचाई पर बंद हुए।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 566.96 अंक (0.67 प्रतिशत) की बढ़त के साथ 84,778.84 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी.50 सूचकांक 170.90 अंक यानी 0.66 फीसदी की बढ़त में 25,966.05 अंक पर बंद हुआ। यह दोनों सूचकांकों का अब तक का उच्चतम बंद स्तर है। मझौली और छोटी कंपनियों में ज्यादा तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.05 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.82 प्रतिशत की बढ़त में रहा। वित्त मंत्रालय की आज जारी मासिक रिपोर्ट में कहा गया है कि दूसरी तिमाही में भी अर्थव्यवस्था की रफ्तार मजबूत बनी हुई है। इससे निवेशकों में उत्साह देखा गया। अमेरिका और चीन के राष्ट्रपतियों की बैठक से पहले दोनों देशों के बीच व्यापार वार्ता के फ्रेमवर्क पर समझौता हो गया है। इससे दूसरे एशियाई बाजारों में भी तेजी रही। एनएसई में जिन 3,241 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, उनमें से 1,638 के शेयर हरे निशान में और 1,507 के लाल निशान में बंद हुए जबकि अन्य 96 कंपनियों के शेयर दिन भर के उतार-चढ़ाव के बाद अंततः अपरिवर्तित रहे। सार्वजनिक बैंकों, रियलिटी, तेल एवं गैस और धातु समूहों में सबसे अधिक तेजी रही। फार्मा सेक्टर पर दबाव रहा। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 22 के शेयरों में तेजी रही। भारती एयरटेल का शेयर सबसे अधिक 2.56 प्रतिशत चढ़ा। रिलायंस इंडस्ट्रीज में 2.24 फीसदी, इटरनल में 2.19 फीसदी और भारतीय स्टेट बैंक में 2.08 फीसदी की बढ़त रही। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स का शेयर 1.64 प्रतिशत और टाटा स्टील का 1.20 प्रतिशत मजबूत हुआ। इनके अलावा एक्सिस बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, एचडीएफसी बैंक, पावरग्रिड, आईटीसी, एनटीपीसी, मारुति सुजुकी, एचसीएल टेक्नोरॉजीज, टीसीएस, टेक महिंद्रा, एशियन पेंट्स, बजाज फिनसर्व और एलएंडटी के शेयर भी 0.50 से एक प्रतिशत के बीच चढ़े। कोटक महिंद्रा बैंक में सबसे अधिक 1.74 फीसदी, बीईएल में 1.62, इंफोसिस में 1.35 फीसदी और अडानी पोर्ट्स में 0.56 फीसदी की गिरावट रही। वैश्विक स्तर पर जापान का निक्केई सूचकांक 2.46 प्रतिशत, चीन का शंघाई कंपोजिट 1.18 प्रतिशत और हांगकांग के हैंगसेंग में 1.05 प्रतिशत की तेजी रही। यूरोप में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 0.14 प्रतिशत की बढ़त में था जबकि ब्रिटेन के एफटीएसई में 0.07 प्रतिशत की गिरावट रही।

### टीसीएस ने ब्रितानी अखबार के दावों को बताया भ्रामक

**नई दिल्ली।** भारत की सबसे बड़ी सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने ब्रितानी अखबार 'द टेलीग्राफ' की उस रिपोर्ट को भ्रामक बताया है जिसमें कहा गया था कि स्थानीय ब्रिटेन की कंपनी मार्क एंड स्पेंसर (एमएंडएस) ने साइबर हमले रोकने में विफल रहने के कारण भारतीय कंपनी का अनुबंध समाप्त कर दिया है। टीसीएस ने सोमवार को शेयर बाजार को दिए गए बयान में कहा है, टेलीग्राफ द्वारा प्रकाशित खबर भ्रामक है। इसमें अनुबंध की राशि और टीसीएस के मार्क एंड स्पेंसर के लिए काम करने की निरंतरता समेत तथ्यात्मक विसंगतियां हैं। उसने कहा कि दोनों ने पहले ही स्पष्ट किया है कि एमएंडएस के साथ उसके अनुबंध के बाद एक प्रतिस्पर्द्धी प्रस्ताव अनुबंध प्रक्रिया जनवरी 2025 में शुरू की गई थी, जिसमें ब्रितानी कंपनी ने दूसरी कंपनी की सेवा लेने का फैसला किया था। यह फैसला अप्रैल में साइबर हमले से बहुत पहले कर लिया गया था।

# मजबूत मांग के साथ अर्थव्यवस्था में तेजी जारी: वित्त मंत्रालय



**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय की सोमवार को जारी एक मासिक रिपोर्ट में कहा गया है कि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधारों के कार्यान्वयन और त्योहारी सीजन के साथ ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में मांग की स्थिति मजबूत होने से देश की आर्थिक गतिविधियों में तेजी बनी हुई है। सितम्बर, 2025 के लिए इस रिपोर्ट में कहा गया है, मुद्रास्फीति नियंत्रण में है और खाद्य श्रेणियों में अपस्फीति से इसमें मदद मिली है।

वित्त वर्ष 2026 की दूसरी तिमाही में खुदरा मुद्रास्फीति घट कर 1.7 प्रतिशत तक आई है। गैर-खाद्य और गैर-ईंधन वस्तुओं की कीमतें स्थिरता के साथ सितम्बर 2025 में मुख्य मुद्रास्फीति (विनिर्मित उत्पाद के वर्ग की) अनुमानित 4.6 प्रतिशत रही। वित्त मंत्रालय ने कहा कि विनिर्माण और सेवा क्षेत्र ने आपूर्ति पक्ष में अच्छा विस्तार किया है। वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में अनुमान से ज्यादा वृद्धि और दूसरी तिमाही में लगातार वृद्धि के रुझानों को देखते हुए, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने चालू वित्त वर्ष के वृद्धि के अनुमान को सुधार किया है और इसके 6.6 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। रिपोर्ट में देश के वैश्विक व्यापार के संबंध में कहा गया है, अनिश्चितताओं से भरे वैश्विक व्यापार परिदृश्य के बीच भारत की बाह्य आर्थिक गतिविधियां वर्ष 2025-26 की पहली छमाही में मजबूत बनी हुई हैं। देश के कुल निर्यात में (वस्तुओं और सेवाओं को मिला कर) चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में सालाना आधार पर 4.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई और यह 413.3 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया।

# लखनऊ के रेलवे हॉस्पिटल में लगी आग सीसीयू में फंसे 22 मरीजों का रेस्क्यू

**लखनऊ।** लखनऊ के आलमबाग स्थित रेलवे हॉस्पिटल में सोमवार तड़के भीषण आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग लगते ही तीन मंजिला अस्पताल में धुआं भर गया, जिससे मरीजों और स्टाफ का दम घुटने लगा। हादसे के दौरान क्रिटिकल केयर यूनिट (सीसीयू) में भर्ती 22 मरीज फंस गए, जिन्हें तत्काल रेस्क्यू कर सुरक्षित निकाला गया। आग की सूचना सुबह 5:38 बजे फायर कंट्रोल रूम को दी गई।

सूचना मिलते ही दमकल की टीमें 5:48 बजे मौके पर पहुंचीं और करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। शुरुआती जांच के अनुसार आग अस्पताल के भूतल पर बने सीसीटीवी सर्वर रूम में शॉर्ट सर्किट के कारण लगी। कुछ ही मिनटों में लपटें उठीं और धुआं पूरे ग्राउंड फ्रलोर में फैल गया। इससे फर्स्ट फ्रलोर स्थित सीसीयू यूनिट धुएं से भर गई, जहां मरीज भर्ती थे। धुआं बढ़ते ही अस्पताल में चीख-पुकार और भगदड़ मच गई। फायर अलार्म बजने लगे। अस्पताल के स्टाफ और मरीजों के परिजनों ने मिलकर जैसे-तैसे सीसीयू में भर्ती मरीजों को बाहर निकाला। इस बीच सूचना पाकर दमकल की दो गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंचीं और रैंप व सीढ़ियों के रास्ते सभी मरीजों को बाहर निकाला गया। गंभीर मरीजों को स्ट्रेचर और व्हीलचेयर से सुरक्षित वार्ड में शिफ्रट किया गया तथा ऑक्सीजन सपोर्ट दिया गया। आलमबाग फायर स्टेशन प्रभारी धर्मपाल सिंह ने बताया कि ष्एक घंटे के भीतर आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। आलमबाग और हजरतगंज फायर स्टेशन से एक-एक गाड़ी मौके पर पहुंची थी। सभी मरीजों को सुरक्षित अन्य वार्डों में स्थानांतरित किया गया है। फायर अधिकारियों ने बताया कि सर्वर रूम की वायरिंग जलकर खाक हो गई है, लेकिन समय पर राहत कार्य शुरू हो जाने से किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। धुएं को बाहर निकालने के लिए स्मोक गन और एक्सट्रैक्शन फैन का उपयोग किया गया। वहीं रेलवे प्रशासन ने आग की जांच के आदेश जारी कर दिए हैं। सीएमएस डा. संगीता सागर ने बताया कि अग्निकांड में किसी की जान नहीं गई है। आग शॉर्ट सर्किट से लगी थी, जिसे बुझा दिया गया है। सभी मरीज, परिजन और अस्पताल स्टाफ सुरक्षित हैं। स्थिति अब पूरी तरह सामान्य है और सभी वार्डों में चिकित्सा सेवाएं बहाल कर दी गई हैं।

# नारायणी नदी के तट पर उतरी अंतरिक्ष की प्रयोगशाला

**कुशीनगर, वार्ता**

■ प्रक्षेपण के लिए एक प्लेटफॉर्म पर पांच रॉचिंग पैड बनाए गए थे

उप्र में कुशीनगर जिले के तमकुही के जंगलीपट्टी गांव के समीप नारायणी नदी के तट पर अंतरिक्ष की प्रयोगशाला उतरी, तो पांच मिनट के अंतराल पर 20 मिनट में चार रॉकेट प्रक्षेपित हुए।

एक किलोग्राम का कैनसेट लेकर 20 किलोग्राम के रॉकेट ने जब आसमान में 700 से 900 मीटर की दूरी तय की तो उत्तर भारत में पहली बार कुशीनगर में होने वाली इन-स्पेस मॉडल राकेट्री-कैनसेट इंडिया स्टूडेंट कंप्टीशन 2024-25 ने आविष्कार, नवाचार का नया अध्याय भी लिखा। प्रक्षेपण के लिए एक प्लेटफॉर्म पर पांच रॉचिंग पैड बनाए गए थे। प्रक्षेपण की शुरुआत सुबह सात बजे से होनी थी, लेकिन सिस्टम ठीक करने में देरी के चलते 9.30 बजे टीम नंबर 28 द्वारा पहला सफल प्रक्षेपण किया गया। इसरो और इन-स्पेस के वैज्ञानिकों द्वारा प्रशासनिक टीम की मौजूदगी में सोमवार से गुरुवार तक चार दिवसीय रॉकेट लॉन्च प्रक्षेपण कार्यक्रम के तहत पहले दिन सोमवार को सुबह 9 बजे रॉकेट लॉन्च प्रक्षेपण कार्यक्रम शुरू हुआ। सुबह 9 बजे से शुरू हुआ राकेट लॉन्च प्रक्षेपण कार्यक्रम सुबह 9 बजकर 50 मिनट तक चला। वैज्ञानिकों की टीम ने हर पांच मिनट के अंतराल पर 4 राकेट का सफल प्रक्षेपण किया। लगभग आठ सौ से एक किलोमीटर की दूरी वाले इन रॉकेट लॉन्चर के सफल प्रक्षेपण को लेकर इससे जुड़े वैज्ञानिकों की टीम एवं प्रशासनिक टीम काफी उत्साहित रही। रॉकेट लॉन्च प्रक्षेपण कार्यक्रम के तहत पहले दिन 10 टीमों द्वारा दस राकेट को लॉन्च कर उनका प्रक्षेपण किया जाना था, लेकिन 6 टीमें प्रक्षेपण के लिए तैयार नहीं हो सकी थी। जिससे इस कार्यक्रम में चार राकेट लॉन्च हो सके। सुबह 9 बजे से शुरू हुआ राकेट लॉन्च प्रक्षेपण में हर पांच मिनट के अंतराल पर 4 राकेट लॉन्च कर उनका सफल प्रक्षेपण किया गया। लगभग 50 मिनट के अंदर 800 मीटर से एक किलोमीटर की दूरी वाले इन चारों राकेट लॉन्चरों के सफल प्रक्षेपण से इससे जुड़े वैज्ञानिकों की टीम एवं प्रशासनिक टीम काफी उत्साहित रही। वही एपी तटबंध किनारे शुरू हुए इस प्रक्षेपण कार्यक्रम एवं प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर ग्रामीणों सहित युवाओं में अति उत्साह देखने को मिला। राकेट लॉन्च के सफल प्रक्षेपण कार्यक्रम को लेकर इसरो के वैज्ञानिक अभिषेक सिंह ने बताया कि इन-स्पेस मॉडल रॉकेट्री/कैनसैट इंडिया छात्र प्रतियोगिता 2024- 25 का आयोजन एस्ट्रोनॉटिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया द्वारा भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन और प्राधिकरण केंद्र (इन-स्पेस), इसरो और अन्य संघों के सहयोग से छात्र समुदाय के बीच अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी के प्रति रुझान पैदा करने के लिए किया जा रहा है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# उमेर हत्याकांड के आरोपी ने पुलिस को दिया चकमा

## कोर्ट में किया सरेंडर, पुराने मुकदमे में चल रहा था वांछित, एक बार फिर हुई पुलिस की किरकिरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** इस समय कस्बे में उमेर हत्याकांड को लेकर जगह-जगह चर्चाएं चल रही है यह मामला कस्बे से लेकर जो अधिकारियों तक के संज्ञान में है। वहीं इस प्रकरण में भाजपा नेता मोहन सैनी के चौकी में धरना देने के बाद पुलिस हरकत में आई और एक आरोपी को पकड़कर जेल भेज दिया था।

हालांकि हत्याकांड का दूसरा आरोपी शाकिर पुत्र इलियास अभी भी पुलिस की पकड़ से दूर था जिसको लेकर भाजपा नेता मोहन सैनी व उमेर के परिजनों ने पुलिस चौकी पहुंचकर जमकर हंगामा किया था और दूसरे आरोपी शाकिर को पकड़ने व उमैर के शव को बरामद करने को लेकर पुलिस को अल्टीमेटम दिया था। उन्होंने पांच दिन बाद लखनऊ मुख्यमंत्री के आवास पर भी कूच करने की चेतावनी दी थी। तभी से पुलिस शाकिर को पकड़ने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही थी उसकी रिश्तेदारी में भी दबिशे दी गई लेकिन पुलिस के हाथ कुछ नहीं लगा। बताया जाता है कि शाकिर पर सन 2019 में हथियारों की तस्करी का मुकदमा पंजीकृत हुआ था जिसमें वो उसी समय थाने से 141ए के नोटिस पर छोड़ दिया गया था, लेकिन इस मुकदमे में उसने कोर्ट से जमानत नहीं कराई थी जिस कारण वो वांछित चल रहा था। सोमवार को शाकिर पुलिस को चकमा देकर पुराने मामले में कोर्ट में पेश हो गया वहां से उसे जेल भेज दिया गया। इस तरह पुलिस उमेर हत्याकांड में पूरी तरह विफल साबित हुई है। जिस आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस की टीमें लगाई गई थी वो आसानी से सोमवार को कोर्ट में पेश होकर पुलिस को चकमा देने में कामयाब हो गया।

### परिजनों ने लगाया आरोप, उमैर हत्याकांड का पूरी तरह नहीं हुआ खुलासा

उमेर हत्याकांड में एक आरोपी ईशा को पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है उसने उमेर की हत्या कर शव गंगनहर में बहाने की बात भी स्वीकार की ओर पुलिस को घटना में प्रयुक्त तमंचा भी बरामद करा दिया। लेकिन उमैर के परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने इस पूरे प्रकरण में खेल किया है उनका आरोप है कि पुलिस ने आरोपियों को बचाने की हरसंभव मदद की थी। ओर पुलिस की लापरवाही के कारण ही आज तक उमैर का शव बरामद नहीं हो सका। उन्होंने आरोप लगाया की पुलिस ने ही आरोपियों से मिलीभगत कर उन्हें गाइड किया है। पुलिस चाहती तो शाकिर को गिरफ्तार कर पूरे घटना क्रम से पर्दा उठा सकती थी। उमैर के भाई आलमगीर ने शाकिर के कोर्ट में समर्पण करने के बाद पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगाए हैं। वहीं लोगों में इसी घटना को लेकर अलग-अलग चर्चा चल रही है। हालाकि परिजनों ने खुलकर पुलिस पर बदमाशों का साथ देने का आरोप लगाया है। इस घटना के होने का सभी को दुख है। एक आरोपी का अदालत में सरेंडर करना पुलिस की विफलता बता रही है।

# शासन करे व्यापारियों के नुकसान की भरपाई: आशु शर्मा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** पश्चिम उत्तर प्रदेश संयुक्त व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने शास्त्री नगर सेंट्रल मार्केट में हो रहे ध्वस्तीकरण के विरोध में डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पंडित आशु शर्मा ने कहा कि शास्त्री नगर सेंट्रल मार्केट के व्यापारियों के प्रतिष्ठानो पर सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर हो रहे ध्वस्तीकरण को अगर सरकार तथा मेरठ के समस्त जनप्रतिनिधि चाहते तो रोक सकते थे। परंतु कुछ सरकारी व्यापारिक संगठन तथा जनप्रति. निधियों की नाकामी का नतीजा आज सेंट्रल मार्केट का व्यापारी भुगत रहा है आवास विकास परिषद के दोषी अधिकारियों को अभी तक जेल क्यों नहीं भेजा गया पहले उनकी गिरफ्तारी होनी चाहिए थी। उन्होंने कहा कि व्यापारियों के नोट और वोट दोनों से सरकार बनी है जब उन्ही व्यापारियों को आवश्यकता पड़ी तब सरकार तथा सरकार के नुमाइंदों के द्वारा आंखें मूंद ली गई, जिससे सरकार की व्यापारी विरोधी नीति स्पष्ट होती है। ध्वस्तीकरण से पहले बसाने की व्यवस्था होनी चाहिए थी पंडित आशु ने कहा कि हमने मुख्यमंत्री से मांग की है कि शास्त्री नगर सेंट्रल मार्केट के विस्थापित व्यापारियों को आवास विकास परिषद के द्वारा व्यवसायिक भूखंड आवंटित होने चाहिए तथा उन्हें बनाने के लिए सरकार को मुआवजे की घोषणा करनी चाहिए। अगर सरकार द्वारा जल्दी सेंट्रल मार्केट के व्यापारियों के लिए कोई व्यवस्था नहीं की गई तो व्यापार मंडल आंदोलन करने को भी विवश होगा। इस दोरान मंजीत सिंह कौछड़, सुमेर सिंह धार, हाजी शरीक, मंसुर-उल-इस्लाम विजय राठी, सोरभ रस्तोगी आदि व्यापारी रहे।

# किसानों की विशाल गन्ना महापंचायत का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सोमवार को भारतीय किसान यूनियन (आजाद) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी नितिन बालियान के नेतृत्व में कमिश्नरी पार्क में विशाल गन्ना महापंचायत हुई। किसानों ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भेजकर गन्ना मूल्य 450 रुपये प्रति क्विंटल करने, पेराई सत्र से पहले मूल्य घोषित करने, मिलों को समय से चालू करने और नगद भुगतान सुनिश्चित करने की मांग की। चौधरी नितिन बालियान ने चेता. वनी दी कि यदि सरकार ने मांगें नहीं मानीं तो किसान रेल रोको आंदोलन करेंगे। महापंचायत में इंजीनियर शादाब चौधरी, मेराज राव, शालिनी मसीह समेत दर्जनों किसान मौजूद रहे।

# गांव खानपुर में निकला 13 फिट लंबा अजगर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** ग्राम खानपुर बांगर में अहमद हसन के खेत में विशाल अजगर निकलने से हड़कंप मच गया। जिसे देखने के लिए ग्रामीणों का तांता लगा रहा। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने बड़ी मशक्कत के बाद अजगर पर काबू पाया जिसे वन विभाग की टीम अपने साथ ले गई। ग्राम खानपुर बागर में दोपहर गुड्डू सैनी भैंसों का चारा लेने के लिए जंगल जा रहा था जैसे ही वह अहमद हसन के खेत पर पहुंचा तो विशाल अजगर को देखकर उसके पैरों तले जमीन खिसक गई।

उसने तुरंत अजगर की जानकारी खेत के मालिक अहमद हसन व ग्रामीणों को दी। वहीं अजगर को देखने के लिए ग्रामीणों की भीड़ लग गयी। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम बड़ी मशक्कत के बाद विशाल अजगर को पकड़कर अपने साथ ले गई। वन विभाग द्वारा अजगर का वजन लगभग 90 किलो और लंबाई लगभग 13 फुट बताई गई है।

## गैंगस्टर को किठौर पुलिस ने किया गिरफ्तार



**किठौर।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर अपराध और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। अपर पुलिस अधीक्षक व सीओ किठौर के निर्देशन व किठौर इंस्पेक्टर के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। किठौर इंस्पेक्टर प्रताप सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा गैंगस्टर एक्ट के वारंटी नीतू पुत्र सुखबीर सिंह निवासी ग्राम नंगली थाना किठौर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया अपराधी के विरुद्ध थाना किठौर पर कर अभियोग पंजीकृत हैं। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी के घर सुबह11 बजे के करीब दबिश दी और आरोपी को उसके घर से दबोच लिया जिसे बाद में न्यायालय में पेश किया।

# डीएम व एसएसपी ने किया गगोल तीर्थ का स्थलीय निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** छठ पूजा के दृष्टिगत सोमवार को जिलाधिकारी डॉ. वी. के. सिंह व एसएसपी विपिन ताडा ने गगोल तीर्थ का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने वहां साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, बैरिकेडिंग, सुरक्षा व्यवस्था, ट्रैफिक व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओ का जायजा लिया व संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस अवसर पर नगर आयुक्त सौरभ गंगवार, अपर जिलाधिकारी प्रशासन सत्य प्रकाश सिंह, ज्वाईंट मजिस्ट्रेट दीक्षा जोशी सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# सत्ता का दुरूपयोग या कुछ और?




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिला मुख्यालय के गेट पर हर-घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी के होर्डिंग लगाए गये है। हम भाजपा के प्रचार का समर्थन करते हैं। अगर हम भारतीय हैं तो हमें भारत की बनी चीजों का प्रयोग करना चाहिये। लेकिन कानून का मजाक नहीं उड़ना चाहिये। अब तक जिला मुख्यालयों व सरकारी कार्यालयों पर केवल सरकार की योजनाओं के होर्डिंग लगते देखे गये है। ऐसा पहली बार हुआ है कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और प्रदेश अध्यक्ष की तरफ से सरकारी कार्यालय वह भी जिला मुख्यालय पर होर्डिंग लगाया गया है। हालाकि हम अभियान का पूरजोर समर्थन करते हैं और यह भी अपेक्षा करते हैं कि जो माल विदेश से बनकर आता है वह भी भारत में ही तैयार हो क्योंकि हम सबसे पहले भारतीय है।

# एटीएम कार्ड से फ्रॉड करके रुपये निकालने वाले बदमाश गिरफ्तार

## आरोपियों के पास से 53 एटीएम व 28 हजार रुपये बरामद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** थाना पुलिस ने ग्रामीणों की सूचना पर बागपत रोड पर दो संदिग्ध व्यक्तियों को एटीएम कार्ड मशीन के पास से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में पुलिस ने एक बड़ा खुलासा किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी कार्ड बदलकर लोगों से एटीएम कार्ड लेकर फ्रॉड करने के बाद पैसे निकालने के बाद बड़े आराम से फरार हो जाते थे। सोमवार को जानी पुलिस ने खुलासा करते हुए बताया कि आरोपी बड़े आराम से एटीएम मशीन में जाते थे और कस्टमर को बहकाकर उनके साथ घटना करते थे मदद के जरिए उनका एटीएम कार्ड लेकर अपने पास रख लेते थे और फ्रॉड करने के बाद पैसे निकाल लेते थे यह आरोपी लगातार आसपास क्षेत्र में इस घटना को अंजाम दे रहे थे अभी कुछ दिन पहले भी बागपत में एक व्यक्ति के साथ इस तरह की घटना करने के बाद एटीएम से पैसे निकले थे इसके अलावा दौराला में भी एटीएम में कार्ड बदलकर 2950 रुपए निकाल लेने की बात सामने आई है। आरोपियों पर दौराला और बागपत के थानों में मुक. दमा पंजीकृत हुआ था। जिसकी पुलिस तलाश कर रही थी। इन्होंने जानी खुर्द के शेख नूरुल पुत्र शेख ने जानी थाना पुलिस को सूचना दी तभी पुलिस ने इनको पकड़ा आरोपी के पास से 53 एटीएम विभिन्न बैंकों के और 28 हजार रुपए नगदी बरामद हुई आरोपियों की पहचान सोनू पुत्र सतपाल जनपद हिसार हरियाणा विकास पुत्र धर्मवीर जनपद हिसार हरियाणा के रूप में हुई पुलिस ने दोनों को चालान कर जेल भेज दिया।

# अमेजन ने भारत से ई-कॉमर्स निर्यात में 20 अरब डालर का आंकड़ा किया पार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** अमेजन ने घोषणा की है कि उसने अमेजन ग्लोबल सेलिंग प्रोग्राम के जरिये 2015 से 2025 के बीच भारत से लाखों भारतीय विक्रेताओं को 20 अरब डालर से अधिक का निर्यात करने में मदद की। 2020 में अमेजन ने 2025 तक भारत से कुल 10 अरब डालर के ई-कॉमर्स निर्यात का लक्ष्य रखा था, जिसे बाद में उसी समय सीमा के भीतर बढ़ाकर 20 अरब डालर कर दिया गया। अमेजन ने समय से पहले ही इस बढ़े हुए निर्यात लक्ष्य को पूरा कर लिया। अमेजन का प्रमुख ई-कॉमर्स निर्यात कार्यक्रम, अमेजन ग्लोबल सेलिंग, 2015 में लॉन्च किया गया था। इस कार्यक्रम ने पिछले 10 साल में 2 लाख से अधिक निर्यातकों को पंजीकृत किया है।

# सरकारी जमीनों पर भूमाफियाओं का कब्जा

## मूकदर्शक बना प्रशासन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** ग्राम जलालपुर जोरा, किशोरपुर, दुपैड़ी चाव, हटुपुरा, मामीपुर तहसील मवाना, जिला मेरठ तथा रसूलपुर भंवेर एहतमली और मुकारमपुर तहसील धनोरा, जिला अमरोहा में सरकारी भूमि पर भूमाफियाओं के अवैध कब्जे का मामला गंभीर रूप लेता जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग, गंगा नदी, नवीन परती और बुढ़ी गंगा के नाम दर्ज भूमि कुल लगभग ''1444.834 हेक्टेयर'' पर भूमाफियाओं ने राजस्व विभाग की मिलीभगत से कब्जा कर रखा है।

ग्रामीणों द्वारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेजे गए ज्ञापन में कहा गया है कि भूमाफिया प्रशासनिक अधिकारियों की शह पर सरकारी भूमि पर खेती कर रहे हैं और इससे सरकार को भारी आर्थिक नुकसान हो रहा है। आवेदन में आरोप लगाया गया है कि राजस्व निरीक्षक मुकेश गौड़ 2000 प्रति बीघा के हिसाब से अवैध वसूली कर भूमाफियाओं को कब्जा बनाए रखने में मदद कर रहे हैं। इसमें दर्जनों नामित व्यक्तियों समेत लगभग 200 लोगों पर अवैध कब्जे का आरोप लगाया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि अवैध कब्जा हटवाने के लिए कई बार शिकायतें की गईं, लेकिन प्रशासन ने अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। तहसील मवाना के अधिकारियों पर भी भूमाफियाओं को संरक्षण देने का आरोप लगाया गया है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही अवैध कब्जा हटाकर भूमि वन विभाग को नहीं सौंपी गई, तो किसी भी समय बड़ा विवाद या झगड़ा हो सकता है। उन्होंने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है कि सरक. ारी भूमि से कब्जा हटवाकर उसमें बोई गई फसलों को जब्त कर राजस्व विभाग के खाते में जमा कराया जाए। इस संबंध में ग्रामीणों ने थाना हस्तिनापुर में भी शिकायत की, लेकिन पुलिस ने तहसील प्रशासन से कब्जा मुक्त भूमि के दस्तावेज मांगे हैं, जो अब तक किसानों को उपलब्ध नहीं कराए गए हैं। ग्रामीणों ने कहा कि वे न्याय की उम्मीद मुख्यमंत्री से करते हैं, ताकि मेरठ और अमरोहा की सरकारी भूमि पर से भूमाफियाओं का कब्जा समाप्त हो सके और सरकारी संपत्ति की रक्षा हो सके।

# शिव सैनिकों ने थानाध्यक्ष लालकुर्ती को किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** गत दिवस कसेरूखेड़ा में हुई हत्या का 24 घंटे में ही खुलासा कर आरोपियों को जेल भेजने पर शिवसेना उद्धव बाला साहेब ठाकरे मेरठ इकाई के पदाधिकारियों ने लालकुर्ती थानाध्यक्ष हरेन्द्र पाल सिंह को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। सम्मानित करने वालों में जिला महासचिव आकाश कन्नौजिया, जिला मीडिया प्रभारी कमल प्रजापति, महानगर मीडिया प्रभारी अशोक चतुर्वेदी, जिला संगठक अमित कन्नौजिया, महानगर संयुक्त ग्राम प्रमुख मनोज कुमार आदि शिवसेना पदाधिकारी शामिल रहे।

# हजारों लोगों की जीविका का साधन थी सेंट्रल मार्केट: अतुल प्रधान

## सपा जिलाध्यक्ष कर्मवीर गुमी ने की व्यापारियों से मुलाकात, साझा किया दर्द



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर आवास विकास परिषद द्वारा ध्वस्त की गई मेरठ की सेंट्रल मार्केट के बाद व्यापारी नाराज हैं व्यापारियों का कहना है कि जब उनके प्रतिष्ठान टूट गए हैं अवैध निर्माण के नाम पर तो फिर उन अधिकारियों के खिलाफ क्या कार्रवाई होगी जिन्होंने मेरठ के अदर अवैध निर्माण करने का ठेका ले रखा है, साथ ही साथ व्यापारियों का कहना है कि आवास विकास परिषद द्वारा जो अन्य दुकान तोड़ने की योजना तैयार है उसके खिलाफ व्यापारी एक जुट हो गए है, और सुप्रीम कोर्ट के खिलाफ धरने पर बैठ गए है। वहीं सोमवार की शाम सरधना विधायक अतुल प्रधान और सपा विधायक कर्मवीर गुमी सेंट्रल मार्केट पहुंचे जहां उन्होंने पीड़ित व धरने पर बैठे व्यापारियों से मुलाकात की और उनका दर्द साझा किया, अतुल प्रधान ने कहा कि सेंट्रल मार्केट केवल दुक. ानें नहीं थी बल्कि हजारों लोगों की जीविका का साधन था जब किसी का व्यापार खत्म होता है तो वह सिर्फ व्यापार खत्म नहीं बल्कि परिवार ही खत्म होने जैसा होता है।

अतुल प्रधान ने अनिश्चित कालीन के लिए धरने पर बैठे व्यापारियों से कहा कि वह इस लड़ाई में उनके साथ है। वहीं सपा जिलाध्यक्ष कर्मवीर गुमी ने कहा कि इस ध्वस्तीकरण ने दिल को झकझोर दिया है पीड़ितों के दर्द को हम सिर्फ महसूस कर सकते है लेकिन उन पर क्या गुजर रही यह दर्द बेहद बड़ा है।

# चोरी की मोटर साइकिल व तमंचा-कारतूस के साथ एक दबोचा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** जानी थाना पुलिस ने चैकिंग के दोरान चौरी की मोटरसाइकिल सहित एक आरोपी को दबोच लिया जहां उसके पास से एक तमंचा कारतूस बरामद हुआ आरोपी को चालान कर दिया। रविवार की देर रात को सिवाल पुल पर जानी थाने की पुलिस चैकिंग कर रही थी। तभी सामने से एक व्यक्ति मोटर साइकिल पर सवार आता दिखाई दिया तो पुलिस ने उसे रोकने का इशारा किया तो उसने एक कच्चे रास्ते की तरफ बाईक को दोड़ा दिया। तभी पुलिस ने बल प्रयोग के चलते बाइक सवार बदमाश को दबोच लिया जब उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से एक तमंचा कारतूस चोरी की मोटरसाइकिल स्पलेंडर बरामद हुई। पुलिस ने रात में ही जानी थाने में आरोपी के बारे में जानकारी की तो आरोपी ने अपना जुर्म कबूला और बताया की वह किसी लुट की वारदात करने की फिराक में था आरा. ेपी की पहचान आसिफ पुत्र यामीन निवासी सरूरपुर के रूप में हुई तभी पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर दिया जहां न्यायालय ने चालान कर जेल भेज दिया।

# जीवन का परम लक्ष्य मोक्ष है: आचार्य बलूनी

## सनातन सत्संग ज्ञान यज्ञ का तीसरा दिन नवग्रहों के नाम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** किनौनी गांव स्थित बजाज हिंदुस्तान शुगर मिल परिसर में चल रहे पांच दिवसीय सनातन सत्संग ज्ञान यज्ञ के तीसरे दिन सोमवार को वास्तु एवं संख्या ज्योतिष राष्ट्रीय विद्वान आचार्य सुशील बलूनी ने श्रद्धालुओं को नवग्रह, संख्याओं के रहस्य तथा सांख्य ज्योतिष पर गहन प्रवचन दिया।

आचार्य बलूनी ने बताया कि प्रत्येक मनुष्य का जीवन ब्रह्मांड के नौ ग्रहों से गहराई से जुड़ा हुआ है। ये ग्रह केवल आकाशीय पिंड नहीं हैं, बल्कि मानव जीवन के व्यवहार, विचार और संस्कारों पर गहरा प्रभाव डालते हैं। उन्होंने कहा कि नौ ग्रहों का सीधा संबंध नव संख्याओं से है, और प्रत्येक संख्या अपने भीतर विशेष ऊर्जा एवं स्पंदन को संजोए हुए है। नवग्रह वाटिका और नक्षत्र वाटिका हमारे जीवन और पर्यावरण के सामंजस्य का प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि वास्तव में संख्याएं केवल नौ नहीं हैं, बल्कि 11 हैं। प्रथम संख्या शून्य है, और अंतिम संख्या अनंत है। शून्य हमें अहंकार से मुक्त होकर शुद्धता की ओर ले जाता है। जबकि अनंत हमें आत्मा की असीमता और परमात्मा से एकत्व का बोध कराता है। उन्होंने कहा कि जीवन का परम लक्ष्य मोक्ष है, और मोक्ष प्राप्ति का मार्ग यही है कि मनुष्य स्वयं को शून्य में विभाजित कर अनंत से एकाकार हो जाए।

सांख्य ज्योतिष का ज्ञान घर-परिवार की महिलाओं के लिए अत्यंत आवश्यक है। गृहणियों को चाहिए कि वे सांख्य ज्योतिष को सीखें, जिससे वे अपने बच्चों, मित्रों और परिवार में आने-जाने वाले लोगों का सही आकलन कर सकें। उन्होंने कहा कि परिवार से जुड़े अनेक सूक्ष्म पहलू महिलाओं के हाथ में होते हैं और महिलाओं में षष्ठ इन्द्रिय की क्षमता अधिक होने के कारण वे इस विषय को गहराई से समझ सकती हैं। आयोजन में देहरादून से प्रख्यात लेखक डॉ. दिनेश बलूनी, अनिल शर्मा, डीसीओ ब्रजेश कुमार पटेल, किनौनी मिल इकाई प्रमुख केपी सिंह, प्रवीन कुमार, जयवीर सिंह, पंकज पवार, आनंद प्रकाश गुप्ता, डीके शुक्ला, डीके जैन, देवेंद्र भाटी, नीरज कुमार, धर्मवीर सिंह, आदेश तोमर, लोकेश राणा, राजीव चौधरी, नीरज गुप्ता, विजय बालियान, मनीष दहिया, आदर्श राठी, दुष्यंत त्यागी, संदीप खोखर आदि बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# दशमेश पब्लिक स्कूल के खिलाड़ियों ने कराटे चैंपियनशिप में जीते पदक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** रविवार को जड़ौदा मुजफ्फरनगर बाइपास रोड स्थित होली चाइल्ड पब्लिक स्कूल में प्रथम ओपन कराटे चैंपियनशिप का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में मेरठ, शामली, सहारनपुर, मुजफ्फर नगर और रामराज सहित विभिन्न जनपदों से लगभग 250 खिलाड़ियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के प्रधानाचार्य पर्वेंद्र दहिया एवं इंडियन स्पोर्ट्स फेडरेशन के जनरल सेक्रेटरी बसंत उपाध्याय ने संयुक्त रूप से किया। खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। दशमेश पब्लिक स्कूल, रामराज के दशमेश कराटे क्लासेस के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर कई पदक जीतकर क्षेत्र व विद्यालय का नाम रोशन किया। स्वर्ण पदक विजेता मीनाक्षी गोस्वामी, यशवी, अनाया, हरमन कौर, लविश कुमार, मीनाक्षी चौहान, वंश शर्मा और शुभ उपाध्याय रहे। रजत पदक विजेता निशि, तेजस्वी, रूहानी, साहिल मल्होत्रा और अगम कुमार रहे। कांस्य पदक विजेता में अक्षत नारंग ने बाजी मारी। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर होली चाइल्ड पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल एवं समाजसेवी क्रांतिकारी शालू ने विजेता टीम को प्रथम स्थान की ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। विद्यालय लौटने पर दशमेश पब्लिक स्कूल की डायरेक्टर डॉ. सिम्मी सहा. ेता और प्रधानाचार्य आमिर खान ने विजेता खिलाड़ियों एवं कोच निखिल आर्य को स्टेज पर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर मनजोत कौर, स्वाति अरोरा, अशोक कुमार, कविता रानी सहित समस्त स्कूल स्टाफ उपस्थित रहा।

# ध्वस्तीकरण कार्रवाई पर उठे सवाल, व्यापारियों ने बताया अन्यायपूर्ण कदम




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** आवास विकास विभाग की ध्वस्तीकरण कार्रवाई को लेकर शहर के व्यापारिक वर्ग में आक्रोश व्याप्त है। व्यापारियों का कहना है कि मेडा हो या आवास विकास अधिकारी और कर्मचारी किसी भी प्लॉट पर नींव खोदते ही दलबल के साथ पहुंच जाते हैं और जब तक तथाकथित 'नजराना' प्राप्त नहीं होता, एक मंजिल का नक्शा भी पास नहीं करते।

व्यापारियों का आरोप है कि शास्त्री नगर के सेंट्रल मार्केट जैसे प्रमुख क्षेत्रों में आवासीय परिसरों पर मुख्य सड़क किनारे तीन-तीन मंजिला व्यावसायिक शोरूम बन चुके हैं, लेकिन वहां कोई कार्रवाई नहीं की गई। वहीं, कुछ चुनिंदा दुकानों पर बुलडोजर चलाकर एकपक्षीय कार्रवाई की जा रही है। स्थानीय लोगों ने यह भी सवाल उठाया है कि हाल ही में सेंट्रल मार्केट क्षेत्र में एक ज्वेलरी शोरूम का भव्य उद्घाटन हुआ था, जिसमें प्रसिद्ध अभिनेत्री हेमा मालिनी आई थीं। उस समय न तो किसी अधिकारी ने आपत्ति जताई, न यह कहा कि यह क्षेत्र आवासीय कॉलोनी है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश ध्वस्तीकरण से पहले ही आ चुके थे, फिर भी नई दुकानों और शोरूमों का निर्माण खुलेआम होता रहा, जिस पर अधिकारी आंख मूंदे बैठे रहे। लोगों का कहना है कि शहर में अवैध निर्माण की भरमार के लिए भ्रष्ट अधिकारी और कर्मचारी पूरी तरह जिम्मेदार हैं। जनता की मांग है कि अगर व्यापारियों को सजा दी जा रही है तो उन अधिकारियों पर भी कार्रवाई होनी चाहिए, जिनकी मिलीभगत से ये निर्माण हुए। तभी असली न्याय संभव होगा।

"जो लोग मेरठ बंद करने की बातें कर रहे हैं, वे पहले कहां थे? यदि समय पर उचित कार्यवाही होती तो व्यापारियों को यह स्थिति नहीं झेलनी पड़ती। उन्होंने कहा कि कुछ लोग व्यापारियों के दर्द को समझने के बजाय राजनीति चमकाने में जुटे हैं। व्यापारी वर्ग भारी आर्थिक नुकसान से गुजर रहा है। अब वक्त है कि सरकार और प्रशासन राजनीति से ऊपर उठकर स्थायी समाधान निकाले, ताकि व्यापारियों को राहत और उनके व्यवसाय को पुनः गति मिल सके।



**-सुमेर सिंह धार, प्रदेश महासचिव पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त व्यापार मंडल**



"आवास विकास अधिकारी बिना 'नजराना' लिए किसी को निर्माण नहीं करने देते, जबकि शास्त्री नगर सेंट्रल मार्केट जैसे क्षेत्रों में तीन-तीन मंजिला शोरूम बन चुके हैं, वहां कोई कार्रवाई नहीं होती। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ चुनिंदा व्यापारियों पर एकतरु ध्वस्तीकरण कर अन्याय किया जा रहा है। त्यागी ने कहा कि जिन व्यापारियों की दुकानें टूटी हैं, वे पूरी तरह बर्बाद हो गए हैं। उन्होंने मांग की कि अवैध निर्माण करवाने वाले भ्रष्ट अधिकारियों पर भी कार्रवाई हो, तभी सच्चा न्याय मिलेगा।

**-कुलदीप त्यागी, अध्यक्ष भारतीय किसान आंदोलन**

## सवालों के घेरे में जैना ज्वेलर्स का उद्घाटन!


सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की अनदेखी करते हुए शास्त्री नगर सेंट्रल मार्केट में जेना ज्वेलर्स नाम से एक भव्य शोरूम का उद्घाटन किया गया था। इस शोरूम का उद्घाटन फिल्म अभिनेत्री हेमा मालिनी के हाथों भव्य समारोह में हुआ था। अब आवास विकास विभाग ने सोमवार को इस शोरूम को ध्वस्तीकरण का नोटिस जारी कर दिया है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि जब सुप्रीम कोर्ट के आदेश पहले से लागू थे, तो आखिर इस शोरूम का उद्घाटन किसकी शह पर हुआ? सवाल यह भी उठ रहा है कि अधिकारियों की मौजूदगी में नियमों को ताक पर रखकर इतना बड़ा निर्माण कैसे हो गया। फिलहाल आवास विकास विभाग ने नोटिस जारी कर कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी है।




## जैना ज्वेलर्स को आवास विकास ने भेजा ध्वस्तीकरण का नोटिस

आवास विकास परिषद ने शास्त्रीनगर योजना संख्या-7 के अंतर्गत स्थित जेना ज्वेलर्स प्रा. लि. को अनधिकृत भू-उपयोग के मामले में नोटिस जारी किया है। अधीक्षण अभियंता कार्यालय की ओर से जारी पत्रांक संख्या 2929 दिनांक 26 अक्टूबर 2025 में कहा गया है कि स्वीकृत आवासीय भूखंड संख्या 259/6 पर व्यावसायिक गतिविधि संचालित की जा रही है, जो परिषद के नियमों के विरुद्ध है। परिषद ने जेना ज्वेलर्स के स्वामी जयंती प्रसाद जीवन लाल को निर्देशित किया है कि वे 15 दिन के भीतर अनियमित व्यवसायिक प्रयोग को बंद करें, अन्यथा संपत्ति को सील या ध्वस्त करने की कार्यवाही की जाएगी। यह भी स्पष्ट किया गया है कि कार्यवाही की समस्त जिम्मेदारी स्वामी की होगी। गौरतलब है कि हाल ही में इसी शोरूम का उद्घाटन फिल्म अभिनेत्री हेमा मालिनी ने किया था, जबकि सुप्रीम कोर्ट पहले ही शास्त्रीनगर क्षेत्र में व्यावसायिक उपयोग पर रोक के आदेश दे चुका है।


उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद

नोटिस

| | | |
|---|---|---|
| मेरठ | योजना सं0-7, शास्त्रीनगर मेरठ | 259/6 |

अतः आपसे अपेक्षा की जाती है कि आप उपर्युक्त अनियमित व्यवसायिक प्रयोग को इस नोटिस के निर्गत होने के 15 दिन के अन्दर हटा ले/बन्द कर दें। यदि उपर्युक्त अवधि में आप द्वारा उक्त अनियमित व्यवसायिक प्रयोग नहीं हटाया जाता है/उपयोग बन्द नहीं किया जाता है तो उसे ध्वस्तीकरण/सील करने की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व आपका होगा।

सक्षम अधिकारी

पृ0सं0 2929 /उ0/ तद्-दिनांक

प्रतिलिपि:-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
1- उप आवास आयुक्त, मेरठ जोन, उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद, मेरठ।
2- वास्तुविद् नियोजक, वास्तुकला एवं नियोजक इकाई-पंचम, उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद, लखनऊ।
3- अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड मेरठ-01, उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद, मेरठ।
4- पत्रावली।

सक्षम अधिकारी

"हम सुप्रीम कोर्ट का सम्मान करते हैं लेकिन आवास विकास परिषद को व्यापारियों के लिए कहीं और दुकानों का इंतजाम करना चाहिए था, जनप्रतिनिधि व्यापारियों का वोट लेकर आज सकता में बैठे हैं लेकिन उनके उत्पीड़न पर खामोश रहे। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भी आवास विकास के अधिकारियों ने रुपए लेकर अवैध निर्माण को बढ़ावा दिया है जिन पर सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।"



**-पंडित आशु शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष पश्चिम उत्तर प्रदेश संयुक्त व्यापार मंडल**



"आवास विकास परिषद के अधिकारी पहले अवैध निर्माण कराने के लिए पैसे लेते हैं और बाद में उन्हीं व्यापारियों को परेशान करने के लिए ध्वस्तीकरण के नोटिस जारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि परिषद के 45 अधिकारियों के नाम सामने हैं जो अवैध निर्माण में शामिल रहे हैं। पहले उन पर कार्रवाई की जाए, उसके बाद ही व्यापारियों पर कोई कदम उठाया जाए। गुप्ता ने चेतावनी दी कि यदि व्यापारियों का उत्पीड़न जारी रहा तो संयुक्त व्यापार संघ चुप नहीं बैठेगा।"

**-नवीन गुप्ता अध्यक्ष संयुक्त व्यापार संघ, मेरठ।**

# कुंवर शेखर विजेन्द्र लगातार चौथी बार बने एसोचैम नेशनल एजुकेशन काउंसिल के चेयरमैन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शोभित विश्वविद्यालय परिवार अत्यंत हर्ष और गर्व के साथ यह महत्वपूर्ण जानकारी साझा कर रहा है कि शोभित विश्वविद्यालय के माननीय कुलाधिपति, कुंवर शेखर विजेन्द्र को लगातार चौथे वर्ष के लिए एसोचौम नेशनल एजुकेशन काउंसिल का चेयरमैन नियुक्त किया गया है।

यह पुनर्नियुक्ति निर्मल के. मिंडा, अध्यक्ष एसोचौम के नेतृत्व में हुई है, जो भारतीय शिक्षा जगत में नेतृत्व, निरंतरता और उत्कृष्टता का एक अनुपम उदाहरण है। यह उपलब्धि न केवल शोभित विश्वविद्यालय के लिए गर्व का विषय है, बल्कि यह पूरे भारतीय शिक्षा तंत्र के लिए एक प्रेरणादायक क्षण है।

कुंवर शेखर विजेन्द्र ने सदैव यह सिद्ध किया है कि शिक्षा केवल ज्ञानार्जन का माध्यम नहीं, बल्कि



राष्ट्रनिर्माण, नवाचार और मानवता के उत्थान का शक्तिशाली साधन है। उनका योगदान नई शिक्षा नीति 2020 को जमीनी स्तर पर लागू करने, शिक्षा को उद्योग से जोड़ने, तथा कौशल आधारित अधिगम प्रणाली को बढ़ावा देने में अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। उनके नेतृत्व में एसोचौम नेशनल एजुकेशन काउंसिल द्वारा अनेक उल्लेखनीय पहलें की गई हैं। इंडस्ट्री-इंटीग्रेशन और डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन को शिक्षा के मुख्य धारा में सम्मिलित करना, स्किल-ड्रिवन एजुकेशन मॉडल को प्रोत्साहित कर युवाओं को रोजगारोन्मुख बनाना, विकसित भारत@2047 के विजन को साकार करने हेतु शिक्षा को नवाचार, सामाजिक विकास और राष्ट्रीय प्रगति से जोड़ना।

यह पुनर्नियुक्ति इस बात का प्रमाण है कि भारत की शिक्षा प्रणाली एक नए युग में प्रवेश कर रही है जहां दृष्टि, मूल्य और नेतृत्व का समन्वय है। इस अवसर पर शोभित विश्वविद्यालय परिवार ने कुलाधिपति को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित कीं। उनका दूरदर्शी नेतृत्व और मार्गदर्शन हम सभी के लिए निरंतर प्रेरणास्रोत है, जो हमें शिक्षा के माध्यम से एक सशक्त, आत्मनिर्भर और विकसित भारत के निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित करता रहेगा।

# प्रबंध निदेशक ने कार्तिक गढ़ गंगा मेला क्षेत्र का किया निरीक्षण

### अधिकारियों को दिए विद्युत सुरक्षा के प्रति सतर्क रहने और नियमित निरीक्षण के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि. प्रबन्ध निदेशक ईशा दुहन (आईएएस) एवं जिलाधिकारी हापुड़ अभिषेक पाण्डेय (आईएएस) द्वारा संयुक्त रूप से सोमवार को गढ़मुक्तेश्वर जनपद हापुड़ में आयोजित गढ़ गंगा मेला-2025 का स्थलीय निरीक्षण किया और यह सुनिश्चित करने पर बल दिया कि उपभोक्ताओं को सुरक्षित एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति मिले। प्रबंध निदेशक ने मेला क्षेत्र एवं स्नान घाट का स्थलीय निरीक्षण कर विद्युत लाईन और वितरण तंत्र की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान प्रबंध निदेशक ने भागीरथ विद्युत सुरक्षा अधिकारी से बातचीत की, जिसमें उन्होंने विद्युत सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता पर तत्काल सुधार करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाये कि सभी बिजली प्रणालियां सुरक्षित और विश्वसनीय हों। प्रबंध निदेशक ने कहा सभी अधिकारी



लाईन स्टाफ अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित निरीक्षण करें और विद्युत सुरक्षा के दृष्टिगत कार्यवाही सुनिश्चित करें। प्रबंध निदेशक ने यह भी निर्देशित किया कि मेले के दौरान उपभोक्ताओं की शिकायतों का निस्तारण किया जाये तथा 24 घंटे विद्युत हैल्प लाईन नम्बर-1912 को सक्रिय रखा जाये। उन्होंने कहा विद्युत विभाग की जिम्मेदारी केवल विद्युत आपूर्ति तक सीमित नही है बल्कि उपभोक्ताओं की सुरक्षा भी विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्तिक गढ़ गंगा मेला में विद्युत सुरक्षा के मद्देनजर विद्युत आपूर्ति से जुड़ी तैयारियां समय से ही पूर्ण कर ली जाए। निरीक्षण के दौरान एन.के. मिश्र निदेशक (तकनीकी), संजीव कुमार, मुख्य अभियंता (वितरण) बुलंदशहर क्षेत्र, बुलंदशहर, स्तुति सिंह क्षेत्राधिकारी, गढ़मुक्तेश्वर, एस.के. अग्रवाल, अधीक्षण अभियंता, विद्युत वितरण मण्डल, हापुड़, सूर्योदय कुमार वर्मा, अधिशासी अभियंता, विद्युत वितरण खण्ड, गढ़ आदि अधिकारी मौजूद रहे।

# डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर मां छठ मइया से की मंगलकामना

**मोदीपुरम।** पानी की टंकी फेज-2 पर छठ पूजा समिति पल्लवपुरम के तत्वावधान में 29वां छठ महोत्सव आस्था, श्रद्धा और उल्लास के वातावरण में मनाया गया। रविवार को छठ पर्व के तीसरे दिन सैकड़ों की संख्या में व्रती महिलाएं और श्रद्धालु घाट पर पहुंचे और परंपरागत रीति से डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। 'छठ मइया के जयकारे' से पूरा माहौल भक्तिमय हो उठा। समिति के अध्यक्ष भोगेंद्र झा ने कहा कि छठ पूजा भारतीय संस्कृति का श्रेष्ठ पर्व है, जो जीवन में प्रकाश, धैर्य और पुनर्जन्म का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि डूबते सूर्य को अर्घ्य देने की परंपरा यह विश्वास दिलाती है कि हर अस्त होता सूर्य नई ऊर्जा और आशा लेकर फिर उदय होता है। यह पर्व मानव जीवन में सकारात्मक सोच और विश्वास का प्रतीक है। इस अवसर पर स्थानीय पार्षद विक्रांत ढाका ने श्रद्धालुओं को हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि नगर निगम द्वारा घाट की सफाई, प्रकाश व्यवस्था और अन्य सुविधाओं की पूर्ण तैयारी कराई गई है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। भक्ति गीतों और पारंपरिक आरती से माहौल भावनात्मक हो उठा। व्रती महिलाओं ने टोकरी में ठेकुआ, नारियल, केले, शकरकंद और मौसमी फलों के साथ सूर्य देव को अर्घ्य अर्पित किया और अपने परिवार के सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर पंडित प्रेमचंद्र झा, शिवचंद्र झा, लल्लन झा, अशोक मिश्रा, संजय सिंह, रामानंद यादव, कुलदीप यादव, मदन झा, अभिषेक झा, विकास राजीव, नरेश कुमार, सुरेश कुमार, पुनीता झा, कल्याणी झा, हीरा मिश्रा, सरोज सिंह, सविता देवी हिंदुजा, कल्पना, पीहू, अंशिका, पलक, श्वेता, पारुल, नैतिक सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।

# जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में केपी इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने जीता स्वर्ण पदक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** केपी इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर स्कूल व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष में आयोजित जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता 2025 में केपी इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने कराटे में प्रदर्शन करते हुए नाम क्षेत्र में स्कूल का नाम रोशन किया प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों ने विभिन्न आयु वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया मुंढाल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शरण पदक प्राप्त किया वहीं आयु मुंदल को कांस्य पदक दिव्यांशी वर्मा विकास वर्मा ने रजत पदक प्राप्त किया आराध्याय नैनीवाल ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। स्कूल के चौयरमेन दीपक भाटी डायरेक्टर शशांक भाटी प्रधानाचार्य बबीता राणा उपप्रधानाचार्य शशि चौधरी ने सभी बच्चों को सफलता पर बधाई देते हुए कहा कि ऐसे बच्चे स्कूल का गौरव है उन्होंने आगे भी इस तरह के भाग लेने के लिए प्रेरित किया उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए तैयार करने में कोच अनुज की अहम भूमिका सराहनीय रही बच्चों के शिक्षकों प्रदीप विवेक आशा मोनिका ने भी बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।




## श्री श्याम जन्मोत्सव पर निशान ध्वज नगर परिक्रमा यात्रा निकाली



**धामपुर।** श्री श्याम मित्र मंडल की ओर से आयोजित दो दिवसीय छठे विशाल श्री श्याम जन्मोत्सव के पहले दिन नगर में भव्य निशान ध्वज नगर परिक्रमा यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में श्रद्धा और उत्साह का अनूठा संगम देखने को मिला। 151 निशान ध्वजधारी श्रद्धालु महिलाओं और पुरुषों ने यात्रा में भाग लिया। प्रभु भक्ति से सराबोर यह यात्रा नगर के श्री राधा कृष्ण मंदिर से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गों से होती हुई शुभम मंडप पहुंचकर संपन्न हुई। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व पालिका अध्यक्ष राजू गुप्ता, योगेश कुमार रस्तोगी, डॉ. अंकुर वर्मा, गौ रक्षक संयम कुमार जैन और बजरंग दल के जिला सुरक्षा प्रमुख सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## भारत विकास परिषद से जिज्ञासा चौधरी व अभय वर्मा को मिला सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीपुरम।** आर. एन. इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के लिए सोमवार का दिन गर्व का क्षण लेकर आया। जब विद्यालय के विद्यार्थियों और शिक्षिका को भारत विकास परिषद के समारोह में सम्मानित किया गया। पुलिस मॉडर्न पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय की कक्षा आठ की छात्रा जिज्ञासा और कक्षा ग्यारह के छात्र अभय वर्मा को छात्र वंदन सम्मान से नवाजा गया। वहीं विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका प्रीति राठी को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान और समर्पण के लिए गुरु वंदन सम्मान प्रदान किया गया। विद्यालय के निदेशक राजेश मित्तल ने सम्मानित विद्यार्थियों और शिक्षिका को बधाई देते हुए कहा कि हमारे विद्यालय के विद्यार्थी और शिक्षक दोनों ही निरंतर उत्कृष्टता की दिशा में अग्रसर हैं। ऐसे सम्मानों से विद्यालय परिवार का मनोबल बढ़ता है और दूसरों को भी प्रेरणा मिलती है। प्रधानाचार्या ने कहा कि यह सम्मान विद्यालय की शिक्षा गुणवत्ता और संस्कारों का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों और शिक्षकों की मेहनत ने विद्यालय का नाम रोशन किया है।

HDFC BANK

**एचडीएफसी बैंक लिमिटेड**

शाखा : द कैपिटल कोर्ट, मुनिरका, ओलोफ पाल्मे मार्ग, आउटर रिंग रोड, नई दिल्ली-67
फोन : 011-41596568, कॉर्पोरेट पहचान संख्या : एल65920एमएच1994पीएलसी080618, वेबसाइट : www.hdfcbank.com

**कब्जा सूचना**

चूंकि, **एचडीएफसी बैंक लिमिटेड** (इससे पूर्व एचडीएफसी लिमिटेड जिसका माननीय एनसीएलटी-मुंबई के 17 मार्च 2023 दिनांकित आदेश से अनुमोदित समामेलन की एक योजना के तहत एचडीएफसी बैंक लिमिटेड में विलय हो गया है) **(एचडीएफसी)** के प्राधिकृत अधिकारी ने वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुर्ननिर्माण और प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन के अधीन प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए अधिनियम की धारा 13(2) के अधीन निम्नलिखित कर्जदारों/कानूनी उत्तराधिकारियों/कानूनी प्रतिनिधियों/बंधककर्ताओं को एक मांग सूचना जारी की जिसमें उनके नामों के सम्मुख दर्शाई गई राशि और कथित सूचना में दर्शाये गए विवरण के अनुसार लागू दर पर ब्याज तथा भुगतान की तिथि और/या वसूली तक प्रासंगिक व्यय, लागत एवं प्रभार आदि के साथ राशि को कथित मांग सूचना की तिथि से 60 दिनों के भीतर भुगतान करने के लिए कहा गया।

| क्र. सं. | कर्जदारों/ कानूनी उत्तराधिकारियों/ कानूनी प्रतिनिधियों का नाम | बकाया राशि | मांग सूचना की तिथि | कब्जा करने की तिथि | अचल सम्पत्ति/प्रतिभूत परिसम्पत्ति का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री परवेश कुमार शर्मा | 30 जून 2025* को बकाया रु 5,89,939/- (पांच लाख नवासी हजार नौ सौ उनतालीस रुपये मात्र) | 08-जुलाई-2025 | 24-अक्टूबर-2025 (प्रतिकात्मक कब्जा) | फ्लैट नंबर एएच-27-एस, दूसरी मंजिल, पॉकेट-सी, लोहिया नगर, मेरठ के साथ निचली भूमि का अविभाजित आनुपातिक हिस्सा शामिल है। |
| 2. | श्री विजय कुमार और रुबी देवी | 31 मार्च 2025* को बकाया रु 29,45,217/- (उनतीस लाख पैंतालीस हजार दो सौ सत्रह रुपये मात्र) | 26-अप्रैल-2025 | 24-अक्टूबर-2025 (प्रतिकात्मक कब्जा) | आवासीय प्लॉट नंबर सी-143, पॉकेट-सी, डॉ. राम मनोहर लोहिया नगर, मेरठ, उत्तर प्रदेश के साथ निचली भूमि का अविभाजित आनुपातिक हिस्सा शामिल है। |
| 3. | श्री इमरान मोहम्मद और श्रीमती गुलिस्ता | 30 जून 2025* को बकाया रु 6,99,868/- (छह लाख निन्यानवे हजार आठ सौ अड़सठ रुपये मात्र) | 08-जुलाई-2025 | 24-अक्टूबर-2025 (प्रतिकात्मक कब्जा) | हाउस फ्लैट ए-157, दूसरी मंजिल, कॉलोनी लोहिया नगर, पॉकेट-सी, मेरठ, उत्तर प्रदेश में स्थित के साथ निचली भूमि का अविभाजित आनुपातिक हिस्सा शामिल है। |

*भुगतान और/या वसूली की तिथि तक उपार्जित जैसा भी लागू अनुसार आगे ब्याज, प्रासंगिक व्यय, लागतें, प्रभार आदि के साथ।

तथापि, उपरोक्त वर्णित कर्जदार बकाया राशि का भुगतान करने में असफल रहे हैं, इसलिए विशेषतः उपरोक्त वर्णित कर्जदारों और आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि एचडीएफसी के प्राधिकृत अधिकारियों ने अधिनियम की धारा 13(4) के पठित कथित अधिनियम के नियम 8 के अधीन प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए उपरोक्त दर्शाई गई तिथि से **क्रम सं0 1 से 3 की अचल सम्पत्तियों/प्रतिभूत परिसम्पत्तियों पर प्रतिकात्मक कब्जा** ले लिया है।

विशेषकर यहाँ उपरोक्त वर्णित कर्जदारों और आम जनता को एतद्द्वारा सावधान किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्तियों/प्रतिभूत परिसम्पत्तियों के साथ लेनदेन न करें और कथित अचल सम्पत्तियों/प्रतिभूत परिसम्पत्तियों पर कोई भी लेनदेन एचडीएफसी के बंधक के अधीन होगा।

अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों के अनुसरण में, उपरोक्त वर्णित कर्जदारों को प्रतिभूत परिसम्पत्तियों के विमोचन के लिए उपलब्ध समय के संबंध में आकृष्ट/आमंत्रित किया जाता है/जाते हैं।

लिखित जारी पंचनामा और बनाई गई मालसूची की प्रतियाँ अधोहस्ताक्षरी के पास उपलब्ध हैं, और कथित कर्जदारों/कानूनी उत्तराधिकारियों/कानूनी प्रतिनिधियों से अनुरोध है कि वे किसी भी सामान्य कार्य दिवस पर कार्यालय अवधि के दौरान अधोहस्ताक्षरी से संबंधित प्रतियाँ प्राप्त कर लें।

**स्थानः** मेरठ
**दिनांकः** 27-अक्टूबर-2025

**कृते एचडीएफसी बैंक लिमिटेड**
ह0/-
प्राधिकृत अधिकारी

पंजीकृत कार्यालयः एचडीएफसी बैंक हाउस, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल (पश्चिम), मुंबई - 400013

# खट्टा प्रहलादपुर के ग्रामीणों ने दिया कलेक्ट्रेट पर धरना

## 200 साल पुराना भूमिया देव स्थान को कब्जा मुक्त न करने पर दी धरने पर बैठे 35 परिवार ने धर्म परिवर्तन की चेतावनी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** खट्टा प्रहलादपुर गांव के ग्रामीणों ने गांव में भूमिया देव स्थान पर कब्जे को लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचकर धरना प्रदर्शन किया। उन्होने डीएम से शिकायत करते हुए निष्पक्ष जांच किए जाने की मांग की है। कलेक्ट्रेट में धरना दे रहे ग्रमीणों ने चेतावनी दी कि अगर जल्द कब्जा नहीं हटाया जाता है तो गांव के 35 परिवार धर्म परिवर्तन कर लेंगे। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से भूमिया देव स्थान पर से कब्जा हटाये जाने की मांग की है।

सोमवार को गांव खट्टा प्रहलादपुर में स्थित 200 साल पुराना भूमिया देव स्थान पर कथित कब्जे को लेकर ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट पहुंकर धरना प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि गांव के ही एक परिवार ने प्रशासनिक दबाव बनाकर देव स्थान पर चारदीवारी करवा ली है, जबकि यह स्थान पूरे गांव की आस्था से जुड़ा हुआ है। धरना दे रहे ग्रामीणों का कहना है कि इस मामले में संबंधित अधिकारियों ने कई बार शिकायत कर चुके है, लेकिन आज तक भी अधिकारियों ने कोई कार्रवाई नहीं की है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही प्रशासन ने भूमिया देव स्थान से कब्जा नहीं हटवाया तो गांव के 35 परिवार सामूहिक रूप से धर्म परिवर्तन कर लेंगे। धरने देने वालो में सतेन्द्र, मनोज, पूनम, गुडिया, शशि, ब्रजलता, गौरव भूपसिंह तेजपाल, चिराग रामपाल संजीव, योगेश आदि मौजूद रहे।

## हाइवे 334 बी का कार्य शीघ्र किया जाए पूर्णःसांसद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** सांसद ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण से संबंधित समस्याओं की गहन समीक्षा की। उन्होंने बावली गांव में हाइवे जलभराव, ब्लैक स्पॉट, खराब स्ट्रीट लाइट्स और गढ्ढों पर नाराजगी जताई। अधिकारियों ने बताया कि सिसाना में जलभराव की समस्या के समाधान हेतु 12 करोड़ रुपये का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। सांसद ने निर्देश दिया कि हाइवे 334 बी का कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाए और सड़क सुरक्षा सुनिश्चित हो। उन्होंने यह भी कहा कि गन्ना किसानों के हित में गन्ना मार्गो का निर्माण प्राथमिकता से हो तथा गन्ना भुगतान में देरी करने वाली मिलों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

जिलाधिकारी ने बताया कि सुगम्य भारत अभियान के तहत एक नई पहल की गई है जिसमें नोएडा से विशेषज्ञों की टीम प्रत्येक माह एक दिन जनपद में आकर दिव्यांग एवं मानसिक रूप से पीड़ित बच्चों की जांच और प्रमाण पत्र निर्माण का कार्य करती है। सांसद ने इसे जनसंवेदनशील शासन की पहल बताते हुए सराहा। सांसद डा. सांग. वान ने कहा कि विकास कार्यों में जो अधिकारी लापरवाही बरतते हैं और जिनकी वजह से योजनाओं की रैंकिंग खराब होती है, उनसे जवाब तलब किया जाएगा।

बैठक के समापन पर सांसद ने कहा कि जनकल्याण योजनाओं का उद्देश्य केवल आंकड़े नहीं, बल्कि जनता के जीवन में वास्तविक बदलाव लाना है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि हर योजना को संवेदना और समर्पण के साथ लागू करें, ताकि विकास केवल कागजों पर नहीं, जनजीवन में दिखे।

# रंछाड़ में रालोद का सदस्यता अभियान, ग्रामीणों में दिखा उत्साह



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिनौली।** ग्राम रंछाड़ में राष्ट्रीय लोकदल का सदस्यता अभियान कार्यक्रम उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम में विधायक वीरपाल राठी, राष्ट्रीय सचिव डा. कुलदीप उज्ज्वल, विधानसभा सदस्यता अभियान प्रभारी डा. अनिल आर्य, महिला जिला अध्यक्ष प्रज्ञा बालियान तथा विधानसभा चुनाव प्रभारी मास्टर आनंद छिल्लर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मास्टर पवन ने की तथा संचालन मास्टर ओमवीर प्रधानाचार्य ने किया। इस अवसर पर विधायक वीरपाल राठी ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल किसानों, मजदूरों और युवाओं की सच्ची आवाज है। पार्टी हर वर्ग के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। राष्ट्रीय सचिव डा. कुलदीप उज्ज्वल ने कहा कि जनता चौ.जयंत चौधरी के नेतृत्व में नई उम्मीद देख रही है, और रालोद लगातार मजबूत हो रहा है। विधानसभा सदस्यता अभियान प्रभारी डा. अनिल आर्य ने कहा कि हर गांव में संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त करने के लिए अभियान तेज गति से चल रहा है।

# एक महीने से टूटा पड़ा नाले का ढक्कन, लोगों में हादसा होने का डर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर के कैनाल मार्ग पर नहर की पटरी ट्रांसफार्मर के सामने एक महीने से नाले का ढक्कन टूटा पड़ा है जिस पर अभी भी नगर पालिका परिषद की तरफ से कोई संज्ञान नहीं दिया गया। मोहल्ले के लोगों में इससे आक्रोश पनप रहा है। अनेकों बार गाड़ियां बाइक स्कूटर इसमें गिर चुके हैं। मगर इस समस्या का अभी तक कोई समाधान नहीं किया गया। पटरी पर वाहन चलाने की जगह नहीं है। जाम से पूरी पटरी ग्रस्त है, लेकिन नगर पालिका परिषद में बैठे अधिकारियों को कोई इसकी परवाह नहीं है। मोहल्ले के लोगों ने आक्रोश जताते हुए नहर की पटरी पर टूटे पड़े ढक्कन को ठीक करने की मांग नगर पालिका परिषद से की है। मोहल्ले के लोगों ने इस समस्या को लेकर नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी को भी अवगत कराया। जल्दी समस्या का समाधान किए जाने की मांग की गई। इस मौके पर मोहल्ले के सुरेश जैन मुकुल जैन रमेश कुमार मोहित कुमार संदीप कुमार राकेश चौधरी अरविंद कुमार ने कहा कि जल्दी समस्या का समाधान नहीं किया गया तो नगर पालिका के खिलाफ प्रदर्शन किया जाएगा।

# डीएम व एसपी ने छठ पूजा की तैयारियों को लिया जायजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** सोमवार को लोकआस्था के महापर्व छठ पूजा की तैयारियों को लेकर प्रशासन पूरी तरह सक्रिय रहा। जिलाधिकारी अस्मिता लाल और पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय ने यमुना नदी के किनारे बने कच्चा घाट का निरीक्षण किया। दोनों अधिकारियों ने व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और कहा कि छठ पूजा के दौरान किसी भी श्रद्धालु को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, गोताखोरों की तैनाती, भीड़ प्रबंधन और अस्थायी शौचालयों की व्यवस्था समेत अन्य बिंदुओं पर विस्तार से निरीक्षण किया। उन्होंने नगर निकाय, स्वास्थ्य, सिंचाई, विद्युत और पुलिस विभाग के अधिकारियों को समन्वय से कार्य करने के निर्देश दिए। वहीं पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोपरि है। छठ पूजा के दौरान संवेदनशील घाटों पर अतिरिक्त पुलिस बल, महिला पुलिस कर्मी पर्याप्त संख्या में तैनाती के निर्देश दिए। यातायात व्यवस्था सुचारु हेतु निर्देश दिए ताकि आने-जाने वाले श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो।

डीएम ने कहा कि सभी विभाग सतर्कता और समन्वय के साथ कार्य करें। चिकित्सा विभाग को घाटों पर एम्बुलेंस और प्राथमिक उपचार की व्यवस्था रखने के निर्देश दिए। इसके अलावा, बिजली विभाग को निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने और अग्निशमन विभाग को सतर्क रहने के लिए निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि यह पर्व जनभावना और संस्कृति से जुड़ा है इसलिए सभी का दायित्व है कि श्रद्धालु निर्भय और सुरक्षित माहौल में पूजा-अर्चना कर सकें। इस अवसर पर ईओ बागपत केके भड़ाना सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।





# सांसद की अध्यक्षता में अयोजित हुई जिला विकास समन्वय व निगरानी समिति की बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** सोवार को सांसद डा. राजकुमार सांगवान की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा की बैठक संपन्न हुई। बैठक में छपरौली विधायक बागपत विधायक तथा एमएलसी शामली, जिलाधिकारी सहित जनपद स्तरीय अधिकारी और समिति सदस्य उपस्थित रहे।

बैठक का उद्देश्य केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन, उनकी प्रगति, प्रभावशीलता और चुनौतियों की गहन समीक्षा करना था। सांसद डा. सांगवान ने कहा कि शासन की प्रत्येक योजना का अंतिम लक्ष्य जनहित और जनता तक लाभ पहुंच. ाना है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता और गति दोनों सुनिश्चित की जाएं, अन्यथा संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब किया जाएगा। बैठक में सांसद ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, आवास योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, आयुष्मान भारत, स्वच्छ भारत मिशन, जल जीवन मिशन सहित कई प्रमुख योजनाओं की विभागवार समीक्षा की। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत जनपद में कुल 63 मार्ग चिन्हित किए गए हैं, जिनमें से 18 मार्गों को स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में 19 आवासों का निर्माण पूर्ण किया जा चुका है, जबकि 583 परिवारों का सर्वेक्षण संपन्न हुआ है। मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना में 120 ग्राम पंचायतों का चयन किया गया है, जिनसे अब तक 8400 मृदा नमूने एकत्रित किए जा चुके हैं।

वहीं आयुष्मान भारत योजना में जनपद बागपत को प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है, जिसे सांसद ने सराहनीय उपलब्धि बताया।

इस अवसर पर अपर जिला. धिकारी वित्त राजस्व पंकज वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी नीरज कुमार श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण सिंह चौहान, सीएमओ डा.तीरथ लाल, ब्लॉक प्रमुख पिलाना,जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय वंदना चौक पर स्थित शहीद स्मारक पर मनाया शहीद स्मारक दिवस







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** सोमवार को राष्ट्रीय वंदना चौक पर स्थित शहीद स्मारक पर अधिकारियों ने शहीद स्मारक दिवस मनाया। इस मौके पर पुलिस बैंड का वादन कराया गया। स्मारक दिवस के अवसर पर शहीदों को पुष्प अर्पित किए गए।

इस दौरान सीओ विजय चौधरी, वैश्य अंशु जैन, टीआई सतेन्द्र सिंह व्यापार मंडल के पदाधिकारी और विभिन्न शिक्षण संस्थानों के प्रति. निधि आदि मौजूद रहे। देशभक्ति गीत चलाए गए, भारत माता की जय, वंदे मातरम और जय हिंद के नारे लगाए। इस अवसर पर शहीदों के बलिदान को याद किया और उनके त्याग व साहस की सराहना की। उन्होंने युवाओं से शहीदों के आदर्शों का पालन करते हुए देश सेवा के लिए प्रेरित होने का आहवान किया।






# कार्यालय सचिव ग्राम पंचायत कोताना वि.ख. बड़ौत ( बागपत )

**पत्रांक: मीमों/ग्रा.पं /15वॉ वित्त/रा.वित्त/के.वित्त**/2025-26 **दिनांक**-25.10.2025

## अल्पकालीन निविदा/कुटेशन सूचना

ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्ययोजना के अर्न्तगत राज्य वित्त / केंद्रीय वित्त आयोग/एसबीएम तथा अन्य मद की धनराशि से निम्नलिखित कार्यो को कराने हेतु इच्छुक पंजीकृत ठेकेदारों से सीलबंद निविदायें/कुटेशन दिनांक- 07.11.2025 समय 01.00 बजें अपराह्न तक ग्राम पंचायत कार्यालय में रखे टेण्डर बॉक्स में निम्नलिखित शर्तो सहित आमंत्रित की जाती है। निविदायें/कुटेशन दिनांक- 07.11.2025 को समय 3.00 बजें अपराह्न ठेकेदारों के समक्ष खोली जायेंगी। निविदा/कुटेशन प्रपत्र ग्राम पंचायत के कार्यालय से निविदा/कुटेशन मूल्य देकर प्राप्त की जा सकती है। धरोहर राशि 10 प्रतिशत में से 02 प्रतिशत धनराशि निविदा/कुटेशन के साथ शेष धनराशि 08 प्रतिशत का कार्य आदेश पर एन.एस.सी./एफ.डी. के रूप में प्राप्त की जायेगी जो सचिव, ग्राम पंचायत के नाम बंधक होगी। अपेक्षित जानकारी किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। कार्यो का विवरण निम्न प्रकार है-

| क्र. स. | योजना का नाम | स्वीकृत कार्य का नाम व स्थल | अनुमानित लागत ( लाखरू. में ) | निविदा मूल्य+स्टेशनरी | धरोहर राशि 2% | कार्य की लम्बाई ( मी. ) | कार्य की अवधी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पं.रा.वित्त / 15 वॉ वित्त | विनोद सुनार के घर से फीजु तेली के घर तक सीसी रोड़ निर्माण कार्य। | 7.44 | 225+500 | 2 प्रतिशत | 430 मी2 | 3 माह |
| 2 | पं.रा.वित्त / 15 वॉ वित्त | शिव मंदिर से धनराज के घर तक सीसी रोड़ निर्माण कार्य। | 7.42 | 225+500 | 2 प्रतिशत | 420 मी2 | 3 माह |
| 3 | पं.रा.वित्त / 15 वॉ वित्त | ग्राम पंचायत कोताना में मजरे खेडी प्रधान में तालाब से यमुना की तरफ पाईप लाईन व पम्प हाएस निर्माण कार्य। | 7.40 | 225+500 | 2 प्रतिशत | 410 मी2 | 3 माह |
| 4 | पं.रा.वित्त / 15 वॉ वित्त | बिट्ट पुत्र विसम्बर के घर से अजय के घर तक सीसी रोड़ निर्माण कार्य। | 7.40 | 225+500 | 2 प्रतिशत | 410 मी2 | 3 माह |
| 5 | पं.रा.वित्त / 15 वॉ वित्त | नौशाद के प्लाट से कुरेशी वाले नाले तक सीसी रोड़ निर्माण कार्य। | .55 | 225+500 | 2 प्रतिशत | 40 मी2 | 3 माह |
| 6 | पं.रा.वित्त / 15 वॉ वित्त | ग्राम पंचाय में विभिन्न स्थानों पर सफाई कार्य। | 4.90 | 225+500 | 2 प्रतिशत | 1 | 3 माह |
| 7 | पं.रा.वित्त / 15 वॉ वित्त | छोट्टन जाट के घर से वालेश्वर पुर्व प्रधान के घर तक नाला सफाई कार्य। | 2.10 | 225+500 | 2 प्रतिशत | 1 | 3 माह |
| 8 | पं.रा.वित्त / 15 वॉ वित्त | कब्रिस्तान में हाई मास्क लाईट अधिष्टापन कार्य। | .90 | 225+500 | 2 प्रतिशत | 1 | 3 माह |
| 9 | पं.रा.वित्त / 15 वॉ वित्त | पठानो वाले महोल्ले में हाई मास्क लाईट अधिष्टापन कार्य। | .90 | 225+500 | 2 प्रतिशत | 1 | 3 माह |
| 10 | पं.रा.वित्त / 15 वॉ वित्त | ग्राम पंचायत में विभिन्न जगह पर चैनल निर्माण कार्य। | 4.90 | 225+500 | 2 प्रतिशत | 1 | 3 माह |
| 11 | पं.रा.वित्त / 15 वॉ वित्त | सलीम पुत्र कालू के घर से यामीन उर्फ बोहटो के घर तक तक सीसी रोड़ निर्माण कार्य। | 1.90 | 225+500 | 2 प्रतिशत | 1 | 3 माह |
| 12 | पं.रा.वित्त / 15 वॉ वित्त | सोनू पुत्र बाबू बिहारी के घर के पास हैण्डपम्प रिबोर कार्य। | .70 | 225+500 | 2 प्रतिशत | 1 | 3 माह |
| 13 | पं.रा.वित्त / 15 वॉ वित्त | पठानो वाले कब्रिस्तान में हैण्डपम्प रिबोर कार्य। | .70 | 225+500 | 2 प्रतिशत | 1 | 3 माह |
| 14 | पं.रा.वित्त / 15 वॉ वित्त | सालेन्द्र शर्मा ( खेडी प्रधान ) के घर के पास हैण्डपम्प रिबोर कार्य। | .70 | 225+500 | 2 प्रतिशत | 1 | 3 माह |
| 15 | पं.रा.वित्त / 15 वॉ वित्त | शहजाद पुत्र बारू के घर के पास हैण्डपम्प रिबोर कार्य। | .70 | 225+500 | 2 प्रतिशत | 1 | 3 माह |
| 16 | पं.रा.वित्त / 15 वॉ वित्त | अनुज रवा के घर के पास हैण्डपम्प रिबोर कार्य। | .70 | 225+500 | 2 प्रतिशत | 1 | 3 माह |
| 17 | पं.रा.वित्त / 15 वॉ वित्त | रविन्द्र राणा कश्यप के घर के पास हैण्डपम्प रिबोर कार्य। | .70 | 225+500 | 2 प्रतिशत | 1 | 3 माह |
| 18 | पं.रा.वित्त/ 15 वॉ वित्त | डुडा कश्यप के घर के पास हैण्डपम्प रिबोर कार्य। | .70 | 225+500 | 2 प्रतिशत | 1 | 3 माह |
| 19 | पं.रा.वित्त / 15 वॉ वित्त | अकरम पुत्र रसीद के घर के पास हैण्डपम्प रिबोर कार्य। | .70 | 225+500 | 2 प्रतिशत | 1 | 3 माह |
| 20 | पं.रा.वित्त / 15 वॉ वित्त | त्यागी वाली चौपाल में हैण्डपम्प रिबोर कार्य। | .70 | 225+500 | 2 प्रतिशत | 1 | 3 माह |
| 21 | पं.रा.वित्त / 15 वॉ वित्त | शारूख पुत्र असगर के घर के पास हैण्डपम्प रिबोर कार्य। | .70 | 225+500 | 2 प्रतिशत | 1 | 3 माह |

**नोट- अनुबन्ध आदि की कार्यवाही कार्यो की तकनीकी, वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति के प्राप्त होने के उपरान्त ही सम्पादित की जायेगी। प्राक्कलन की धनराशि घटाई/बढ़ाई जा सकती है। किसी कारणवश उक्त स्वीकृति प्राप्त न होने की दशा में यह निविदा/कुटेशन स्वत: निरस्त समझी जायेगी।**

1. बिना कोई कारण बताये निविदा/कुटेशन निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।
2. कोई भी सशर्त निविंदा/कुटेशन स्वीकार नही की जायेगी। समस्त कार्य निर्धारित अवधि **तीन माह** में पूर्ण करने होगें।
3. निविदायें/कुटेशन दरें स्पष्ट भरी जायें, कटिंग/ओवर राईटिंग मान्य नही होंगी।
4. प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा/कुटेशन देनी अनिवार्य है।
5. प्राप्त निविदाओं की समीक्षा उपरान्त सबसे कम दरों वाली निविदा/कुटेशन को ही स्वीकृती प्रदान की जायेगी।
6. निविदा में दर्शाये गयी कार्य की माप/नगो की संख्या आवश्यकतानुसार घटाई एंव बढ़ाई जा सकती है।
7. भुगतान के पूर्व कार्य के बिल से सभी देय कर एंव जामनत राशि की कटौती नियमानुसार की जायेगी।

**प्रधान**
**ग्राम पंचायत कोताना**
**विकास खण्ड- बड़ौत ( बागपत )**

**सचिव**
**ग्राम पंचायत कोताना**
**विकास खण्ड- बड़ौत ( बागपत )**

# डीएम ने कार्तिक पूर्णिमा मेले के कंट्रोल रूम का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर/हापुड़।** सोमवार को डीएम ने गढ़मुक्तेश्वर में लगने वाले कार्तिक पूर्णिमा मेले के कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। जहां कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर डीएम ने व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

डीएम अभिषेक पांडेय गढ़मुक्तेश्वर में लगने वाले ऐतिहासिक कार्तिक पूर्णिमा मेले का निरिक्षण करने पहुंचे। जहाँ उन्होंने मेले के कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। निरिक्षण के दौरान डीएम ने व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने सुरक्षा, यातायात, और श्रद्धालुओं की सुविधाओं से संबंधित व्यवस्थाओं की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डीएम ने सुरक्षा को और मजबूत करने के लिए सीसीटीवी और ड्रोन कैमरों के उपयोग पर जोर दिया और असामाजिक तत्वों पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए।



डीएम ने सुरक्षा को और मजबूत करने के लिए सीसीटीवी और ड्रोन कैमरों के प्रभावी उपयोग का निर्देश दिया। इसी के साथ असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखने और उनके खिलाफ सख्त विधिक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। डीएम ने कार्तिक पूर्णिमा मेले को शांतिपूर्ण तरीके से सकुशल संपन्न करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि श्रद्धांलुओं की सुरक्षा के मद्देनज़र कोई भी अधिकारी और कर्मचारि किसी भी प्रकार की लापरवाही ना बरते। लापरवाही बरतने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# गैंगस्टर में फरार दो बदमाशों को पुलिस ने दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जिले में एसपी के निर्देशन में लगातार अपराधियों की धर पकड़ हेतु पुलिस अलर्ट मोड पर है। पुलिस द्वारा अपराधियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा जा रहा है। इसी क्रम में थाना कपूरपुर पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के मामले में फरार चल रहे दो बदमाशों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है।



कपूरपुर थाना प्रभारी विनोद कुमार पांडे ने बताया कि हापुड़ पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना कपूरपुर पुलिस द्वारा धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट में फरार चल रहे दो बदमाशों को ग्राम सिरोधन बैंक के पास से गिरफ्तार किया गया है। बदमाशों की पहचान रोहताश पुत्र हरि सिंह निवासी ग्राम पारपा थाना कपूरपुर जनपद हापुड और साजिद पुत्र शाकिर निवासी ग्राम मिठेपुर थाना गुलावठी जनपद बुलन्दशहर के रूप में हुई है।

थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि एसपी के निर्देशन में लगातार बदमाशों की धर पकड़ हेतु अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गैंगस्टर एक्ट के मामले में फरार दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# सरस्वती इंस्टीट्यूट में हुआ 4 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सरस्वती इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज़ हॉस्पिटल में 25 से 28 अक्टूबर 2025 तक बेसिक लाइफ सपोर्ट और एडवांस्ड कार्डियक लाइफ सपोर्ट पर 4 दिवसीय व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्वास्थ्यकर्मियों की आपातकालीन प्रतिक्रिया क्षमता और जीवनरक्षक दक्षता को सुदृढ़ करना था।

नर्सिंग सुपरिंटेंडेंट अहल्या ससीदरण बीएसएन, मसन एमएसएन के मार्गदर्शन में, डा. जितेंद्र बंसल एमडी, फिज़िशियन और डा. विवेक ठाकुर बीएलएस एवं एसीएलएस फैकल्टी ने प्रशिक्षण सत्रों का नेतृत्व किया। चार दिवसीय इस गहन व्यावहारिक प्रशिक्षण में 150 से अधिक नर्सो और तकनीशियनों ने भाग लिया। कार्यक्रम में कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन, कार्डियक अरेस्ट का प्रबंधन, एयरवे मेंटेनेंस और ऑटोमेटेड एक्सटर्नल डिफिब्रिलेटर के प्रभावी उपयोग जैसी महत्वपूर्ण जीवनरक्षक प्रक्रियाओं पर विशेष ध्यान दिया गया। इन अभ्यासों ने प्रतिभागियों के सैद्धांतिक ज्ञान को मजबूत करने के साथ-साथ वास्तविक आपात स्थितियों में तत्पर प्रतिक्रिया देने की उनकी क्षमता को भी बढ़ाया। इस अवसर पर अहल्या ससीदरण ने कहा कि चिकित्सीय आपात स्थिति में हर सेकंड महत्वपूर्ण होता है ऐसे प्रशिक्षण हमारे नर्सिंग और पैरामेडिकल स्टाफ को नवीनतम जीवनरक्षक तकनीकों से सुसज्जित करते हैं।





कार्यक्रम का उद्घाटन डा. हर्ष शिशोदिया डिप्टी मेडिकल सुपरिंटेंडेंट और एन वरदराजन जनरल मैनेजर, प्रशासन द्वारा किया गया।

सरस्वती ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के चेयरमैन डा. जे रामचंद्रन एवं वाइस चेयरपर्सन रम्या रामचंद्रन ने पूरे मेडिकल एवं नर्सिंग दल को इस सफल प्रशिक्षण आयोजन के लिए हार्दिक बधाई दी। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम की सफलता संस्थान की रोगी देखभाल की गुणवत्ता और नैदानिक उत्कृष्टता के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता को पुन स्थापित करती है।

# स्थायी छठ घाट पर महिला श्रद्धालुओं ने की पूजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** छठ पर्व पर इस वर्ष नगर के मोहल्ला बजरंगपुरी में एक नई उपलब्धि देखने को मिली। यहाँ पहली बार बने स्थायी छठ घाट पर सैकड़ों महिला श्रद्धालुओं ने छठ पूजा का शुभारंभ किया। नए निर्मित इस घाट का लोकार्पण नगर पालिका अध्यक्ष विभू बंसल ने श्रद्धालुओ की उपस्थिति में किया।

छठ व्रत धारण करने वाली महिला श्रद्धालुओं ने इस नए घाट पर डूबते और उगते सूर्य को अर्घ्य देकर छठ मैया का आशीर्वाद प्राप्त किया। पारंपरिक छठ गीतों की गूंज के बीच महिलाओं ने सूप में ठेकुआ, फल और अन्य पारंपरिक प्रसाद सजाकर छठ पूजा संपन्न की। नगर पालिका अध्यक्ष विभू बंसल ने कहा, यह घाट नगरवासियों की लंबे समय से मांग थी। आज यह सपना साकार होता देख हम सभी को बहुत खुशी हो रही है।



सभासद अंशुल मित्तल ने कहा, यह घाट नगर निगम और जनप्रतिनिधियों की सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। हमने यह सुनिश्चित किया है कि घाट पर सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हों, ताकि माताएं और बहनें सुरक्षित और सुविधाजनक तरीके से छठ पूजा संपन्न कर सकें। इस अवसर पर नगर मण्डल अध्यक्ष मनीष माहेश्वरी, सभासद सुनीता सिरोही, वरुण शर्मा, विपिन अग्रवाल, अमित टांक, हिमांशु अग्रवाल सहित काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

नए घाट पर संपन्न हुई छठ पूजा ने नगर में उत्साह और भक्ति का विशेष माहौल बनाया।

# कांग्रेस व सपा ने उठाई एमएलसी स्नातक व शिक्षक चुनाव की समय सीमा बढ़ाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में एमएलसी स्नातक और शिक्षक चुनाव को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। जहां सभी राजनीतिक पार्टियों के पदाधिकारी व प्रतिनिधि भी इस बैठक में हिस्सा लेने के लिए पहुंचे। समाजवादी और कांग्रेस पार्टी ने बैठक में एमएलसी के स्नातक और शिक्षक चुनाव की समय सीमा बढ़ाने की मांग की है। दोनों ही पार्टी के पदाधिकारियो और प्रतिनिधियों ने कहा है कि प्रशासन की ओर से एमएलसी स्नातक और शिक्षक चुनाव के फॉर्म को सबमिट करने की अंतिम तिथि 6 नवंबर निर्धारित की गई है जो कि बहुत ही कम है। कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों ने अपर जिलाधिकारी संदीप कुमार को ज्ञापन सौंपते हुए एमएलसी चुनाव की समय सीमा बढ़ाने की मांग की है उन्होंने कहा है कि अक्टूबर के महीने में दिवाली और कार्तिक स्नान की वजह से सब लोग त्यौहार में व्यस्त रहे, जिस कारण वोट बनाने का समय पार्टी के पदाधिकारियो को नहीं मिल सका। उन्होंने कहा है कि प्रशासन की ओर से जनपद हापुड़ में एमएलसी चुनाव का प्रचार जोर-शोर से किया जाए। ताकि मतदाता अपनी वोट बनवाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में फॉर्म भरकर सबमिट कर सके। साथ ही मतदाताओं को एमएलसी चुनाव के महत्व के बारे में भी लोगों को ज्यादा से ज्यादा प्रचार किया जाए। समय-समय पर स्कूल के बच्चों के माध्यम से शहर में जागरूकता अभियान चलाया जाए। इससे एमएलसी के चुनाव में अधिक से अधिक मतदाताओं को जोड़ा जा सकेगा। इस दौरान सपा नेता व अधिवक्ता पुरुषोत्तम वर्मा, जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव कपिल शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष भरतलाल शर्मा और जिला महासचिव व गढ़ ब्लॉक प्रभारी गौरव गर्ग भी मौजूद रहे।



# नवनियुक्त थानाध्यक्ष ने संभाला थाने का चार्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हाफिजपुर में नवनियुक्त थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार ने कार्यभार संभालते ही थाने की कार्यप्रणाली को नई दिशा देने के उद्देश्य से पहली औपचारिक बैठक आयोजित की। बैठक में थाने के समस्त पुलिस अधिकारी, दरोगा, सिपाही और स्टाफ सदस्य मौजूद रहे। बैठक के दौरान थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार ने सभी पुलिसकर्मियों से व्यक्तिगत संवाद करते हुए उनकी समस्याओं, सुझावों और जिम्मेदारियों के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि अब हाफिजपुर थाने की पहचान जनता की सेवा, सौहार्द और कानून व्यवस्था की मजबूती से होगी।

थानाध्यक्ष ने निर्देश देते हुए कहा कि थाने में आने वाले हर फरियादी की बात को धैर्यपूर्वक सुना जाए और उसकी समस्या का त्वरित व निष्पक्ष निस्तारण किया जाए। पुलिस का चेहरा जनता के विश्वास से चमकता है, इसलिए हर पुलिसकर्मी को ईमानदारी और संवेदनशीलता से कार्य करना चाहिए। उन्होंने सभी कर्मियों से जनता के बीच संपर्क और तालमेल बढ़ाने, क्षेत्र में गश्त को मजबूत करने और शांति व्यवस्था बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार ने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही, दुर्व्यवहार या शिकायत पर तुरंत सख्त कार्रवाई की जाएगी।



बैठक के अंत में सभी पुलिसकर्मियों ने एक स्वर में संकल्प लिया कि वे जनता की सुरक्षा, सम्मान और न्याय के लिए सदैव तत्पर रहेंगे तथा हाफिजपुर थाने को जनविश्वास का प्रतीक बनाएंगे।

## एक नजर

# फैक्ट्री कर्मी से मारपीट, मोबाइल लूटकर आरोपी फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** थाना क्षेत्र के ग्राम गालन्द में फैक्ट्री कर्मी के साथ मारपीट व मोबाइल लूटने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने पुलिस को दी तहरीर में दो आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

ग्राम गालन्द निवासी जितेन्द्र कुमार पुत्र स्व. भगवानदीन ने पुलिस को बताया कि वह वर्तमान में गालन्द स्थित फैब्रिटोन प्राइवेट लिमिटेड में फोरमैन के पद पर कार्यरत हैं। फैक्ट्री में मोनू, धर्मेन्द्र, कुलदीप और अंकुर नामक युवक काम करते थे, जिन्हें शराब पीकर काम न करने के कारण मालिक प्रणव जैन ने नौकरी से निकाल दिया था। जितेन्द्र का आरोप है कि धर्मेन्द्र को शक था कि उसी के कहने पर उसे नौकरी से निकाला गया, जिसके चलते वह कई बार उसे और फैक्ट्री के गार्ड महेश को गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी दे चुका था। पीड़ित ने बताया कि उसने तब पुलिस में शिकायत नहीं की थी, क्योंकि उसे उम्मीद थी कि धर्मेन्द्र ऐसा कोई कदम नहीं उठाएगा। लेकिन 26 अक्टूबर की शाम करीब 5:20 बजे, जब वह छुट्टी के बाद घर लौट रहा था, तभी रास्ते में धर्मेन्द्र पुत्र रामऔतार और नरेश पुत्र नामालूम ने उसे रोक लिया। दोनों ने मारपीट करते हुए उसे खेतों की ओर खींच लिया और बुरी तरह पीटा। शोर मचाने पर गांव के कुछ लोग मौके पर पहुंचे तो दोनों आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए उसका मोबाइल फोन छीनकर फरार हो गए। पीड़ित ने थाना पिलखुवा पुलिस से मामले की रिपोर्ट दर्ज कर उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# एक परिवार एक पहचान योजना का शुभारंभ, लोगों ने कराया पंजीकरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** नगर पालिका परिषद ने सोमवार को एक परिवार एक पहचान योजना के तहत विशेष पंजीकरण शिविर का आयोजन किया। आनंद स्वरूप बाल मुकंद धर्मशाला में आयोजित इस शिविर में शहर के विभिन्न वार्डों से सैकड़ों लोगों ने अपने परिवारों का पंजीकरण कराया। अधिशासी अधिकारी इंद्रपाल सिंह ने बताया कि इस योजना के माध्यम से प्रत्येक परिवार को एक विशिष्ट पहचान संख्या प्रदान की जाएगी, जिससे सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे लाभार्थियों तक पहुंच सकेगी। उन्होंने कहा कि अब तक सौ से अधिक परिवारों ने अपना पंजीकरण करा लिया है और यह प्रक्रिया निरंतर जारी रहेगी। पालिका के कर्मचारियों ने शिविर में उपस्थित लोगों के विवरण लेकर उनके वन फैमिली वन आईडी कार्ड तैयार किए।

# किशोरी से छेड़छाड़ के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड़ देहात पुलिस ने किशोरी से छेड़छाड़ के मामले में फरार चल रहे नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

थाना प्रभारी निरीक्षक पटनीश कुमार ने बताया कि किशोरी के परिजनों द्वारा आरोपी युवक के खिलाफ छेड़छाड़ की शिकायत देते हुए मुकदमा दर्ज कराया गया था। पुलिस ने किशोरी के परिजनों की तहरीर के आधार पर संबंधित मामले में आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा अपराध संख्या 364/2025 धारा 74, 126, 351(2) बीएनएस व 7/8 पॉक्सो एक्ट दर्ज किया था। आरोपी युवक के खिलाफ छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज कर पुलिस उसकी तलाश में जुट गई थी।

उन्होंने बताया कि हापुड पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना हापुड़ देहात पुलिस द्वारा सोमवार को किशोरी से छेड़छाड़ के मामले में फरार चल रहे नामजद आरोपी आशीष कुमार पुत्र सुरेन्द्र निवासी ग्राम पोठा हुसैनपुर थाना पिलखुवा जनपद हापुड को धनौरा कट के पास से गिरफ्तार किया गया है एवं अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# अपना समाज सामाजिक संगठन ने श्मशान घाट पर चलाया सफाई अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर के दिल्ली रोड पर स्थित बस स्टैंड के पीछे बने श्मशान घाट पर अपना समाज सामाजिक संगठन ने सफाई अभियान चलाकर समाज सेवा की एक अनूठी मिसाल पेश की है। सोमवार को संगठन के अध्यक्ष ललित कुमार के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने दिल्ली रोड स्थित बस स्टैंड के पीछे बने श्मशान घाट पर व्यापक साफ-सफाई अभियान चलाया। युवाओं ने मिलकर श्मशान घाट परिसर की गंदगी को साफ किया, जिससे यहां आने वाले लोगों को कुछ हद तक राहत मिल सके। इस पहल का उद्देश्य श्मशान घाट की पवित्रता और स्वच्छता को बनाए रखना है। जिसे अक्सर लोग नज़रअंदाज़ कर देते हैं। संगठन के अध्यक्ष ललित कुमार ने बताया कि समाज की भलाई के लिए ऐसे कार्य करना संगठन का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि श्मशान घाट एक ऐसा स्थान है जहां लोग अपने प्रियजनों की अंतिम यात्रा के लिए आते हैं, इसलिए इसका स्वच्छ और शांत होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी से अपील की कि वे अपने आस-पास और सार्वजनिक स्थानों को स्वच्छ रखने में सहयोग करें। इस अवसर पर सफाई अभियान में जतिन आजाद, अमरजीत, पिंटू, संदीप, राहुल, डीपी, ललित पहलवान, पप्पी, राकेश, गोगा, गजेंद्र, सुरेश, मोनू, अमित सहित कई अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे और उन्होंने पूरे जोश के साथ साफ-सफाई के कार्य में हिस्सा लिया। इस कार्य से अपना समाज सामाजिक संगठन ने समाज सेवा की एक अनूठी मिसाल पेश की है।

# चेकिंग के दौरान अवैध हथियार के साथ युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ऑपरेशन शस्त्र अभियान के अन्तर्गत थाना पिलखुवा पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध हथियार बरामद किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक श्योपाल सिंह ने बताया कि हापुड पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे ऑपरेशन शस्त्र अभियान के अन्तर्गत थाना पिलखुवा पुलिस द्वारा चैकिंग के दौरान एक युवक को रामलीला मैदान के पास से गिरफ्तार किया गया है, जिसके कब्जे से एक अवैध तमंचा मय एक जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ है। पुलिस के मुताबिक युवक की पहचान जीतराम सैनी पुत्र भगवत प्रसाद सैनी निवासी मौहल्ला सर्वोदयनगर थाना पिलखुवा जनपद हापुड के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि आरोपी युवक की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना पिलखुवा पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# आंदोलन: ऐलान के बाद धामक न दिखा सके धनगर

eFkjkA ऐलान के बावजूद धनगर कलेक्ट्रेट पर पहुंचे जरूर लेकिन धमक नहीं दिखा सके। कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुकेश धनगर भी साथ थे लेकिन चुनिंदा कार्यकर्ता ही मौजूद रहे। धनगर जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने में आ रहीं अड़चनों को दूर कर समस्या के समाधान के लिए चौदह मई को गठित जिला स्तरीय कमेटी की बैठक न होने से नाराज धनगरों ने जिलाधिकारी कार्यालय का घेराव किया। धनगर समाज विकास समिति के अध्यक्ष सतीश धनगर के नेतृत्व में जिलाधिकारी कार्यालय का घेराव किया गया। धनगर समाज के हुजूम को देखकर जिला प्रशासन के हाथ पांव फूल गए धनगर समाज के लोगों की पुलिस प्रशासन से भी नोंक झोंक हो गई।

# जीरो वेस्ट इंवेंट के रूप में मनाया छठ पर्व



**मथुरा।** लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के पावन अवसर पर नगर निगम मथुरा वृंदावन द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी घाटों पर उत्कृष्ट व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की गई हैं। घाटों एवं उनसे जुड़े मार्गों पर सफाई, प्रकाश व्यवस्था, चेंजिंग रूम, पेयजल टैंकर तथा मोबाइल टॉयलेट्स की समुचित व्यवस्था की गई है। निगम के सफाई मित्र लगातार घाटों की सफाई में जुटे हैं ताकि श्रद्धालुओं को स्वच्छ, सुव्यवस्थित एवं पवित्र वातावरण मिल सके। इसी क्रम में सोमवार को छठ पूजा पर्व की तैयारियों के अंतर्गत नगर आयुक्त जग प्रवेश द्वारा मथुरा वृंदावन के घाटों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। नगर आयुक्त महोदय ने सबसे पहले वृंदावन स्थित जुगल घाट का निरीक्षण किया और छठ पूजा के दृष्टिगत घाटों पर की गई साफ सफाई, प्रकाश व्यवस्था, बैरिकेडिंग आदि तैयारियों का विस्तृत अवलोकन किया।

तत्पश्चात उन्होंने मथुरा स्थित अड्डा घाट का निरीक्षण किया, जहाँ समस्त व्यवस्था संतोषजनक पाई गईं। नगर आयुक्त जग प्रवेश ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि छठ पूजा के दौरान किसी भी श्रद्धालु को असुविधा न हो, इसके लिए सभी निगरानी लगातार जारी रहे। सभी घाटों एवं मार्गों पर 24 घंटे उच्चस्तरीय सफाई कार्य जारी है। सभी घाटों पर बैरिकेडिंग की गई है। श्रद्धालुओं के लिए लाइफ जैकेट, सुरक्षा उपकरण एवं प्रशिक्षित गोताखोरों की व्यवस्था की गई है। गहरे जल वाले क्षेत्रों में चेतावनी संकेतक एवं बैनर लगाए गए हैं तथा अनाउंसमेंट के माध्यम से सतर्क किया जा रहा है। पुरुष एवं महिला श्रद्धालुओं के लिए पृथक एवं ढके हुए चेंजिंग रूम की स्थापना की गई है। शुद्ध पेयजल टैंकर और मोबाइल टॉयलेट्स की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। साथ ही सभी वर्गों एवं घाटों पर समुचित प्रकाश व्यवस्था की गई है ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# नगर आयुक्त ने वृंदावन के रतन छतरी क्षेत्र का किया निरीक्षण

**मथुरा।** नगर आयुक्त जग प्रवेश ने सोमवार को टीम के साथ वृंदावन क्षेत्र के वार्ड संख्या 69 रतन छतरी में स्वच्छता व्यवस्था का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त द्वारा वार्ड की समग्र साफ सफाई व्यवस्था के साथ साथ सार्वजनिक शौचालय की स्थिति का भी अवलोकन किया गया। इस दौरान सफाई कर्मियों की उपस्थिति की जांच की गई, जिसमें 23 में से तीन कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। नगर आयुक्त महोदय द्वारा अनुपस्थित कर्मचारियों का एक दिन का वेतन बाधित करने के निर्देश दिए गए। नगर आयुक्त ने संबंधित सफाई निरीक्षक एवं क्षेत्रीय स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया कि वार्ड में साफ सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखें तथा क्षेत्र में भ्रमण कर मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें, जिससे क्षेत्र की स्वच्छता व्यवस्था और बेहतर हो सके। इस निरीक्षण के दौरान जोनल स्वास्थ्य अधिकारी श्री महेश चंद्र, सफाई निरीक्षक सुभाष चंद्र एवं सफाई निरीक्षक राकेश उपस्थित रहे। इसके उपरांत नगर आयुक्त द्वारा वार्ड संख्या 34, राधा निवास स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया गया। इस दौरान पार्षद प्रतिनिधि श्री सतीश बघेल भी उपस्थित रहे। नगर आयुक्त महोदय ने आवश्यकता अनुसार दीवारों की मरम्मत, हैंडपंप की मरम्मत, एवं समुचित प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 77/3 गर्ग कॉम्पलेक्स ई.के. रोड निकट एन.ए.एस. कालिज, मेरठ (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0121-4005303, 4007303
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
UPHIN/2007/20661
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# फंदे पर झूलता मिला छात्र का शव, परिजनों ने हत्या का आरोप लगाकर जाम लगाया

## नगर के एक इण्टर कॉलेज में कक्षा नौ का छात्र था तनिष्क, परिजनों में मचा कोहराम



तनिष्क ( फाइल फोटो )



गजरौला। सड़क पर छात्र का शव रखकर जाम लगा रहे परिजनों को समझाती बुझाती पुलिस।

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर के एक इण्टर कॉलेज में अध्धयनरत कक्षा नौ के छात्र का शव फांसी पर फंदे पर झूलता मिला। घटना के दौरान घर पर कोई नहीं था। शाम को जब माता पिता काम से लौटे तो उन्हें घटना की जानकारी मिली। पुत्र को फांसी पर झूलता देखकर उनकी चीख निकल गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस जहां घटना को आत्महत्या से जोड़कर देखी रही है तो वहीं परिजनों ने पोस्टमार्टम के बाद शव को सड़क पर रखकर जाम लगाया और कुछ युवकों पर छात्र की हत्या का संदेह जताया। परिजनों ने छात्र के मोबाइल में मिले कुछ चैट्स भी दिखाए जिसमें उसे धमकी भी दी गई है। पुलिस ने जाम लगा रहे परिजनों को समझा बुझाकर शांत किया और मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिया। जानकारी के अनुसार नगर के मुहल्ला जवाहर नगर में राजू रावत अपनी पत्नी पिंकी और दो पुत्रों के साथ जवाहरनगर में किराए पर रहता है। राजू और उसकी पत्नी पिंकी नगर में ही अलग अलग स्थान पर मजदूरी करते हैं। इनका छोटा पुत्र तनिष्क रावत (14) नगर के एक कॉलेज में कक्षा 9 का छात्र है। रविवार को माता पिता रोज की भांति काम पर गए थे। बड़ा पुत्र तुषार भी घर पर नहीं था, केवल तनिष्क ही अकेला था। रविवार की शाम को राजू रावत और उसकी पत्नी घर पहुंचे, तो घर का दरवा. जा अंदर से बंद था। उन्होंने काफी आवाज दी, लेकिन तनिष्क ने गेट नहीं खोला। पड़ोसी की छत से जाकर गेट खोला तो देखा कमरे की चौखट पर तनिष्क फंदे पर लटका हुआ था। यह देखकर परिजनों में चीख पुकार मच गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर रविवार की रात में ही पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सोमवार को दोपहर में करीब पौने दो बजे परिजनों ने पोस्टमार्टम हाउस से लौटकर भानपुर फाटक रोड पर तनिष्क का शव सड़क पर रखकर जाम लगा दिया। जाम की सूचना मिलते ही कस्बा इंचार्ज जोगेन्द्र सिंह मौके पर पहुंच गए। उन्होंने परि. जनों को समझाया, कई बार नोंकझोंक की स्थिति भी बन गई। यहां पर भाकियू नेता दिग्विजय सिंह व अन्य पदाधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। यहां के बाद इंदिरा चौक पर जाम लगाया। जाम के कारण नगर में चौतरफा जाम की स्थिति बन गई। जिसके बाद पुलिस ने छात्र के परिजनों को कार्रवाई का आश्वासन दिया। तब जाकर परिजनों ने जाम खोला और दो युवकों पर छात्र को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में तहरीर दी। पुलिस ने घटना की छानबीन शुरू कर दी है।

# पत्नी ने पति को चप्पलों से जमकर पीटा

## ओयो होटल में प्रेमिका के साथ रंगरलियां मनाते पकड़ा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** डिडौली में हाईवे स्थित एक ओयो होटल में सोमवार सुबह उस समय हंगामा खड़ा हो गया जब एक महिला ने पति को प्रेमिका संग रंगरेलियां मनाते हुए रंगेहाथ पकड़ लिया। गुस्साई महिला ने दोनों की चप्पल से धुनाई कर दी। हंगामे के बीच करीब आधा घंटा तक पति-पत्नी और वो का हाइवोल्टेज ड्रामा चलता रहा। शोर शराबा सुनकर लोगों की भारी भीड़ लग गई। आरोप ये है कि सूचना देने के बावजूद पुलिस मौके नहीं पहुंची। जिसका कारण गेस्ट हाउस सत्ता पक्ष के एक नेता का होना बताया जा रहा है। युवक पत्नी और प्रेमिका को लड़ते हुए छोड़ मौके से भाग गया। फिलहाल, मामले में किसी भी पक्ष की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई है। हैरानी की बात ये है कि पुलिस ने सिरे से घटना की जानकारी होने से इनकार किया है।

चर्चाओं में बना मामला डिडौली क्षेत्र से जुड़ा है। यहां के एक गांव में रहने वाले युवक के परिवार में पत्नी के अलावा चार बच्चे हैं। बताया जा रहा है कि युवक का गांव की ही निवासी एक महिला के साथ काफी समय से प्रेम-प्रसंग चल रहा है जो खुद भी पांच बच्चों की मां है। बदनामी से बचने के लिए दोनों की मुलाकात अक्सर गांव के बाहर ही होती है। हालांकि, इनकी इश्कबाजी के चर्चे गांव में आम हो गए थे। दबी जुबान में ग्रामीण की जुबां पर इसका अक्सर जिक्र रहता था। कुछ दिन पहले गांव की कुछ महिलाओं ने यह बात युवक की पत्नी को बताई भी थी लेकिन तब उसने महिलाओं की बात पर यकीन नहीं किया था। लेकिन, इसके बाद से वह पति को शक भरी निगाहों से देखने लगी थी जो सोमवार को आखिरकार सच साबित हो गया। दरअसल, रोजाना की तरह युवक सुबह में करीब 10 बजे जब घर से तैयार होकर निकला तो शक होने पर पत्नी ने गांव से ही उसका पीछा करना शुरू कर दिया। उसी दौरान प्रेमिका महिला भी गांव से निकलकर बाहर पहुंच गई। जहां से युवक ने उसे अपनी बाइक पर बैठा लिया और फिर दोनों यहां से सीधे हाईवे स्थित चर्चित गेस्ट हाउस पहुंच गए। कमरा लेने के बाद दोनों अंदर घुसे ही थे कि दस मिनट के भीतर युवक की पत्नी भी पीछा करते हुए गेस्ट हाउस में आ धमकी। जैसे ही कमरे का दरवाजा खोला तो सामने आया नजारा देख होश उड़ गए। पति को प्रेमिका के साथ आपत्तिजनक हालत में देख पत्नी का खून खौल गया। लिहाजा, उसने आंव देखा न तांव चप्पल निक. ालते हुए दोनों की धुनाई कर दी। चीख-पुकार के बीच गेस्ट हाउस में हंगामा खड़ा हो गया। शोर सुनकर लोगों की भीड़ जमा हो गई लेकिन गुस्साई पत्नी पति और उसकी प्रेमिका को खरी-खरी सुनाते हुए पीटती रही। हंगामा बढ़ता हुआ देख किसी ने कोतवाली में सूचना भी दी लेकिन आरोपी काफी देर गुजरने के बाद भी पुलिस मौके पर नहीं आई। इसी बीच।पत्नी और प्रेमिका को आपस में लड़ता झगड़ता छोड़ युवक गेस्ट हाउस से भाग निकला। इसके बाद वह दोनों भी चली गईं। बताया जा रहा है कि गेस्ट हाउस सत्ता पक्ष से जुड़े एक रसूखदार नेता का है, जिसके चलते पुलिस कार्रवाई से हिचकती है। सीओ सिटी शक्ति सिंह ने घटना की जानकारी से इनकार किया है।

# विवाहिता समेत नौ लोगों पर मुकदमा

## ससुराल में घुसकर की थी मारपीट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** ससुराल में घुसकर हंगामा व मारपीट करने के मामले में विवाहिता समेत नौ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों में चार अज्ञात महिलाएं भी शामिल हैं। घटनाक्रम सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया था।

मामला शहर के मोहल्ला सराय को. हना से जुड़ा है। यहां रहने वाली महजबीन की ओर से दर्ज कराई गई एफआईआर के मुताबिक उनके बेटे। नावेद आगा की शादी मोहल्ला कुरैशी निवासी इकरा नाज के साथ हुई थी। फिलहाल, दंपति के बीच विवाद चल रहा है। मुकदमा अदालत में विचाराधीन है। जिसके चलते इकरा नाज पिछले आठ महीने से मायके में पिता के साथ रह रही है। रविवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था। जिसमें इकरा नाज ने कुछ महिलाओं और दो युवकों को साथ लेकर ससुराल में जमकर हंगामा किया था। वह बेटे को लेकर सीधे घर में घुस गई थी। विरोध करने पर ननद महनाज के साथ मारपीट की थी। पेट में चोट लगने से वह गंभीर घायल हो गई थी। घटनाक्रम सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया था। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच मुकदमेबाजी चल रही है। मामले में सास की ओर से दी गई तहरीर पर इकरा नाज, शमा, रानी, मोहसिन व आमिर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच के बाद मामले में अग्रिम कार्रवाई की जाएगी

# पूर्व मंत्री कमाल के वालिद का इंतकाल

## नोएडा के कैलाश अस्पताल में 92 साल की आयु में ली अन्तिम सांस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उझारी।** पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं कांठ विधानसभा के विधायक कमाल अख्तर के वालिद कामरेठ नफीसुद्दीन का लम्बी बीमारी के चलते इंतकाल होने से इलाके में रंजो गम की लहर दौड़ गई।

सोमवार की सुबह ग्रेटर नोएडा के कैलाश हॉस्पिटल में पिछले काफी दिनों भर्ती कामरेड नफीसुद्दीन का 92 साल की उम्र में इंतकाल हो गया। कामरेड नफीसुद्दीन सपा के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व केबिनेट मंत्री कमाल अख्तर के वालिद थे। उझारी नगर पंचायत के असित्व आने से पहले वह यहां के दो बार प्रधान रह चुके हैं। नगर पंचायत का गठन होने के बाद वह एक बार चेयरमेन भी रहे। कामरेड नफीरूद्दीन को इलाके में हिटलर के नाम से जाना चाहता था। कामरेड नफीसुद्दीन की छवि बहुत साफ थी। वह इलाके में गरीबों के मसीहा के रूप में जाने जाते थे। उनकी ईमानदारी का आलम यह था कि उन्होंने हमेशा जनता को न्याय देने के साथ ही उनकी आवाज को उठाने का काम किया। कामरेड नफीरूद्दीन के तीन बेटे व तीन बेटियां है। उनके एक बेटे बिलाल अख्तर का इंतकाल हो गया था। उनके बड़े बेटे जमाल अख्तर व कमाल अख्तर है। कामरेड नफीस उद्दीन के इंतकाल की खबर से इलाके में रंजो गम की लहर दौड़ गई। भारी संख्या में लोग उनके आवास उझारी में पहुंचने शुरू हो गये। देर रात आठ बजे स्व. कामरेड नफीसुद्दीन को उनके अवाई कब्रिस्तान में हजारों नम आंखों के बीच सुपुर्दे खाक कर दिया गया। सपा प्रमुख अखिलेश यादव व सपा के राष्ट्रीय सचिव मौलाना जावेद आब्दी ने कांठ विधायक कमाल अख्तर के पिता कामरेड नफीस उद्दीन की मौत पर शोक जताया। जबकि पूर्व विधायक अशफाक, चैयरमैन राजपाल सैनी हसनपुर, सुहेल इकबाल सम्भल, पूर्व विधायक हाजी रिजवान, जिला अध्यक्ष उदय गिरी, हाजी फहीम विधायक बिलारी, विधायक महेंद्र सिंह, नबाब जान विधायक ठाकुरद्वारा, समर पाल विधायक नौगावा, पूर्व विधायक जगराम सिंह, पूर्व विधायक नईमुलहसन सिवार ने पहुंचकर खिराजे अकीदत पेश की।

# बाइकों की भिड़ंत में महिला घायल

**जोया।** डिडौली रविवार दोपहर दो बाइकों की टक्कर में एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसा कैलसा-पाकबड़ा रोड पर शाहपुर पैगंबर गांव के पास हुआ।जानकारी के अनुसार, अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के कैलसा गांव निवासी रहीसुद्दीन अपनी पत्नी शहनाज को बाइक पर बैठाकर पाकबड़ा से सामान की खरीदारी करने जा रहे थे। रास्ते में शाहपुर पैगम्बरपुर गांव के पास पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार बाइक पर सवार पाकबड़ा निवासी सकलेन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही दोनों सड़क पर गिर पड़े। जिससे शहनाज गंभीर रूप से घायल हो गई।घटना के बाद राहगीरों की मदद से घायल महिला को उपचार के लिए अमरोहा जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनका इलाज जारी है। शहनाज के पति रहीसुद्दीन की तहरीर पर पुलिस ने सकलेन के विरुद्ध संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की है।

# साधु संतों की पेशवाई से तिगरी मेले में दिखेगी कुंभ की झलक

## श्री राम मंदिर की झांकी करेगी आकर्षित



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** आस्था व उल्लास के अद्भुत संगम के बीच गंगा मेला तिगरी में अयोध्या स्थित श्री राम मंदिर के मॉडल की झांकी श्रद्धालुओं को आकर्षित करेगी। कलाकार राहुल कुमार अपनी टीम के साथ मिलकर इसे तैयार कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त मेले में 100 फिट की रंगोली भी बनाई जाएगी, साथ ही भगवान शिव की भी झांकी श्रद्धालुओं को दिखाई देगी। गंगा रोड पर मुख्य द्वार पर श्री राम मंदिर के मॉडल को कलाकार सोमवार को दिन भर अंतिम रूप देने में जुटे रहे। तिगरी मेले आस्था व उल्लास का अनूठा संगम है। प्रशासन द्वारा इसे मिनी कुंभ की तर्ज पर लगाने के लिए प्रयास किया जा रहा है। उसी के अर्न्तगत मेले में आस्था से जुड़ीं ऐसी प्रस्तुतियां श्रद्धालुओं का मन आकर्षित करने में सहायक सिद्ध होंगी।

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** कुंभ मेले की तरह ही तिगरी मेले में इस बार साधु संतो की शाही पेशवाई निकल सकती है। इसके लिए स्थानीय संत प्रयास कर रहे हैं। साधु संतो को पेशवाई में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है।

### मुख्यमंत्री के नेतृत्व में बढ़ी मेले की ख्याति:महंत गिरि



तिगरी मेले में साधु संतो के शि. विरों से मंत्र जाप की ध्वनि गूंजने लगी है। नागा बाबा धुनी रमाकर बैठने लगे हैं और प्रतिदिन गंगा स्नान के बाद तपस्या और पूजा अर्चना की जा रही है। सेक्टर संख्या 01 में स्थित श्री पंचदशनाम आह्ववान अखाड़ा के शिविर में महंत श्री हरिओम गिरी नागा बाबा ने गंगा स्नान करके धुनी रमाई और तपस्या की। कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में तिगरी मेला की ख्याति मिनी कुंभ की तरह ही द्रष्टित हो रही है। इस बार प्रयास है कि 01 नवम्बर को कुंभ की भांति ही साधु संतो की पेशवाई परम्परा शुरू की जाएगी, जिसमें देश प्रदेश के विभिन्न अखाड़ों से साधु संत सम्मिलित होंगे। प्रशासन से आह्वान किया कि मेले में आने वाले साधु संतो के लिए भरपूर सुविधाएं दी जाएं, ताकि उन्हें कोई समस्या न हो। इस मौके पर अष्टकौशल महंत नरोत्तम गिरि, प्रेम गिरि, धर्म गिरि, रामानंद गिरि, ओमकार गिरि, पर्वत गिरि, शांति गिरि, ललित शर्मा मौजूद रहे।

# गहरे जल में लगवाई गई लाल रंग की झंडियां




**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** गंगा का गहरा पानी में स्नान करने से रोकने के लिए प्रशासन द्वारा बल्लियां लगवाकर लाल रंग की झंडिया लगवाई गई हैं। आने वाले दिनों में श्रद्धालुओं को गहरे पानी में जाने से रोकने के लिए पीएसी के जवानों द्वारा मोटरबोट के जरिए पैट्रोलिंग भी की जाएगी। बता दें कि इस बार गंगा का कटान ज्यादा होने के कारण काफी गहराई है। इस कारण घाट बनाए जाने को लेकर भी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। बाढ़ खंड विभाग के द्वारा गहरे स्थानों पर बल्लियां लगवाकर लाल रंग की झंडिया लगवाई गई हैं। श्रद्धालुओं को पीए सिस्टम के माध्यम से भी गहरे जल में स्नान करने से रोकने के लिए भी अपील की जाएगी, क्योंकि अब श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने के बाद घाट पर भी भीड़ उमड़ेगी।

# सुरक्षा एजेंसियों ने चलाया चैकिंग अभियान



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** लोकल इंटेलिजेंस यूनिट के साथ के साथ बीबीडीएस ( बम निरोधक दस्ता ) एएस चेक टीम, डॉग स्क्वायड ने तिगरी मेले के बाजार एवं घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और संदिग्ध वस्तुओं की जांच की। बता दें कि मेले में लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं, ऐसे में पुलिस के सामने उनकी सुरक्षा का विषय भी एक बड़ी चुनौती के रूप में रहता है। मेले में पुलिस के साथ ही सभी सुरक्षा एजेंसिया भी सक्रिय रहती हैं। इसी क्रम में लोकल इंटेलिजेंस यूनिट के साथ के साथ बीबीडीएस ( बम निरोधक दस्ता ) एएस चेक टीम, डॉग स्क्वायड ने मेले के बाजारों में चैकिंग अभियान चलाया, साथ ही दुकानदारों व श्रद्धालुओं को समझाया भी कि कोई भी संदिग्ध वस्तु दिखे तो उसे छुएं नहीं तुरंत पुलिस को सूचित करें।

# लूट का झूंठी सूचना पर दौड़ी पुलिस

**जोया।** महिला ग्राहक को सस्ता सूट देने का आरोप लगा दुकानदार ने पड़ोसी व्यपारी को दर्जन भर साथियों के साथ बेल्टों से जमकर पीटा मारपीट की घटना में व्यपारी के तीस हजार जेब से निकल कर गिर गए पीड़ित व्यपारी ने 112 पुलिस को लूट की सूचना देकर हड़कम्प मचा दिया कस्बे के जामा मस्जिद रोड पर फात्मा काम्प्लेक्स में डिडौली कोतवाली क्षेत्र के फत्तेपुर माफी निवासी वसीम अहमद की कपड़े की दुकान है कॉम्प्लेक्स से बाहर सम्भल निवासी मोहम्मद शान की भी साबरी क्लॉथ हाउस के नाम से कपड़े की ही दुकान है सोमबार को दोनो व्यपारियो में एक महिला ग्राहक के सूट सस्ता देने को लेकर विवाद हो गया कहासुनी के बाद मोहम्मद शान अपने साथ दर्जन भर साथियों को लेकर थोड़ी देर में पहुँचा ओर दुकान पर मौजूद वसीम अहमद व उसका छोटा भाई अदनान तथा जाटव कालोनी निवासी कर्मचारी सनी की लात घुसो व बेल्टों से पिटाई कर दी मारपीट की घटना में वसीम अहमद की जेब से तीस हजार रुपये गिर गए जिस पर वसीम ने 112 पुलिस को लूट की सूचना देकर हड़कम्प मचा गया।

## ब्रजघाट में छठ पूजा के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

# छठ पर्व के तीसरे दिन दिया सूर्य को 'संध्या अर्घ्य'





**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** छठ पर्व के तीसरे दिन महिलाओं ने सूर्य को संध्या अर्घ्य देकर अपने परिवार की सुख-स्मृद्धि की कामना की। इस दौरान ब्रजघाट में महिलाओं की काफी भीड़ देखने को मिली।

बता दें कि लोक आस्था का यह महापर्व प्रतिवर्ष कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को मनाया जाता है। चार दिन के इस पर्व की शुरूआत 25 अक्तूबर को नहाय खाय के साथ हुई। 26 अक्तूबर को खरना रहा तो वहीं 27 अक्तूबर सोमवार को महिलाओं ने गंगा जल में खड़े होकर सूर्य को संध्या अर्घ्य दिया और अपने घर, परिवार की सुख-स्मृद्धि की प्रार्थना की। इस पर्व में फल एवं ठेकुआ का भोग लगाया जाता है। पंडित शिवजी मिश्रा, नीलम मिश्रा, गणेश मिश्रा, प्रेरणा मिश्रा, पुनीता पांडे, अंजली सिंह, अनिल सिंह, अजय पांडे, संतोष यादव, सीता देवी आदि ने ब्रजघाट में छठ पूजा की। ब्रजघाट में छठ पूजा के चलते मेले जैसा माहौल रहा। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली।

### मंगलवार को ऊषा अर्घ्य के बाद होगा पर्व का समापन

# आसमान में घटा के साथ छाई धुंध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** आसमान में घटा होने के साथ छाये धुंध से ठंड का असर दिखने लगा। मौसम बदलने की संभावना बढ़ने लगी है। अक्टूबर का महीना समाप्ति की ओर है और अभी ठंड नहीं पड़ रही है। सोमवार को आसमान में घटा होने के साथ धुंध भी हो गया। संभावना व्यक्त की जा रही है कि बारिश हो सकती है और उसके साथ ही ठंड भी बढ़ेगी। जानकार लोगों का कहना है कि यदि बारिश हो गई तो ठंड भी अचानक बढ़ जायेगी। मौसम गर्म होने के कारण किसान भी अभी गेहूं की बुवाई नहीं कर पा रहे है। गेहूं की खेती करने वाले किसानों का कहना है कि ठंड पड़ने के साथ ही गेहूं की बुवाई होगी तो फसल अच्छी होगी। लोग बारिश होने के लिए प्रार्थना कर रहे हैं ताकि मौसम में बदलाव हो जाये।

# नोडल अधिकारी ने किया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिलक का निरीक्षण

## सभी व्यवस्थाओं को और अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं जनसुलभ बनाने के निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** नोडल अधिकारी सुभाष चंद्र शर्मा ज्वालानगर स्थित निर्माणाधीन पानी की टंकी के निरीक्षण के उपरान्त मुख्य विकास अधिकारी नन्द किशोर कलाल व मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. दीपा सिंह के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, मिलक पहुंचे और आमजन को दी जाने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया।

इस दौरान उन्होंने सबसे पहले पैथोलॉजी कक्ष, आपातकालीन वार्ड, ओ.पी.डी. कक्ष, औषधि वितरण केंद्र तथा अन्य विभिन्न अभिलेखों का गहन निरीक्षण किया।

उन्होंने रजिस्टरों में दर्ज मरीजों की संख्या, दवा वितरण की स्थिति तथा चिकित्सकीय जांच प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान नोडल अधिकारी ने ओ.पी.डी. में आने वाले मरीजों की संख्या एवं उन्हें दी जा रही चिकित्सा सेवाओं के संबंध में भी प्रभारी चिकित्साधिकारी से जानकारी प्राप्त की। चिकित्साधिकारी ने प्रमुख सचिव को अवगत कराया कि प्रतिदिन पर्याप्त संख्या में मरीज ओ.पी.डी. में आ रहे हैं, जिन्हें आवश्यक परामर्श एवं दवाइयाँ समय से उपलब्ध कराई जा रही हैं।

नोडल अधिकारी ने टी.बी.रोग नियंत्रण कार्यक्रम की प्रगति की भी जानकारी ली। प्रभारी चिकित्साधिकारी द्वारा बताया गया कि वर्तमान में 250 टी.बी. रोगी उपचाराधीन हैं, जिन्हें नियमित दवा और परामर्श प्रदान किया जा रहा है।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी जीवन रक्षक दवाइयाँ, इंजेक्शन, ऑक्सीजन सिलिंडर एवं आवश्यक औषधियाँ पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रखी जाएं, जिससे उपचार में किसी भी प्रकार की कमी न होने पाए।

इसके उपरांत नोडल अधिकारी ने डॉक्टरों एवं पैरामेडिकल स्टाफ की उपस्थिति, ड्यूटी रजिस्टर की जांच की तथा स्टाफ की तैनाती व्यवस्था के बारे में जानकारी प्राप्त की।

उन्होंने निर्देश दिए कि सभी चिकित्सक एवं कर्मचारी निर्धारित समय पर उपस्थित रहें और मरीजों के साथ संवेदनशील व्यवहार करें। निरीक्षण के दौरान नोडल अधिकारी ने वार्डों में भर्ती मरीजों का हालचाल जाना एवं उनके तीमारदारों से भी वार्ता की। उन्होंने मरीजों से अस्पताल में मिल रही सुविधाओं, दवा उपलब्धता के संबंध में फीडबैक लिया।



उन्होंने अस्पताल परिसर की साफ-सफाई, शौचालयों की स्थिति एवं पेयजल व्यवस्था का भी निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि अस्पताल में नियमित तौर पर सफाई हो, साथ ही वार्ड में भर्ती मरीजों को स्वच्छ बिस्तर, कम्बल एवं आवश्यक सुविधाएं समय से उपलब्ध कराई जाएं।

निरीक्षण में नोडल अधिकारी ने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र आमजन के स्वास्थ्य की प्रथम कड़ी है। उन्होंने निर्देश दिए कि अस्पताल की सभी व्यवस्थाओं को और अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं जनसुलभ बनाया जाए, ताकि जनमानस को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा प्राप्त हो सके।

निरीक्षण के दौरान चिकित्सा अधीक्षक, ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर एवं संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# पेड़ों के अवैध कटान को लेकर पीपली वन बचाओ एक्शन कमेटी ने विभाग के खिलाफ दी भूख हड़ताल की चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** पीपली बंद बचाओ एक्शन कमेटी के संयोजक ने बीट नंबर 11 में शीशम और सागौन के पेड़ों का अवैध कटान न रुकने पर वन विभाग के खिलाफ भूख हड़ताल करने की चेतावनी दी है। इस मामले की शिकायत जिलाधिकारी को पत्र भेज कर की गई है।

पीपली वन बचाओ एक्शन कमेटी के संयोजक अहमद. जान ने जिलाधिकारी को पत्र भेज कर शिकायत की है की बीट नंबर 11 में शीशम सागौन और खेर के पेड़ों का अवैध रूप से लगातार कटान किया जा रहा है।

इस मामले की शिकायत कई बार वन विभाग के अधिकारियों से की जा चुकी है लेकिन वन विभाग के अधिकारी अवैध कटान पर गंभीर नहीं है जिससे वन पर्यावरण को काफी नुकसान पहुंच रहा है, शासन को भी काफी नुकसान पहुंच रहा है और वन की हालत दिन व दिन वदतर होती जा रही है। अवैध कटान में वन विभाग के कई स्थानीय कर्मचारियों की भूमिका संदिग्ध है उन्होंने जिला अधिकारी से अवैध कटान में लिप्त वन कर्मचारी के खिलाफ



कार्रवाई न होने पर भूख हड़ताल करने की चेतावनी दी है। उन्होंने इस आशय का एक शिकायती पत्र जिला अधिकारी को प्रेषित किया है।

### उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ जिला रामपुर के

# ब्लॉक स्तरीय त्रिवार्षिक अधिवेशन/चुनाव का बिगुल बजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा।** जूनियर हाईस्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष योगेश त्यागी के आदेश अनुसार जनपद रामपुर के समस्त ब्लॉक के त्रिवार्षिक अधिवेशन/चुनाव की तारीखों की घोषणा कर दी गई है।

संघ के जिला अध्यक्ष डॉ0 राजवीर सिंह एवं जिला महामंत्री अंजुम स्नेही सक्सैना ने बताया कि सर्वप्रथम स्वार ब्लॉक में 13 नवंबर को उच्च प्राथमिक विद्यालय बादली में,जबकि मिलक ब्लॉक में 18 नवंबर को उच्च प्राथमिक विद्यालय मिलक, ब्लॉक चमरौआ में 26 नवम्बर को प्राथमिक विद्यालय बाकर तथा ब्लॉक शाहाबाद में 4 दिसम्बर को उच्च प्राथमिक विद्यालय भीतरगांव, वहीं ब्लॉक बिलासपुर में 16 दिसंबर को प्राथमिक विद्यालय खौदलपुर एवं ब्लॉक सैदनगर में 22 दिसम्बर को उच्च प्राथमिक विद्यालय खौद में स्कूल समय के बाद चुनाव सम्पन्न कराए जाएंगे। उन्होंने बताया कि त्रिवार्षिक अधिवेशन/चुनाव के दिन ही अध्यापकों की सदस्यता शुल्क सूची प्रकाशित की जाएगी। नामांकन दोपहर नामांकन 3 बजे तक जबकि दोपहर 3.15 तक नामांकन पत्रों की जांच 3.15 बजे से 3.30 तक नाम वापसी 3.30 बजे मतदान (यदि आवश्यक हुआ तो) दोपहर 3.30 बजे से समाप्ति तक मतगणना चुनाव के तुरन्त बाद की जाएगी।

# सूफी मोहम्मद हसन शाह की चादरपोशी में उमड़े अकीदतमंद





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** हजरत ख्वाजा सूफी मोहम्मद हसन शाह का 68 वां सालाना उर्स आज सरकारी चादरपोशी मे अकीदतमंदो का सैलाब उमड़ पड़ा चादरपोशी के बाद अमन चौन की दुआ की गई। तहसील क्षेत्र के मुर्शीद नगर भैसोड़ी शरीफ स्थित दरगाह मोहम्मद हसन शाह का 68 बाँ सालाना उर्स आज से शुरू हो गया। उर्स पहले दिन बाद नमाज-ए-मगरिब सरकारी चादरपोशी का जुलूस दरगाह के सज्जादानशीन हजरत ख्वाजा सूफी जावेद हुसैन शाह के आस्ताने से शुरू हुआ जो गांव के विभिन्न रास्ते से होता हुआ दरगाह हजरत ख्वाजा सूफी मोहम्मद हसन शाह पर चादरपोशी और गुलपोशी के बाद खत्म हुआ चादरपोशी के बाद अमन चौन के लिए दुआ की गयी। बाद नमाज-ए- ईशा महफिले मिलाद शरीफऔर महफिले शमा होगा का आगाज हुआ। जिसमें बाहर से आए उल्लेमाओं ने तकरीर की उर्स के दूसरे दिन 28 अक्टूबर को आम के चादरपोशी, गुलपोशी, शब्बेदारी,महफिले शमा,29 अक्टूबर को सुबह 11 बजे कुल शरीफ, महफिले रंगो शमा, लंगर शाम मुशायरा और महफिले शमा होगा 30 अक्टूबर जुलूस संदल शरीफ, गुशल शरीफ और शाम को मेहफिलो रंगो शमा के साथ उर्स का समापन होगा।

# राष्ट्रीय आविष्कार अभियान कार्यक्रम में वितरित किए प्रमाण पत्र




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय प्रांगण में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत प्रतियोगी परीक्षा हुई जिसमें प्रतिभाग करने वाले छात्रों और शिक्षकों को प्रमाण पत्र ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह ने वितरित किए। ब्लॉक स्तरीय क्विज प्रतियोगिता 2025-26 प्रतियोगिता में चयनित छात्रों को अपूर्व सिंह जी द्वारा प्रमाण पत्र एवं मेडल वितरित किए।

अपूर्व सिंह ने बच्चों को अपने उद्बोधन में उज्जवल भविष्य की कमाना की। कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी विजय वीरेंद्र व अध्यापक मौजूद रहे।

# बजरंग दल नेता ने एचटी लाइन के बीच से होकर गुजर रही डिश केविल पर जताई नाराजगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** बजरंग दल नेता ने डिश संचालक पर मनमानी बरतने का आरोप लगाया है कहा कि डिश संचालक ने डिश के तार एचटी लाइन के ऊपर से डाल रखे हैं जो कभी भी लोगों के लिए हादसे का सबब बन सकते हैं। अवर अभियंता ने इस मामले में जांच का आदेश दिए हैं। बजरंग दल नेता अर्जुन कुमार गुप्ता ने अवर अभियंता बिजली मोहनलाल से शिकायत की है कि डिश संचालक ने कई स्थानों पर 33 हजार के बी लाइन के ऊपर से अपना डिश केबिल डाल रखा है जो कभी भी लोगों के लिए बड़ा हादसा खड़ा कर सकता है। इस मामले की शिकायत डिश संचालक से भी की जा चुकी है लेकिन



उसने अपना केवल एच टी लाइन से नहीं हटाया है। जो कभी भी बड़े हादसे को डिश केबल अंजाम दे सकता है और लोगों की जान खतरे में पढ़ सकती है उन्होंने अवर अभियंता से बिजली लाइन से डिश केबल हटाने की मांग की है। और अभियंता ने बताया की लाइनमेन को जांच के लिए निर्देशित किया गया है शीघ्र ही डिश केबिल एचटी लाइन से हटा दिया जाएगा।

# नहर किनारे मिला युवक का शव, जांच में जुटी पुलिस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बीसलपुर।** दियोरिया कला कोतवाली क्षेत्र के ग्राम ढकिया रंजीत के रहने वाले 24 वर्षीय आशीष कुमार पुत्र स्वर्गीय सूरजपाल की रविवार शाम गांव के ही कुछ लोग घर से बुलाकर ले गए थे। देर रात तक युवक के वापस न आने पर परिवार वाले परेशान हो गए। युवक की तलाश शुरू कर दी गई। मगर कुछ पता नहीं चल सका। दूसरे दिन सोमवार सोमवार सुबह साढ़े आठ बजे पीलीभीत मार्ग पर एक कॉलेज के नजदीक नहर पटरी के नीचे आशीष कुमार का शव पड़ा मिला। खेत पर गए ग्रामीणों की नजर शव पर पड़ी तो भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर कोतवाल संजीव कुमार शुक्ला पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। शव पर कई जगह चोट के निशान थे। जिसे देख परिवार वालों ने हत्या करने का आरोप लगाया। पुलिस शव पोस्टमार्टम की भेज खनबीन में जुटी है।

# चौकी पुलिस ने अवैध तमंचे के साथ एक व्यक्ती को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** चौकी पुलिस ने एक व्यक्ती को नाजायज तमंचे व दो जिन्दा कारतूसों के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में व क्षेत्राधिकारी के पर्यवेक्षण में आज दिनांक 27.10.2025 को चौकी पुलिस द्वारा 01 नफर अभियुक्त अजीम पुत्र अब्दुल रहीम निवासी लाडपुर सेमरा उम्र करीब 40 को मुखबिर की सूचना पर मंसूरपुर मोड के पास झाड़ियों में खण्डर के पास से 01 अदद नाजायज तमन्चा व 02 जिंदा कारतूस 315 बोर नाजायज के साथ पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया । जिसके आधार पर थाना हाजा पर मु.अ.सं.454/2025 धारा



3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया । बाद मे आवश्यक विधिक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को सम्बन्धित मा. न्यायालय के समक्ष भेजा जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली टीम में चौकी इंचार्ज अजय कुमार शुक्ला, विकास कुमार, अमित कुमार, जसवीर सिंह अश्वनी कुमार आदि रहे।

# नोडल अधिकारी ने की विकास, निर्माण कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा

- शादी अनुदान योजना में पात्र लाभार्थियों की सूची का सत्यापन एसडीएम एवं बीडीओ द्वारा कराने के निर्देश
- गौशालाओं में चारा, भूसा एवं तिरपाल की पर्याप्त व्यवस्था के निर्देश
- दिव्यांगजन समाज का अभिन्न अंग, उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन जरूरी
- योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही या उदासीनता पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध होगी कार्रवाई: नोडल अधिकारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** प्रमुख सचिव, पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग/ जनपद के नोडल अधिकारी सुभाष चन्द्र शर्मा ने पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र एवं मुख्य विकास अधिकारी नन्द किशोर कलाल की उपस्थिति में विकास भवन स्थित सभागार में शासन की सीएम डैश बोर्ड पर विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों, निर्माण कार्यों, स्वास्थ्य सेवाओं एवं कानून-व्यवस्था की समीक्षा बैठक की।

बैठक में नोडल अधिकारी ने शासन की विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए कहा कि सभी विभागीय अधिकारी अपने-अपने कार्यों को शासन की मंशानुरूप समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण रूप से पूर्ण करें।

समीक्षा के दौरान नोडल अधिकारी ने सामुदायिक शौचालयों के संबंध में निर्देशित किया कि ग्राम पंचायतों में निर्मित शौचालयों का विशेष सत्यापन कराया जाए, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि सभी शौचालय क्रियाशील हैं तथा उनका नियमित उपयोग हो रहा है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता मिशन के अंतर्गत निर्मित सभी शौचालयों की साफ-सफाई एवं रख-रखाव की समुचित व्यवस्था की जाए।

नोडल अधिकारी ने जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी को निर्देश दिए कि आर.पी.डब्ल्यू.ए. ऐप के अंतर्गत सभी दिव्यांगजन का पंजीकरण एवं अद्यतन कार्य पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन समाज का अभिन्न अंग हैं तथा उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी से दिव्यांग पेंशन योजनाओं की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि दिव्यांग पेंशन की दो किश्तें लाभार्थियों के बैंक खातों में प्रेषित कर दी गई हैं तथा सभी लाभार्थी अपने बैंक में जाकर एन.पी.सी.आई. लिंकिंग कराना सुनिश्चित करें, ताकि उन्हें समय पर लाभ प्राप्त हो सके।

बैठक के दौरान नोडल अधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए 102 एवं 108 एम्बुलेंस सेवाओं की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि आपातकालीन सेवाएँ सदैव सक्रिय रहें और हर मरीज को समय पर चिकित्सीय सहायता प्राप्त हो।

प्रमुख सचिव ने बायोमेडिकल उपकरणों के रख-रखाव की भी समीक्षा की तथा अस्पतालों में उपलब्ध सभी उपकरणों की नियमित जाँच कर कार्यशीलता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

समीक्षा के दौरान प्रमुख सचिव ने पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित शादी अनुदान योजना की प्रगति की समीक्षा की और निर्देश दिए कि पात्र लाभार्थियों की सूची का सत्यापन उपजिलाधिकारी एवं खंड विकास अधिकारी द्वारा कराया जाए, ताकि उनमें से अपात्रों को हटाकर पात्र व्यक्तियों को योजना का लाभ दिलाया जा सके।

उन्होंने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए कि आगामी शीतकालीन मौसम को दृष्टिगत रखते हुए गोवंश की सुरक्षा एवं संरक्षण हेतु सभी आवश्यक तैयारियाँ सुनिश्चित कर ली जायें तथा गौशालाओं में चारा, भूसा एवं तिरपाल की पर्याप्त व्यवस्था की जाए।

समीक्षा के दौरान नोडल अधिकारी ने श्रम विभाग की जनकल्याणकारी योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार पर बल दिया। उन्होंने कहा कि योजनाओं के प्रति जागरूकता के अभाव में अनेक श्रमिक लाभ से वंचित रह जाते हैं। उन्होंने सहायक श्रमायुक्त एवं जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि अधिक से अधिक श्रमिकों एवं ईंट-भट्ठों पर कार्यरत श्रमिकों का पंजीकरण श्रम विभाग में कराना सुनिश्चित करें और योजनाओं का अधिकतम प्रचार-प्रसार करायें।

उन्होंने ए.आर. कोऑपरेटिव एवं डिप्टी आर.एम.ओ. को निर्देशित किया कि जनपद में अनाज भंडारण क्षमता बढ़ाने हेतु आवश्यक कदम उठाए जाएँ। नाबार्ड योजना के तहत 2000 मीट्रिक टन क्षमता वाले गोदामों के निर्माण का प्रस्ताव तैयार कर उसका लाभ जनपद को प्राप्त कराया जाए।

पुलिस विभाग की समीक्षा के दौरान पुलिस अधीक्षक ने प्रमुख सचिव को अवगत कराया कि गैंगस्टर एक्ट, महिला उत्पीड़न, एससी/एसटी एक्ट सहित अन्य अपराधों की रोकथाम हेतु प्रभावी कार्रवाई की जा रही है।

नोडल अधिकारी ने कानून-व्यवस्था की स्थिति को संतोषजनक बताते हुए निर्देश दिए कि आगामी त्योहारों के अवसर पर पुलिस प्रशासन विशेष सतर्कता बरते और आम नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।

अंत में नोडल अधिकारी ने कहा कि शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप सभी विभागीय अधिकारी अपने कार्यों का निष्पादन पूर्ण निष्ठा, उत्तरदायित्व एवं पारदर्शिता के साथ करें। उन्होंने चेतावनी दी कि किसी भी स्तर पर लापरवाही या उदासीनता पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संदीप कुमार वर्मा सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारीगण मौजूद रहे।

# अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा ने आयोजित किया ब्रह्म संवाद प्रवाह एवं शपथ ग्रहण समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बीसलपुर।** अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा, पीलीभीत की नगर बिलसंडा इकाई के तत्वाधान में ब्रह्म संवाद प्रवाह एवं शपथ ग्रहण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अशोक वाजपेयी ने की तथा संचालन जिला महामंत्री दीपक शुक्ला द्वारा किया गया।

समारोह का शुभारम्भ भगवान परशुराम और माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण के साथ हुआ। नगर अध्यक्ष अनुपम दीक्षित एवं युवा नगर अध्यक्ष रामलखन शुक्ल ने सभी आगंतुकों व पदाधिकारियों का फूल-माला एवं अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम में विशिष्ट



अतिथि के रूप में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुरेन्द्र पांडे, प्रदेश अध्यक्ष त्रिभुवन शर्मा, प्रदेश महामंत्री आचार्य राजेश शर्मा, प्रदेश कोषाध्यक्ष श्रीधर पांडे, मंडल अध्यक्ष ब्रह्मानंद शर्मा, मंडल उपाध्यक्ष रविन्द्र नाथ द्विवेदी, जिला अध्यक्ष (बरेली) गजेन्द्र पांडे, जिला महामंत्री (बरेली) महेश पाठक, महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष अंजू अग्निहोत्री, प्रदेश कोषाध्यक्ष गायत्री शर्मा, जिला पंचायत सदस्य नितिन पाठक, जिला युवा अध्यक्ष हर्षित अग्निहोत्री, जिला युवा महामंत्री आशीष दीक्षित, नगर अध्यक्ष रणवीर पाठक ने अपने विचार व्यक्त किये। समारोह में युवा नगर पीलीभीत अध्यक्ष अमित अवस्थी, नगर युवा महामंत्री रामानुज अवस्थी, जिला उपाध्यक्ष आशुतोष शर्मा, जिला उपाध्यक्ष राजीव राय, नगर युवा मंत्री उज्जवल मिश्रा, नगर युवा मंत्री केशव दीक्षित, श्री राम शर्मा, प्रियांशु मिश्रा के के मिश्रा,संतोष शुक्ला, आचार्य राकेश मिश्रा,नरेश शर्मा कातिब, श्रीराम शर्मा, सच्चिदानंद मिश्रा, ज्ञानेंद्र शर्मा,शैलेन्द्र दीक्षित, ज्ञानेंद्र दीक्षित,प्रभात शंखधर,रामदास पाठक, सुशील पांडे, राहुल पाण्डेय, अखिलेश मिश्रा,अधीर मिश्रा शाहजहांपुर, मुकेश आदि गणमान्य उपस्थित रहें। सदन में उपस्थित सभी ब्रह्मा जनो एवं अतिथियों का जिलाध्यक्ष अशोक बाजपेई द्वारा धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया गया।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों का उल्लेखनीय योगदान रहा।

# नोडल अधिकारी ने ज्वाला नगर में 9.53 करोड़ की लागत से निर्माणाधीन पानी की टंकी का किया निरीक्षण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जनपद के नोडल अधिकारी सुभाष चंद्र शर्मा ने रामपुर शहर के ज्वालानगर में जल जीवन मिशन (शहरी) द्वारा अमृत योजना के अंतर्गत लगभग 9.53 करोड़ रुपये की लागत से निर्माणाधीन पानी की टंकी का औचक निरीक्षण किया।

इस अवसर पर अधिशासी अभियंता ने अवगत कराया कि टंकी निर्माण का लगभग 33 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है तथा परियोजना के अंतर्गत 2042 नये नल कनेक्शन प्रस्तावित हैं।

उन्होंने बताया कि निर्माणाधीन टंकी की ऊँचाई 22 मीटर एवं गहराई 3 मीटर है। कार्य पूर्ण होने पर यह टंकी ज्वालानगर क्षेत्र में 24 घंटे सुचारु रूप से पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करेगी, जिससे स्थानीय नागरिकों को निरंतर जल उपलब्धता का लाभ प्राप्त होगा।

नोडल अधिकारी ने अधिशासी अभियंता को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए तथा इसे निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी नन्द किशोर कलाल सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# आज से शुरू होगी योनेक्स यूपी स्टेट मेजर सब जूनियर बैडमिंटन चौंपियनशिप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**पीलीभीत।** शहर में योनेक्स यूपी स्टेट मेजर रैंकिंग अंडर-15 व अंडर-17 बैडमिंटन चौंपियनशिप आज मंगलवार 28 अक्टूबर से शुरू हो रही है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 31 अक्टूबर तक स्थानीय गांधी स्टेडियम में खेली जाएगी। प्रतियोगिता दो मुख्य वर्गों में आयोजित की जाएगी। अंडर-15 वर्ग (बालक एवं बालिका) अंडर-17 वर्ग (बालक एवं बालिका)। जिला बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष अनिल महेंद्रू, सचिव राजेश सक्सेना और आयोजन सचिव मनोज गंगवार ने जानकारी दी कि इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पूरे उत्तर प्रदेश से 350 से अधिक बैडमिंटन खिलाड़ियों के भाग लेने की संभावना है।

प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए उत्तर प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन ने बीस सदस्यीय अंपायरों के पैनल को स्वीकृति दे दी है। इस प्रतियोगिता के मैच रैफरी अंतर्राष्ट्रीय अंपायर राजीव श्रीवास्तव होंगे। अंपायर पैनल में राजीव प्रधान (गोरखपुर), राजेश चौधरी (मेरठ), सैजल वसीम (अयोध्या), और वंदना यदुवंशी व (अलीगढ़) जैसे अनुभवी अंपायर शामिल होंगे। जबकि मैच कंट्रोलर का दायित्व सहारनपुर के मनीष कुमार संभालेंगे।

आयोजन समिति के चेयरमैन जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह हैं, जबकि संयुक्त चेयरमैन एवं नोडल अधिकारी सिटी मजिस्ट्रेट विजय नि वर्धन तोमर हैं। आयोजन समिति ने बताया कि प्रतियोगिता की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

# पत्नी प्रेमी संग गई, वकील ने सुसाइड नोट लिख जान दी

■ दो बच्चों को छोड़कर जाने से तनाव में था अधिवक्ता



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** पत्नी के प्रेमी संग चले जाने से तनावग्रस्त एक अधिवक्ता ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। अधिवक्ता ने मरने से पहले एक सुसाइड नोट लिखा है, जिसमें पत्नी, उसके प्रेमी और अन्य परिजनों पर आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया गया है। कैंट थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मृतक अधिवक्ता की पहचान चनेहटी निवासी कमल कुमार के रूप में हुई है। वह बरेली कचहरी में एक वरिष्ठ अधिवक्ता के साथ प्रैक्टिस करते थे।

सुसाइड नोट में कमल कुमार ने अपनी पत्नी की मौसी और उसकी बेटी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने लिखा है कि ये लोग उनके गांव में रहते थे और उन्हें पत्नी के प्रेम प्रसंग की जानकारी थी। इसके बावजूद उन्होंने उनकी शादी कराई। कमल ने आरोप लगाया कि इंस्टाग्राम के जरिए पत्नी और उसके प्रेमी के बीच बातचीत होती थी और ये सभी उनके परिवार को बर्बाद करने के दोषी हैं।

अधिवक्ता ने सुसाइड नोट में यह भी लिखा है कि उनकी पत्नी ने झूठा केस दर्ज कराने की धमकी दी थी। उसने प्लाट और खर्चे की मांग की और बच्चों को अपने साथ रखने से इनकार कर दिया। कमल ने आरोप लगाया कि पत्नी उन्हें मान. सिक रूप से प्रताड़ित कर रही थी। उन्होंने अपनी इच्छा व्यक्त की कि उनके बच्चे उनके परिवार के साथ ही रहें, अन्यथा उनके साथ कोई अनहोनी हो सकती है।

परिजनों के अनुसार, कमल की पत्नी बच्चों को छोड़कर प्रेमी के साथ चली गई थी, जिसके बाद कमल उदास रहने लगे थे। रविवार को उन्होंने जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया। उन्हें तत्काल एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन उनकी जान नहीं बचाई जा सकी। सोमवार सुबह अधिवक्ता ने दम तोड़ दिया।

# बैंक उप प्रबंधक और मां की सड़क हादसे में मौत




■ बरेली में नेशनल हाईवे पर डीसीएम से टकराई कार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** सोमवार सुबह एक भीषण सड़क हादसा हुआ। फतेहगंज पूर्वी क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डीसीएम से टकरा गई। इस हादसे में कार सवार बैंक के उप प्रबंधक अर्पण पांडे (35) और उनकी मां मनोरमा पांडे (50) की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों मुरादाबाद जा रहे थे।

मृतक अर्पण पांडे हरदोई के निवासी थे और मुरादाबाद में बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखा में उप प्रबंधक के पद पर कार्यरत थे। उनके पिता अशोक कुमार रामपुर में दरोगा हैं। अर्पण अपनी मां मनोरमा को लेकर कार से मुरादाबाद जा रहे थे। पुलिस के अनुसार, यह हादसा सुबह करीब 7:30 बजे टिसुआ के पास नेशनल हाईवे पर हुआ। अर्पण की कार अचानक अनियंत्रित होकर डिवाइडर पार कर दूसरी तरफ से आ रही डीसीएम से टकरा गई। डीसीएम बरेली की दिशा से आ रही थी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का अगला हिस्सा डीसीएम में घुस गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मां-बेटे को कार से बाहर निकाला और सीएचसी फरीदपुर भिजवाया, जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद हाईवे पर लंबा जाम लग गया, जिसे पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटाकर खुलवाया। पुलिस ने मृतकों के परि. जनों को घटना की सूचना दे दी है।

## झांसी हाइवे पर रोडवेज बस ने ट्रक चालक को रौंदा

■ सेंथल निवासी आक. ाश की मौत, दो साथी गंभीर रूप से घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेंथल।** उरई और झांसी के बीच हाइवे पर एक सड़क हादसे में ट्रक चालक आकाश (22) की मौत हो गई। यह घटना तब हुई जब आकाश अपने दो साथियों के साथ ट्रक का पंचर टायर बदल रहा था। इसी दौरान एक तेज रफ्तार रोडवेज बस ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में आकाश के दो साथी गंभीर रूप से घायल हो गए।

मृतक आकाश कस्बा सेंथल के मोहल्ला जामा मस्जिद का निवासी था। शनिवार सुबह वह सेंथल निवासी रिजवान के साथ एक ट्रक में पेपर लोड कर झांसी जा रहा था। परिजनों के अनुसार, वे दो ट्रकों में पेपर लेकर झांसी के लिए निकले थे। एक ट्रक में आकाश और रिजवान थे, जबकि दूसरे ट्रक को नसीर और शकील चला रहे थे। उरई और झांसी के बीच उनकी गाड़ी का अगला टायर पंचर हो गया। रात करीब 2:30 बजे टायर बदलने के लिए उन्होंने ट्रकों को एक शादी हॉल के पास रोका। परि. जनों ने बताया कि साथी चालक रिजवान गाड़ी के अंदर सो गया था, जबकि आकाश, नसीर अहमद और नफीस अहमद टायर बदल रहे थे। तभी पीछे से आई रोडवेज बस ने तीनों को टक्कर मार दी। इस हादसे में 22 वर्षीय आकाश की मौके पर ही मौत हो गई। नफीस अहमद और नसीर अहमद गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया।

ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया और आकाश के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर परिजनों को सूचित किया। परिजनों को इस हादसे का पता चला तो परिवार में कोहराम मच गया। मृतक आकाश का शव सेंथल आया और परिजनों ने मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया।

## एक नजर

### घर के ताले काटकर 45 हजार रुपये की नकदी व डेढ़ लाख के जेवर चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** थाना क्षेत्र के गांव मलसा खेड़ा में बीती रात्रि अज्ञात चोरो ने कमरे व संदूक के ताले काटकर 45 हजार रुपए की नगदी व लाखों रुपए के जेवर साफ कर दिए।गृहस्वामी परिजनों के साथ रात्रि में गांव में जगराते में शामिल होने गया था।शिकायत पुलिस से की गई हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही हैं। पीड़ित नेमचंद्र पुत्र राम प्रसाद निवासी मलसा खेड़ा ने वताया कि वह बीती रात्रि परिजनों के साथ गांव में जगराते में गया था कि रात्रि में अज्ञात चोरों ने कमरे व संदूक के ताले काटकर संदूक में रखे 45 हजार रुपये व चांदी के जेवर हंसली,तगड़ी,एक जोड़ी खड़ुए व एक जोड़ी पाजेव कुल डेढ़ लाख का जेवर चोरी लिया हैं। वह हिमांचल में काम करके पैसे घर लाया था।

### उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष का हुआ भव्य स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** कस्बा में स्थित गंगा लॉन में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष/राष्ट्रीय अध्यक्ष टी.एफ.आई. डॉ. दिनेश चंद्र शर्मा, प्रदेश महामंत्री संजय सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राधे रमण त्रिपाठी एवं संयुक्त मंत्री देवेंद्र श्रीवास्तव का फूल मालाओं से भव्य



स्वागत किया गया। बैठक में डॉ. शर्मा ने ज्न्ज मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट में दाखिल दो याचिकाओं और टी.एफ.आई. संगठन के गठन पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने 21 नवंबर 2025 को दिल्ली में होने वाली महारैली में बरेली जनपद के प्रत्येक ब्लॉक से 200 शिक्षकों की उपस्थिति का आह्वान किया। इस अवसर पर मांडलिक मंत्री मुकेश सिंह चौहान, जिलाध्यक्ष शिव स्वरूप शर्मा, जिला मंत्री रोहित सिंह, कोषाध्यक्ष अजरार आगा सहित जिलेभर के पदाधिकारी और लगभग 500 शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।ब्लॉक फतेहगंज पश्चिमी के अध्यक्ष हरीश बाबू गंगवार व मंत्री संजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में कार्यक्रम सफल रहा।

# पराली प्रबंधन को लेकर कृषकों को किया जाए जागरूक, खेतों में पराली न जलाएं किसान: कमिश्नर

■ मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में मण्डलीय समीक्षा बैठक हुई सम्पन्न



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** मण्डलायुक्त भूपेन्द्र एस0 चौधरी की अध्यक्षता में सोमवार को मण्डलीय समीक्षा बैठक विकास भवन स्थित सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में सर्वप्रथम समसमायिक प्राथमिकता कार्यक्रम की समीक्षा के अन्तर्गत कृषि विभाग से सम्बंधित पराली प्रबन्धन की समीक्षा की गयी, जिसपर अवगत कराया गया कि जनपद बरेली में 17, पीलीभीत में 54, बदायूं में 04 व शाहजहांपुर 62 तथा कुल 137 घटनाएं चिन्हित हुई, जिसमें जांच करायी जा रही है कि वास्तव में पराली जलाने की घटनाएं है या किसी ने कूड़ा आदि जलाया है, जनपद बरेली में जांच द्वारा 06 घटनाएं पराली जलाने की पायी गयी हैं। जिसपर निर्देश दिये गये कि ऐसी घटनाओं के जिम्मेदारों पर जुर्माना लगाया जाये और उसका प्रचार-प्रसार भी किया जाए, जिससे बाकी लोग सतर्क और जागरुक हो सकें। इसके अतिरिक्त डिजिटल क्रॉप सर्वे की भी समीक्षा की गयी, जिसके अन्तर्गत बताया गया कि ई-खसरा पड़ताल क्रॉप का सर्वे चल रहा है और फार्मर रजिस्ट्री की जा रही हैं। जिसपर मण्डलायुक्त द्वारा जानकारी ली गयी कि कृषि भूमि का सर्वे हर बार किया जाता है या नहीं और प्रत्येक वर्ष जो क्रय-विक्रय किया जाता है, विभाजन/विरासत अपडेट करते हुए सर्वे किया जा रहा है या नहीं, कुछ ग्रामों में रेडमली जांच कराने के भी निर्देश दिये गये। बैठक में अवगत कराया गया कि 01 अप्रैल के बाद उन किसानों को किसान सम्मान निधि नहीं मिलेगी, जिनकी फार्मर रजिस्ट्री नहीं होगी।

बैठक में धान खरीद के सम्बन्ध में समीक्षा की गयी और पाया कि मण्डल में धान खरीद का लक्ष्य 22,61,800 मी0 टन है, जिसके सापेक्ष अभी तक 7,19,000 मी0 टन धान खरीद हुई है। मण्डलायुक्त ने मंडलीय अधिकारियों को धान खरीद सेंटरों की प्रतिदिन की रिपोटिंग लेने के निर्देश दिये और जिन धान क्रय केन्द्रों में धान खरीद शून्य है वहां भी धान खरीद शुरू कराने साथ ही मौसम के दृष्टिगत बारिश की सम्भावना को देखते हुये केन्द्र प्रभारियों को आवश्यक सुरक्षा उपाय अपनाने हेतु निर्देशित करने के निर्देश दिये गये। बैठक में अवगत कराया गया कि रोजा में सबसे अधिक धान क्रय हो रहा है वहां स्टोरेज की समस्या आ सकती है।

बैठक में चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण की समीक्षा की गयी और पाया कि संस्थागत प्रसव पूर्व जांचों में जनपद पीलीभीत को छोड़कर शेष जनपदों में अच्छा कार्य हुआ है। टीवी मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत बताया गया कि बरेली में 68,465 लोगों का माइक्रो स्कोपी टेस्ट परीक्षण किया गया तथा बरेली में 43 प्रतिशत मरीज अडाप्ट कर लिए गए हैं लेकिन जनपद पीलीभीत/बदायूं अडाप्शन कार्य में पीछे हैं। बैठक में मण्डलायुक्त ने निक्षय मित्र के बारे में विस्तार से जानकारी ली गयी, जिसपर अवगत कराया गया कि निक्षय मित्र मरीज को पोषण किट आदि दी जाती है और उन्हें सामाजिक सहायता भी प्रदान करते है। मण्डलायुक्त ने निर्देश दिए कि निक्षय मित्रों को प्रमाण पत्र आदि का वितरण कर उन्हें प्रोत्साहित किया जाये।

बैठक में जनपद पीलीभीत के जरीयनपुर में संस्थागत प्रसव कम होने के बारे में जानकारी ली गयी और निर्देश दिए गए कि हर स्कूल/सी0एच0सी0 पर सप्ताह में एक बार अनिवार्य रुप से औचक निरीक्षण कराया जाए और नियमित निरीक्षण भी चलते रहे। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की समीक्षा के दौरान पाया गया कि जनपद बरेली में 80 प्रतिशत, बदायूं में 78.44 प्रतिशत, पीलीभीत में 80.7 प्रतिशत, शाहजहांपुर में 79.48 प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बने हैं।

बैठक में ई-कवच पोर्टल की समीक्षा की गयी और पाया गया कि पोर्टल पर डिलवरी अपडेशन कम है, जिसपर निर्देश दिए कि पोर्टल पर डिलवरी अपडेशन के कार्य को बढ़ाया जाए। नेत्र ज्योती अभियान की समीक्षा में पाया जनपद पीलीभीत में अभी तक बच्चों के चश्में का वितरण शुरु नहीं हुआ है, जिस पर अवगत कराया गया कि टेंडर हुआ है जनपद का लक्ष्य 2200 का है, शीघ्र वितरण कराया जायेगा। बैठक में मण्डलायुक्त ने एम्बुलेंस 108/102 की कुल नम्बर ऑफ ट्रिप की संख्या मंगवाये जाने और उसकी जांच कराये जाने के निर्देश दिए, जिससे पता लग सके कि वास्तव में जिनती रिर्पोटिंग की जा रही है उतनी ड्रिप हुई है या नहीं।

बैठक में संचारी रोग नियंत्रण अभियान की समीक्षा की गयी, जिस पर अवगत कराया गया कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान आगामी 31 अक्टूबर 2025 तक संचालित है। अवगत कराया गया कि विगत वर्ष से काफी कम मरीज पाए गए हैं। पीलीभीत की तहसील बीसलपुर के ग्राम रसायखानपुर में 98 डेंगू के मरीज मिले हैं जांच के दौरान पाया गया कि गांव में उथले हैडपम्पों की संख्या बहुत अधिक है, जिस पर उनको हटवाए जाने और पीने के पानी की वैकल्पिक व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही अवगत कराया गया कि बुखार के दौरान पेट दर्द है व उल्टी आ रही है तो मरीज को तुरंत सरकारी अस्पताल में एडमिट कराया जाए। बैठक में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अन्तर्गत सहयोगी विभागों के कार्य की स्थिति की भी समीक्षा की गयी और निर्देश दिए गए कि यदि कहीं कोई कमी है तो उसकी सूचना समय से सम्बंधित अधिकारियों को दी जाए, जिससे सुधार हो सके।

बैठक में मुख्यमंत्री कम्पोजिट स्कूल की समीक्षा के दौरान जानक. ारी दी गयी कि प्राइमरी से कक्षा 12 तक अत्याधुनिक सुविधाओं से लेस स्कूल बनाए जाने हैं। बरेली में भोजीपुरा, आलमपुर जाफराबाद का चयन किया गया है, शाहजहांपुर के निगोही में विद्यालय का निर्माण कार्य चल रहा है, अवशेष स्कूलों हेतु प्रक्रिया चल रही है।

बैठक में पशुपालन विभाग की समीक्षा की गयी, जिस पर अवगत कराया गया कि मण्डल में 632 गौआश्रय स्थल है, जिसमें 1,02,217 पशुओं को संरक्षित किया गया है, जिस पर मण्डलायुक्त ने जानकारी ली कि पिछले माह के सापेक्ष संरक्षित गौवंश बढ़े है अथवा नहीं, जिस पर अवगत कराया गया कि गौवंशों की संख्या बढ़ी है साथ ही शाहजहांपुर में दो आश्रय स्थल बढ़ गए हैं और बरेली में भी इस वर्ष के अंत तक तीन गौआश्रय स्थल बनकर तैयार हो जायेंगे। बैठक में मण्डलायुक्त ने जानकारी ली कि निजी पशुपालकों के पास कितने गौवंश हैं, इसका कोई डाटा उपलब्ध है जिस पर बताया गया कि वर्ष 2019 के ऑकड़ों के अनुसार 9,36,000 गौवंश व 26,40,000 महिषवंशी पशु निजी पशुपालकों के पास हैं। बैठक में अवगत कराया गया कि सड़क दुर्घटनाओं से बचाव हेतु पशुओं को रेडियम बेल्ट पहनाने का कार्य मात्र बदायूं में चल रहा है, अवशेष में बजट के आभाव में लम्बित है तथा जनपद बरेली में प्रक्रियाधीन है। बैठक में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना की समीक्षा में पाया गया कि योजनान्तर्गत जनपद बरेली को 2700 तथा अन्य जनपदों का 1700 लक्ष्य प्राप्त है। पीलीभीत व बदायूं की प्रगति लगभग 38 प्रतिशत है, इसमें गति लाने के निर्देश दिए गए।

बैठक में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के अन्तर्गत कम रैंक प्राप्त होने के कारणों की समीक्षा की गयी और पाया गया कि विद्युत विभाग की लापरवाही के कारण रैंक खराब हुई है, जिस पर चारों जनपदों के अधीक्षण अभियंता को एमडी के माध्यम से कार्यवाही हेतु पत्र लिखने के निर्देश दिए गए। पीएम सूर्य घर योजना की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए गए कि जहां बिजली बिल ज्यादा आ रहा है उन घरों से सम्पर्क किया जाए और सोलर पैनल लगाने हेतु प्रयास किया जाए तथा जहां बिल कम आ रहा है तो कारणों की जांच कराई जाए कहीं कोई अवैध तरीका तो प्रयोग नहीं किया जा रहा है। समीक्षा में पाया गया कि एनआरएलएम में बजट के अभाव के कारण रैंक खराब हुई है। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना में इंटरनेट प्रभावित होने के कारण बरेली की रैंक गिरी है। राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना में शाहज. हांपुर की रैंक डी है, जिस पर जिलाधिकारी शाहजहांपुर ने अवगत कराया कि समाज कल्याण अधिकारी के सस्पेंशन हेतु लिखा गया है। बैठक में सेतुओं व नई सड़कों के निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की गयी। बैठक में मण्डलायुक्त ने सभी मण्डलीय अधिकारियों को अपने विभाग सम्बन्धी सीएम डैशबोर्ड पर पैरामीटर्स की समीक्षा करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी अधिकारी की लापरवाही के कारण रैंक प्रभावित नहीं होनी चाहिए। बैठक में जिलाधिकारी बरेली अविनाश सिंह, जिलाधिकारी पीलीभीत ज्ञानेन्द्र सिंह, जिलाधिकारी बदायूं अवनीश राय, जिलाधिकारी शाहजहांपुर धर्मेन्द्र प्रताप सिंह, मण्डल के समस्त मुख्य विकास अधिकारी/मुख्य चिकित्साधिकारी सहित मण्डल स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### गन्ना किसानों के बकाया की मांग को लेकर किसानों ने किया धरना प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** अपने पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत सोमवार को पैनी नजर की अध्यक्ष सुनीता गंगवार एड ने किसानों को लेकर तहसील परिसर में गन्ना भुगतान की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया।

दोपहर बाद शुरू हुए धरना प्रदर्शन में आम आदमी पार्टी की रुहेलखंड प्रान्त की उपाध्यक्ष और पैनी नजर की अध्यक्ष सुनीता गंगवार ने भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला। कहा कि क्षेत्र की ओसवाल और बरखेड़ा की बजाज चीनी मिलों पर क्षेत्र के गन्ना किसानों का करोड़ों रुपया बकाया है, लेकिन सरकार खामोश है। उन्होंने सरकार द्वारा जारी की गई आरसी को किसानों को गुमराह करने का षडयंत्र बताया। पिछले दो सालों के बकाए का भुगतान न किए जाने से क्षेत्र का किसान खासा परेशान है। शाम तक चले धरना प्रदर्शन के बाद किसानों ने अपना ज्ञापन देकर जल्द से जल्द गन्ने का भुगतान कराए जाने की मांग की है। इस धरना प्रदर्शन में सैकड़ों की संख्या में किसान मौजूद रहे।

### कुल्ली नदी पर बना पटरी पुल टूटा, ग्रामीणों ने सांसद-विधायक को लिखा पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शीशगढ़।** 119 मीरगंज विधानसभा क्षेत्र के गांव जगदीशपुर में कुल्ली नदी पर बना पटरी पुल बहुत समय से टूटा पड़ा है। गांव वालों का आरोप है कि किसी भी जन प्रतिनिधि ने पटरी पुल की समस्या का कोई भी समाधान नहीं कराया है। उनका कहना है कि हमारे गाँव जगदीशपुर की तरफ कोई भी सांसद, विधायक झांकने तक नहीं आते, वह हमारे गाँव की जनता को बेवकूफ बनाने का कार्य कर रहे हैं। चुनाव के समय गाँव वासियों को विधायक, सांसद गांव का विकास कार्य करने भरोसा देते हैं। लेकिन बाद में गाँव मे कोई भी नहीं आता हैं। ग्राम वासियों ने माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, केशव प्रसाद मौर्या, सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार, विधायक डॉक्टर डीसी वर्मा, जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह को पत्र भेज कर गांव की समस्या को जल्द से जल्द दूर कराने का आग्रह किया है।

# कोल्हुओं से उड़ रहा जहर, कपड़ा व मोम जलाकर प्रदूषण फैला रहे कोल्हु स्वामी

■ एसडीएम की चेतावनी के बाद भी नहीं माने कोल्हू स्वामी

■ हवा में घुल रहा जहरीला धुआं, ग्रामीणों ने प्रशासन से लगाई गुहार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** क्षेत्र के गरगईया गांव में प्रदूषण का स्तर दिनों-दिन बढ़ता जा रहा है। यहाँ एक दर्जन से अधिक गुड़ बनाने वाले कोल्हु स्वामी खुलेआम कपड़ा और मोम जलाकर गन्ने का रस पका रहे हैं। लगातार जलने वाले इन पदार्थों से निकलने वाला काला जहरीला धुआं पूरे गांव और हाइवे किनारे के क्षेत्रों में फैल रहा है, जिससे हवा दूषित हो रही है और लोगों का सांस लेना दूभर हो गया है।

ग्रामीणों का कहना है कि यह जहरीला धुआं सुबह से लेकर देर रात तक फैलता रहता है, जिससे आंखों में जलन, खांसी और सिरदर्द की समस्या आम हो गई है। बुजुर्गों और बच्चों की तबीयत भी बिगड़ने लगी है। कई बार स्थानीय लोगों ने प्रशासन से शिकायत की, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। एसडीएम उदित पवार ने पहले मौके पर पहुंचकर कोल्हु संचालकों को चेतावनी दी गई थी, लेकिन बावजूद इसके वे नियमों को ताक पर रखकर खुलेआम प्रदूषण फैला रहे हैं। प्रशासन की अनदेखी और विभागीय शिथिलता से ग्रामीणों में आक्रोश है।

### किसानों की मजबूरी, औने-पौने दाम पर बेच रहे हैं गन्ना

क्षेत्र के किसानों की दुर्दशा भी कम नहीं है। ओसवाल चीनी मिल पर पिछले दो वर्षों से किसानों का गन्ना भुगतान बकाया है। भुगतान न मिलने के कारण किसान आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। इस वर्ष भी फैक्ट्री के न चलने की आशंका से किसान मजबूरी में कोल्हुओं को औने-पौने दाम पर गन्ना बेचने को विवश हैं। गन्ना किसानों का कहना है कि हमने दो साल से भुगतान की उम्मीद लगाई, लेकिन अब खेत में खड़ा गन्ना सूखने लगा है। मजबूर होकर कोल्हुओं को सस्ता बेच रहे हैं।

### ग्रामीणों की चेतावनी, नहीं रुका धुआं तो सड़क पर उतरेंगे लोग

गरगईया गांव के ग्रामीणों ने कहा है कि अगर प्रशासन ने जल्द ही प्रदूषण फैलाने वाले कोल्हुओं के खिलाफ कार्रवाई नहीं की तो वे सड़क पर उतरकर प्रदर्शन करेंगे। ग्रामीणों का कहना है कि अब यह केवल पर्यावरण का नहीं बल्कि जन स्वास्थ्य का गंभीर मुद्दा बन गया है।

# शुगर मिल वर्कर्स यूनियन ने अपनी मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**देवरनियां।** किसान सहकारी चीनी मिल सेमीखेड़ा के शुगर मिल वर्कर्स यूनियन ने अपनी मांगों पर कार्रवाई न होने के विरोध में प्रदर्शन किया। यूनियन ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो वर्तमान पेराई सत्र बाधित हो सकता है।

यूनियन के अनुसार, कर्मचारी वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा दिए गए मांग पत्र पर 12 दिन बीत जाने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई है, जिसे उन्होंने उच्च अधिकारियों की उदासीनता बताया। उनकी मुख्य मांगों में सहकारी चीनी मिल संघ के नियुक्त कर्मचारियों और अधिकारियों का 17 प्रतिशत बकाया महंगाई भत्ता तुरंत लागू करना शामिल है।

इसके अलावा, दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों के कार्य परिवर्तन से वित्तीय भार बढ़ने से बचने और उन्हें यथावत रखने की मांग की गई है। सहकारी चीनी मिलों में आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए समान कार्य समान वेतन नीति लागू करने की भी मांग की गई है। यूनियन ने बताया कि उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय चीनी मिल अधिकारी परिषद लखनऊ, सहकारी चीनी मिल अधिकारी परिषद और सहक. ारी चीनी मिल एवं आसवनी कर्मचारी वेलफेयर एसोसिएशन की 13 अक्टूबर को हुई संयुक्त बैठक में आंदोलन का निर्णय लिया गया था।

इसी क्रम में, 30 अक्टूबर से कर्मचारी काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। 7 नवंबर को संघ कार्यालय लखनऊ में ज्ञापन सौंपा जाएगा और गन्ना मंत्री के आवास तक पैदल मार्च किया जाएगा। यदि समाधान नहीं हुआ तो 8 नवंबर से श्टूल डाउनश और श्पैन बंदश करने को बाध्य होना पड़ेगा।

यूनियन ने उच्चाधिकारियों से समस्याओं का शीघ्र समाधान करने का अनुरोध किया है। उन्होंने चेता. वनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई और आंदोलन के कारण कारखाने में किसी प्रकार का व्यवधान या क्षति होती है, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

**शाह टाइम्स आपके साथ....**

**हमें बताएं अपने इलाके की समस्या**

प्रिय पाठक, शहर में यदि आपके घर के आसपास या इलाके में सड़क टूटी होने, कूड़ा न उठने जैसी कोई ऐसी समस्या है जो तमाम लोगों को परेशान कर रही है तो फोटो के साथ हमें लिख भेजें। हम आपकी समस्या को प्रमुखता से अपने अगले अंक में प्रकाशित करेंगे। शाह टाइम्स के व्हाट्सएप नंबर 9720775874 पर अपनी समस्या आप हमें भेज सकते हैं।

### साहब मेरी मां द्वारा दर्ज कराया गया मुकदमा झूठा है इसे खारिज किया जाए

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नवाबगंज।** साहब मैं हंसी खुशी अपनी ससुराल में रह रही हूं मेरी मां ने मेरे पति और ससुराल के लोगों के खिलाफ दहेज में दस लाख रुपये मांगे जाने का आरोप लगाते हुए जो मुकदमा लिखाया है वह सरासर झूठा है इसे खारिज किया जाए।

एसएसपी अनुराग आर्य को सौंपे गए अपने शिकायती पत्र में कस्बे की इस्लाम नगर बस्ती के इसहाक की पत्नी अलशिफा ने सोमवार को उनसे मिलकर मां द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट को झूठा बताया। उसने कप्तान को बताया कि उनके पति, ससुर और देवर के साथ शुक्रवार को उस समय मारपीट की गई थी जब उनका देवर और पिता दुकान खोलने जा रहे थे। इस मारपीट में इसके देवर अनीस अहमद का सिर फट गया था। पुलिस को रिपोर्ट दर्ज कराए जाने के लिए तहरीर दी गई थी, लेकिन उसकी रिपोर्ट तो दर्ज नहीं की गई, उल्टे उसके देवर, ससुर और पति के खिलाफ झूठी रिपोर्ट दर्ज कर दी गई। एसएसपी को दिए गए इस शिकायती पत्र पर उन्होंने थाना पुलिस को कार्यवाही के आदेश दिए हैं। इसके साथ ही अनीस अहमद ने भी थाना पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज न किए जाने को लेकर एसएसपी को शिकायती पत्र दिया, जिसपर उन्होंने कार्यवाही के आदेश दिए हैं।

समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )
मो0- 9456212547 8077380691
Email: irfanggnewslive@gmail.com

# एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारत शीर्ष पर

**दक्षिण एशियाई वरिष्ठ एथलेटिक्स चैंपियनशिप**

● **शानदार प्रदर्शन कर 20 स्वर्ण, 20 रजत और 18 कांस्य पदक सहित कुल 58 पदक जीते**

**रांची, वार्ता।** चौथी दक्षिण एशियाई वरिष्ठ एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में भारत शानदार प्रदर्शन कर 20 स्वर्ण, 20 रजत और 18 कांस्य पदक सहित कुल 58 पदकों के साथ शीर्ष पर रहा। वहीं श्रीलंका 16 स्वर्ण, 14 रजत और 10 कांस्य पदकों सहित कुल 40 पदकों के साथ दूसरे तथा दो रजत और चार कांस्य पदक के साथ नेपाल को तीसरा स्थान हासिल हुआ।

चैंपियनशिप के तीसरे और आखिरी दिन रविवार को बिरसा मुंडा स्टेडियम में शानदार प्रदर्शन देखने को मिले और अनेक नए मीट रिकॉर्ड बने। पुरुष 400 मीटर बाधा दौड़ में भारत के रुचित मोरी ने 50:10 सेकंड के समय के साथ नया मीट रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक जीता। कूडा लियानगे अयोमा (श्रीलंका) ने रजत और कर्ण बाग (भारत) ने कांस्य जीता। महिला 400 मीटर बाधा दौड़: श्रीलंका की केएच अराच्चिगे दासुन ने 58:66 सेकंड का नया मीट रिकॉर्ड बनाया। अराल लोकू (श्रीलंका) को रजत और ओलिम्बा स्टेफी (भारत) को कांस्य मिला।

**पुरुष भाला फेंक:** श्रीलंका के पथिराजे रुमेस ने 84.29 मीटर की दूरी फेंककर स्वर्ण पदक जीता, जबकि रनसिघे जगत (श्रीलंका) और उत्तम पाटिल (भारत) ने क्रमश: रजत और कांस्य जीता।

**पुरुष लंबी कूद:** भारत के मोहम्मद साजिद ने 7.68 मीटर की छलांग लगाकर स्वर्ण पदक जीता। उनागोला यस्वेस्मी (श्रीलंका) को रजत व सरुण (भारत) को कांस्य मिला।

**महिला ऊंची कूद:** भारत की रीत राठौर ने 1.76 मीटर की छलांग के साथ स्वर्ण पदक जीता। गामगे रानिदी (श्रीलंका) ने रजत और सुप्रिया (भारत) ने कांस्य प्राप्त किया। महिला भाला फेंक: श्रीलंका की हाताराबागे लेका नादेका ने 60.14 मीटर का नया मीट रिकॉर्ड बनाया, जिससे उन्होंने 2008 में बने 51.70 मीटर के पुराने रिकॉर्ड को तोड़ा। भारत की करिश्मा सनील ने रजत और दीपिका ने कांस्य पदक जीता।

**पुरुष 10 हजार मी. दौड़:** भारत के अभिषेक ने 30:29:46 मिनट में स्वर्ण पदक जीता। राजन रोकाया (नेपाल) ने रजत और प्रिंस कुमार (भारत) ने कांस्य जीता।

**पुरुष हैमर थ्रो:** भारत के दमनीत सिंह ने 66.99 मीटर की थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता। आशीष जाखड़ (भारत) ने रजत और केके दामिथ मद धार (श्रीलंका) ने कांस्य प्राप्त किया।

**महिला 800 मीटर दौड़:** भारत की अमनदीप कौर ने 2:04:66 मिनट में स्वर्ण पदक जीता। कोदिथुवक्कु तक्शी (श्रीलंका) और थोटा संकीर्तन (भारत) ने क्रमश: रजत और कांस्य जीता।

**पुरुष 800 मीटर दौड़:** श्रीलंका के डीएम हर्षा एस करुणा ने 1:51:96 मिनट में स्वर्ण पदक जीता। सोम बहादुर कुमाल (नेपाल) ने रजत और मोपाली वेंकटराम रेड्डी (भारत) ने कांस्य जीता।

**महिला 200 मीटर दौड़:** श्रीलंका की मोहम्मद यामिक फातिमा ने 23:58 सेकंड में स्वर्ण पदक जीता। भारत की साक्षी चव्हाण (23:91 सेकंड) ने रजत और नीरू पाठक (24:06 सेकंड) ने कांस्य जीता।

**पुरुष 4X400 मीटर रिले:** श्रीलंका ने 3:05:12 मिनट में स्वर्ण पदक जीता। भारत ने 3:05:38 मिनट में रजत और बंगलादेश ने 3:15:00 मिनट में कांस्य पदक हासिल किया।

**महिला 4X400 मीटर रिले:**: भारत की महिला टीम ने 3:34:70 मिनट में स्वर्ण पदक जीता। श्रीलंका (3:35:71) ने रजत और बंगलादेश (3:55:63) ने कांस्य जीता।

पदक तालिका में बंगलादेश ने (तीन कांस्य), मालदीव ने (एक कांस्य) और भूटान (कोई पदक नहीं) क्रमश: चौथे, पांचवें और छठे स्थान पर रहे।




# पैट कमिंस पीठ की चोट के कारण पहले एशेज टेस्ट से बाहर

**कैनबरा, वार्ता।** ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर पैट कमिंस पीठ की चोट के कारण पर्थ में पहले एशेज टेस्ट से आधिकारिक तौर पर बाहर हो गए हैं।

कमिस की गैरमौजूदगी में स्टीवन स्मिथ 21 नवंबर से शुरू होने वाले इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया टीम की कप्तानी करेंगे। ऑस्ट्रेलियाई टीम के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडॉनल्ड ने कैनबरा में कहा किहमारे पास समय खत्म हो गया है। हमने लगभग एक हफ्ते पहले ही यह बता दिया था कि उसे ठीक होने में चार हफ्ते से ज्यादा लगेंगे और दुर्भाग्य से हमारे पास समय नहीं बचा है, लेकिन हम दूसरे टेस्ट मैच के लिए बहुत आशावादी और उम्मीद कर रहे हैं। तो मुझे लगता है कि अगला सवाल यह है कि टाइम फ्रेम क्या है।

दूसरे टेस्ट के लिए क्या स्थिति है। मैं इसका जवाब नहीं दे पाऊंगा, सिवाय इसके कि वह इस हफ्ते गेंदबाजी शुरू कर देगा और यह एक बहुत बड़ा कदम है। यही वह बड़ा वेरिएबल था जिसे हम जोड़ना चाहते थे और वह जानकारी हासिल करना चाहते थे। इसलिए हम दूसरे टेस्ट की ओर बढ़ रहे हैं और बहुत उम्मीद है कि इसका नतीजा पॉजिटिव होगा।

## चोटिल प्रतिका रावल महिला विश्व कप से हुई बाहर

**नवीं मुम्बई, वार्ता।** सेमीफाइनल से पहले भारतीय महिला टीम को लगा झटका, सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल टूर्नामेंट के आखिरी लीग मैच में बंगलादेश के खिलाफ चोटिल होने के बाद महिला विश्व कप 2025 से बाहर हो गई हैं। नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में रविवार को बारिश से प्रभावित मैच में बाउंड्री रोप के पास क्षेत्ररक्षण करते समय रावल फिसल कर गिरने के बाद चोटिल हो गई थी। उन्हें टीम के सपोर्ट स्टाफ की मैदान से बाहर ले जाया गया था। मैच रद्द होने के बाद 25 वर्षीय का रावल का स्कैन हुआ था।

गुरुवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल मुकाबले से पहले भारत के लिए यह एक बड़ा झटका है। रावल ने दिसंबर 2024 में भारतीय टीम में पर्दापण किया था। उन्होंने पिछले मैच में न्यूजीलैंड के खिलाफ उसी जगह पर अपना पहला वर्ल्ड कप शतक बनाया था। इस दौरान, वह महिला वनडे में 1000 रन बनाने वाली संयुक्त रूप से सबसे तेज़ खिलाड़ी भी बन गईं और एक कैलेंडर वर्ष में 1000 रन बनाने वाली दूसरी खिलाड़ी बनने की कगार पर थीं। उल्लेखनीय है कि बंगलादेश के खिलाफ बारिश के कारण मैच रद्द होने के बाद भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने प्रतिका की चोट पर कहा था कि चिकित्सा दल उनकी जांच कर रहा है। उम्मीद है कि वह जल्द ठीक हो जाएंगी।




# श्रेयस अय्यर की पसलियों में चोट, सिडनी के अस्पताल में भर्ती

● **बीसीसीआई का चिकित्सक दल अय्यर की चोट पर लगातार नजर रखे हुए है**

**सिडनी, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय मैच के दौरान पसलियों में चोट लगने के बाद भारतीय बल्लेबाज श्रेयस अय्यर को सिडनी के एक अस्पताल की सघन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में भर्ती कराया गया है। सोमवार सुबह बीसीसीआई)0 ने एक्स पर जारी एक बयान कहा कि श्रेयस अय्यर को 25 अक्तूबर को सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय मैच के दौरान क्षेत्ररक्षण के दौरान बाईं पसलियों के पास चोट लगी थी। इसके बाद उन्हें आगे की जांच के लिए अस्पताल ले जाया गया। उन्होंने कहा कि स्कैन में पता चला है कि अय्यर की प्लीहा में लकीरनुमा चोट आई है। उनका इलाज जारी है और वह धीरे-धीरे ठीक हो रहे हैं। बीसीसीआई का चिकित्सक दल सिडनी और भारत के विशेषज्ञ चिकित्सकों के साथ मिलकर अय्यर की चोट पर लगातार नजर रखे हुए है। भारतीय टीम के डॉक्टर सिडनी में ही रहेंगे ताकि श्रेयस की रोजाना की स्थिति का मूल्यांकन कर सकें। अय्यर को यह चोट क्षेत्ररक्षण के दौरान उस समय लगी, जब उन्होंने एलेक्स कैरी को आउट करने के लिए पीछे की ओर डाइव लगाकर एक शानदार कैच लेने का प्रयास किया।

**खेल विशेष**

## लक्ष्य-किदांबी हाइलो ओपन में करेंगे भारतीय चुनौती की अगुवाई

**सारब्रुकन, वार्ता।** स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन और किदांबी श्रीकांत मंगलवार से सारब्रुकन में सारलैंडहाले में शुरू होने वाले हाइलो ओपन 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत की चुनौती की अगुवाई करेंगे। टूर्नामेंट के पहले राउंड में लक्ष्य पांचवीं सीड और डिफेंडिंग चैंपियन फ्रांस के क्रिस्टो पोपोव से भिड़ेंगे। 24 साल के भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत भी पुरुष एकल ड्रॉ में शामिल होंगे। किदांबी श्रीकांत, जो मई में मलेशिया मास्टर्स में क्वालीफायर से टूर्नामेंट शुरू करने के बाद रनर-अप रहे थे, पहले राउंड में किरण जॉर्ज से भिड़ेंगे। इस साल बीडब्लयूएफ वर्ल्ड टूर खिताब जीतने वाले एकमात्र भारतीय यूएस ओपन चैंपियन आयुष शेट्टी भी टूर्नामेंट में पुरुष एकल ड्रॉ का हिस्सा हैं।

## सिंधु ने बीडब्ल्यूएफ टूर प्रतियोगितायों से लिया नाम वापस

**नई दिल्ली, वार्ता।** पैर की चोट से उबर रही भारत की स्टार बैडमिटन खिलाड़ी पीवी सिधु ने 2025 में होने वाले सभी बीडब्ल्यूएफ टूर प्रतियोगिताओं से नाम वापस लेने का फैसला किया है। सिधु ने जारी एक बयान में कहा किअपनी टीम से सलाह लेने और शानदार डा. पारदीवाला के मार्गदर्शन के बाद, उन्हें लगा कि 2025 में होने वाले सभी शेष बीडब्ल्यूएफ टूर स्पर्धाओं से नाम वापस लेना उनके लिए सबसे अच्छा होगा। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता ने बताया कि सीजन के यूरोपीय लेग से पहले लगी उनकी चोट अभी पूरी तरह से ठीक नहीं हुई है। उन्होंने बयान में लिखा कियूरोपीय लेग से पहले मुझे जो पैर में चोट लगी थी, वह अभी पूरी तरह से ठीक नहीं हुई है, और हालांकि इसे स्वीकार करना कभी आसान नहीं होता, चोटें हर एथलीट की यात्रा का एक अटूट हिस्सा होती हैं।

# भोई ने रिकॉर्ड के साथ जीता सोना




● **भोई ने लड़कियों के 44 किग्रा क्लीन एंड जर्क वर्ग में 92 किग्रा का भार उठाया**

**नई दिल्ली/मनामा, वार्ता।** भारत की प्रीतिस्मिता भोई ने एशियाई युवा खेलों 2025 में भारोत्तोलन में एक नया विश्व युवा रिकॉर्ड बनाकर इतिहास रचते हुए लड़कियों के 44 किलोग्राम क्लीन एंड जर्क वर्ग में 92 किलोग्राम का भार उठाकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उन्होंने स्नैच सेक्शन में 66 किलोग्राम भार उठाकर रजत पदक भी जीता और कुल दो पदक हासिल किए। भोई ने अपने क्लीन जर्क अभियान की शुरुआत 87 किलोग्राम के सफल लिफ्रट से की, इसके बाद 90 किलोग्राम और अपने अंतिम प्रयास में 92 किलोग्राम भार उठाकर लड़कियों के 44 किला. ग्राम वर्ग में नया विश्व युवा रिकॉर्ड बनाया। चीन की वू जिहोंग (88 किलोग्राम) और फिलीपींस की प्रिसेस जे एन डियाज़ (78 किलोग्राम) क्रमश: दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं। यह स्वर्ण पदक एशियाई युवा खेलों में भारत का तीसरा और किसी व्यक्ति द्वारा जीता गया पहला स्वर्ण पदक है। भारत के अन्य दो स्वर्ण पदक पुरुष और महिला कबड्डी टीमों ने जीते थे। लड़कियों के 44 किलोग्राम स्नैच सेक्शन में, प्रीतिस्मिता भोई ने अपने पहले प्रयास में 66 किलोग्राम भार उठाकर रजत पदक जीता। 68 किलोग्राम और 69 किलोग्राम के उनके अगले दो प्रयास असफल रहे। चीन की वू जिहोंग ने 68 किलोग्राम भार उठाकर लड़कियों के 44 किलोग्राम स्नैच में स्वर्ण पदक जीता, जबकि वियतनाम की दाओ थी येन ने 64 किलोग्राम भार उठाकर कांस्य पदक जीता। प्रीतिस्मिता भोई का कुल 158 किलोग्राम (66 किलोग्राम स्नैच 92 किलोग्राम क्लीन एंड जर्क) का भार सात प्रतिस्पर्धी भारोत्तोलकों में सबसे अच्छा था। लड़कों के 60 किलोग्राम वर्ग में, भारत के अरुमुगपंडियन महारा. जन ने स्नैच (114 किलोग्राम) और एक क्लीन एंड जर्क (142 किलोग्राम) में रजत पदक जीते। भारत ने एथलेटिक्स और कॉम्बैट स्पोर्ट्स में भी शानदार प्रदर्शन किया। लड़कियों की मेडले रिले टीम - जिसमें एडविना जेसन, तन्नू, भूमिका नेहते और शौर्या अंबुरे शामिल थीं - ने फाइनल में 2:09:65 सेकंड का समय निकालकर रजत पदक जीता।

# एशियन पदक विजेताओं को किया सम्मानित

● **तैराकी कोच संजय बिष्ट ने संयुक्त रूप से विजेताओं को स्मृति चिन्ह प्रदान किए**

**नई दिल्ली, वार्ता।** साउथ दिल्ली स्विमिग एसोशिएशन ने एशियन चैंपियनशिप में पदक जीतने वाले कुशग्रा रावत और भाव्य सचदेवा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

यहां तालकटोरा स्विमिग स्टेडियम पर 18 वीं साउथ दिल्ली स्विमिग चैंपियनशिप में दिल्ली के इन दोनों स्विमरो यह पुरस्कार स्विमिग फेडरेशन के उपाध्यक्ष राजकुमार, पूर्व इंटरनेशनल तैराक एसआर साहू, भानू सचदेवा, तैराकी कोच संजय बिष्ट ने संयुक्त रूप से स्मृति चिन्ह प्रदान किए। भाव्य और कुशग्रा ने अहमदाबाद में आयोजित एशियन चैंपियनशिप कांस्य पदक जीते थे। इस अवसर साउथ दिल्ली एसोसिएशन के सचिव ने कहा कि स्विमिग के इतिहास में पहली बार सभी पदक विज. ताओं को नगद पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया जा रहा है। इस चैंपियनशिप में एक से पांच ग्रुप में आने वाले सभी उम्र के तैराक भाग ले रहें है। जहां पहला स्थान पाने वाले बाल व बालकों को हजार, दूसरे स्थान वाले को साढे सात सौ तथा तीसरा स्थान पाने वाले को पांच सौ रूपये की नकद राशि दी जा रही है।

बालकों के ग्रुप चार के 50 मीटर बटर फलाई में युवराज ने पहला, जिगर शर्मा ने दूसरा और वंश ने तीसरा स्थान पाया। बालिकाओं में अमायरा ने पहला, स्नेह ने दूसरा और वाणी ने तीसरा स्थान पाया।

बालकों के ग्रुप पांच में एम एस टोकस ने पहला कर्तव्य भारद्वाज ने दूसरा व श्रेय अग्रवाल ने तीसरा स्थान पाया। बालिकाओं में तान्वी टोकस ने पहला आदित्री ने दूसरा और गार्गी ने तीसरा स्थान हासिल किया।

## भारत के खिलाफ टी-20 सीरीज में जम्पा की जगह तनवीर सांगा को मिला मौका

**सिडनी, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया ने लेग स्पिनर तनवीर सांगा को भारत के खिलाफ होने वाली अंतर्राष्ट्रीय टी-20 के लिए एडम जम्पा की जगह टीम में शामिल किया गया है। 23 वर्षीय सांगा बीबीएल में सिडनी थंडर्स के लिए खेलते हैं। उन्होंने अब तक कुल सात अंतर्राष्ट्रीय टी-20 मैच खेले हैं लेकिन 2023 के बाद से उन्हें मौका नहीं मिला है। अपने पर्दापण मैच में उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 31 रन देकर चार विकेट लिए थे। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया ए और भारत ए के बीच हुए तीन एकदिवसीय मैचों में कुल सात विकेट लिए थे। साथ ही एकदिवसीय कप के चार मैचों में वह 10 विकेटों के साथ न्यू साउथ वेल्स के लिए सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। जम्पा निजी कारणों से टी-20 सीरीज के शुरुआती मैच में उपलब्ध नहीं हैं।

# चोट से उबर चुके टेम्बा बावुमा दक्षिण अफ्रीका की टीम में शामिल

● **बावुमा को दो टेस्ट मैच सीरीज के लिए टीम में बतौर कप्तान शामिल किया गया**

**प्रिटोरिया, वार्ता।** टेम्बा बावुमा पिडली की चोट से ठीक होने के बाद अगले महीने भारत के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए दक्षिण अफ्रीका की टेस्ट टीम में बतौर कप्तान शामिल किया गया हैं। बावुमा सितम्बर में इंग्लैंड में चोट लगने के कारण पाकिस्तान के खिलाफ वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप टाइटल डिफेंस की शुरुआत में नहीं खेल पाए थे। वह इस हफ्ते पाकिस्तान में शुरू होने वाले किसी भी सफेद गेंद मैच में नहीं खेलेंगे, लेकिन टेस्ट टीम में शामिल होने से पहले बेंगलुरु में इंडिया ए के खिलाफ प्रथम श्रेणी मैच में दक्षिण अफ्रीका ए टीम का हिस्सा होंगे। दक्षिण अफ्रीका के चयनकर्ताओं ने पाकिस्तान में ड्रा सीरीज खेलने वाली टीम में एकमात्र बल्लेबाजी में बदलाव करते हुए बावुमा को टीम में शामिल किया गया है। उन्हें मध्यम क्रम के बल्लेबाज डेविड बेडिंगम की जगह टीम में जगह दी गई है। बेडिंगम ने दक्षिण अफ्रीका के लिए 15 टेस्ट खेले हैं और एक शतक और चार अर्धशतक बनाए हैं, लेकिन बुलावायो में जिम्बाब्वे के खिलाफ 82 रन बनाने से पहले, उन्होंने 12 पारियों में एक भी अर्धशतक नहीं बनाया था। टोनी डी जोंजी, ट्रिस्टन स्टब्स, डेवाल्ड ब्रेविस और जुबैर हमजा सभी टीम में हैं। दक्षिण अफ्रीका ने पाकिस्तान के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करने वाले तीन स्पेशलिस्ट स्पिनरों केशव महाराज, साइमन हार्मर और सेनुरा मुथुसामी को टीम में बनाये रखा है।



# रणजी ट्रॉफी में गरजा पृथ्वी शॉ का बल्ला

**एलीट ग्रुप बी मुकाबले में महज 141 गेंदों पर जड़ दिया दोहरा शतक, बन गया रिकॉर्ड**

**चंडीगढ, वार्ता।** भारतीय टेस्ट टीम से बाहर चल रहे पृथ्वी शॉ का बल्ला रणजी ट्रॉफी में जमकर चल रहा है और उन्होंने चंडीगढ़ के खिलाफ एलीट ग्रुप बी मुकाबले की दूसरी पारी में दोहरा शतक लगाया। महाराष्ट्र के लिए खेलते हुए पृथ्वी ने महज 141 गेंदों पर दोहरा शतक पूरा किया। यह रणजी ट्रॉफी के एलीट ग्रुप इतिहास का दूसरा सबसे तेज दोहरा शतक है। पृथ्वी ने इसके साथ ही राहुल सिंह का रिकॉर्ड तोड़ा जो उन्होंने 2023-24 में बनाया था। राहुल ने 143 गेंदों पर रणजी ट्रॉफी में दोहरा शतक लगाया था, लेकिन पृथ्वी ने अब उन्हें पीछे छोड़ दिया है। पृथ्वी से आगे अब इस मामले में रवि शास्त्री हैं जिन्होंने 1984-85 सीजन में 123 गेंदों पर यह उपलब्धि अपने नाम की थी। शा रणजी ट्रॉफी के मौजूदा सीजन से पहले मुंबई छोड़कर महाराष्ट्र टीम में शामिल हुए थे और महाराष्ट्र के लिए यह उनका दूसरा ही मुकाबला है। इससे पहले पृथ्वी ने 72 गेंदों पर शतक पूरा किया था जो रणजी ट्रॉफी का छठा सबसे तेज सैकड़ा था। पृथ्वी लंबे समय से भारतीय टीम से बाहर चल रहे हैं और घरेलू क्रिकेट में इस दमदार प्रदर्शन से उनका हौसला बढ़ा होगा। यह प्रथम श्रेणी क्रिकेट में किसी भारतीय द्वारा लगाया गया तीसरा सबसे तेज दोहरा शतक है। वह इस मामले में शास्त्री और तन्मय अग्रवाल से पीछे हैं। तन्मय ने अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ 2024 में 119 गेंदों पर दोहरा शतक लगाया था। वहीं, शास्त्री ने 1985 में बड़ौदा के खिलाफ 123 गेंदों पर ऐसा किया था। चंडीगढ़ के खिलाफ रणजी ट्रॉफी के दूसरे दौर के मुकाबले में महाराष्ट्र ने दूसरी पारी घोषित कर दी और चंडीगढ़ को 464 रनों का लक्ष्य दिया हैं। महाराष्ट्र के लिए दूसरी पारी में पृथ्वी ने 156 गेंदों पर 29 चौकों और पांच छक्कों की मदद से नाबाद 222 रन बनाए जिसके दम पर महाराष्ट्र ने दूसरी पारी में तीन विकेट पर 359 रन बनाकर 463 रनों की बढ़त हासिल की। महाराष्ट्र ने पारी घोषित करने का फैसला किया। टीम के लिए पृथ्वी के अलावा सिद्धेश वीर ने 62, ऋतुराज गायकवाड़ ने 36 और अर्शीन कुलकर्णी ने 31 रन बनाए। इससे पहले, महाराष्ट्र ने पहली पारी में 313 रन बनाए थे और चंडीगढ़ की पारी 209 रन पर आलआउट कर 104 रनों की बढ़त हासिल कर ली थी।



शाह टाइम्स

सम्पादकीय

मंगलवार, 28 अक्टूबर 2025

# एसआईआर का ऐलान

बिहार में विधानसभा चुनाव के बीच मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सोमवार को एसआईआर के दूसरे चरण का ऐलान कर दिया। नई दिल्ली में ऐलान करते हुए उन्होंने कहा कि एसआईआर का फेज 1 खत्म हो गया और अब इसका दूसरा चरण शुरू होगा। उनका यह भी कहना था कि बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण सफल तरीके से किया गया और बिहार के लोगों ने एसआईआर पर भरोसा जताया। चुनाव आयोग के अनुसार विशेष गहन पुनरीक्षण के दूसरे फेज में देश के 12 राज्यों में यह अभियान चलाया जाएगा और यह 28 अक्टूबर से शुरू होगा और 7 फरवरी को पूरा होगा। उन्होंने यह भी साफ किया कि जिन राज्यों में एसआईआर क्रिया पूरी की जाएगी, उन सभी राज्यों की मतदाता सूची सोमवार रात 12 बजे फ्रीज कर दी जाएंगी। मुख्य चुनाव आयुक्त ने संवाददाता सम्मेलन में यह भी बताया कि जिन 12 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेश में एसआईआर कराना है इनमें अंडमान, निकोबार, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, केरल, लक्षद्वीप, एमपी, पुड्डुचेरी, राजस्थान, तमिलनाडु, उप्र और प. बंगाल शामिल हैं। इन राज्यों में कुल मतदाताओं की संख्या करीब 51 करोड़ है। मुख्य चुनाव आयुक्त ने यह भी साफ किया कि एसआईआर में सभी योग्य मतदाताओं को जोड़कर अयोग्यों को बाहर किया जाएगा। हालांकि उन्होंने यह भी बताया कि जिन राज्यों में इस समय स्थानीय निकाय चल रहे हैं या होने वाले हैं वहां फिल्हाल यह नहीं होगा, क्योंकि स्थानीय स्तर का प्रशासन चुनावी कामकाज में व्यस्थ रहेगा। हालांकि अभी तक पूरी जानकारी सार्वजनिक नहीं हुई है, लेकिन अधिकारियों के अनुसार दूसरे चरण में दस से 15 राज्य शामिल होंगे। इनमें ऐसे राज्य होंगे जहां 2026 में चुनाव होने वाले हैं। इन राज्यों में तमिलनाडु, प. बंगाल, केरल, असम और पुड्डुचेरी शामिल हैं। एसआईआर हो, इससे भला किसी को क्या आपत्ति हो सकती है। पात्र मतदाता वोटर लिस्ट में होने ही चाहिएं और जो पात्र नहीं हैं, उनको वोटर लिस्ट से बाहर होना चाहिए, लेकिन यहीं एक पेंच भी है, जिस तरह का रवैया अब तक चुनाव आयोग का रहा है और वह कई गंभीर सवालों के घेरे में भी है। जिसमें वोटर चोरी का मुद्दा पूरी तरह देश में गर्माया हुआ है, उसका जवाब चुनाव आयोग अभी तक भी ठीक से नहीं दे पाया है। सवाल तो यह भी उठ रहा है कि आखिर चुनाव आयोग एसआईआर को लेकर हड़बड़ी में क्यों है। जिस चीज का चुनाव से सीधा संबंध हो, वह काम बेहद सतर्कता व धैर्य के साथ होना चाहिए। सवाल तो इस पर भी खड़ा है कि जो शपथ पत्र उसने सुप्रीम कोर्ट में यह कहकर जमा कराया था कि कोई भी उसके काम में हस्तक्षेप नहीं कर सकता, उससे कोई यह नहीं पूछ सकता कि किसके नाम कटे किसके जोड़े गए, ऐसे में जरूरी है कि चुनाव आयोग इस काम में बिना हड़बड़ी दिखाए निष्पक्षता से आगे बढ़े।

## राहुल के प्यार का शब्दों में बयान नहीं



डीएमके और कांग्रेस भले ही अलग-अलग रास्तों पर आगे बढ़ीं थी, लेकिन अब देशहित में दोनों पार्टियां एक ही टीम में हैं, राहुल गांधी उन्हें बड़ा भाई मानते हैं और राहुल गांधी द्वारा उनके लिए दिखाए गए प्यार को वे शब्दों में नहीं बयां कर सकते, हालांकि डीएमके और कांग्रेस एक समय अलग-अलग रास्तों पर चले थे, पर आज देश की भलाई के लिए, तमिलनाडु के विकास और भारत की एकता के लिए, हम एक ही तरफ हैं, हम एक जैसी सोच के साथ आगे बढ़ रहे हैं, वह राहुल गांधी द्वारा उनके प्रति दिखाए प्यार को शब्दों में बयान नहीं कर सकते, मैंने दूसरे राजनीतिक नेताओं को भाई कहकर संबोधित नहीं किया है,लेकिन जब भी राहुल गांधी से बात करता हूं, तो ऐसा करता हूं। **-एमके स्टालिन, सीएम, तमिलनाडु**

# धोखाधड़ी व ऑनलाइन फ्रॉड के बढ़ते मामले, ऐसे करें अपनी सुरक्षा



**मौ. सुलेमान**

हाल ही में जारी एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में साइबर सुरक्षा घटनाएं 2022 में जहां लगभग 10.29 लाख थीं, वहीं 2024 में बढ़कर लगभग 22.68 लाख तक पहुंच गईं। केन्द्रीय वित्त मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2024 में साइबर धोखाधड़ी के कारण देश को लगभग 22,845 करोड़ से अधिक का नुकसान हुआ, जो 2023 की तुलना में लगभग 206 प्रतिशत की भयावह वृद्धि को दर्शाता है। एक अन्य रिपोर्ट बताती है कि 2021 से 2024 के बीच साइबर अपराधों में 400 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई है। ये आंकड़े स्पष्ट करते हैं कि भारत में डिजिटल विस्तार के साथ-साथ साइबर अपराधों और धोखाधड़ी जैसे मामलों की संख्या में भी तेजी से वृद्धि हुई है। इन अपराधों और धोखाधड़ी का शिकार न केवल आम नागरिक हो रहे हैं बल्कि कई नामचीन व्यक्ति भी हुए हैं। इन घटनाओं ने पूरे समाज को इस विषय पर गंभीरता से विचार करने के लिए मजबूर कर दिया है। हालांकि सरकार और पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, फोन और मैसेज के माध्यम से लोगों को जागरूक और सावधान किया जा रहा है, इसके बावजूद ठगों और जालसाजों का नेटवर्क बेखघैफ होकर सक्रिय है।

सरकार और पुलिस प्रशासन की कई कोशिशों के बावजूद साइबर ठग पकड़े नहीं जा पा रहे हैं क्योंकि वे हर दिन साइबर ठगी और ऑनलाइन फ्रॉड के नए-नए तरीके ईजाद कर रहे हैं। पहले साइबर ठगी या धोखाधड़ी बहुत सीमित थी, पहले कहा जाता था कि आपकी लॉटरी लगी है या फोन पर आपसे ओटीपी मांगा जाता था लेकिन अब ठग तकनीकी रूप से बहुत उन्नत हो गए हैं। वे अब फर्जी लिंक, नकली जॉब ऑफर, फर्जी पैकेज डिलीवरी, क्यूआर कोड, फर्जी वीडियो या किसी परिचित की आवाज या वीडियो क्लिप बनाकर और डिजिटल गिरफ्तारी जैसे नए नए हथकंडे अपना रहे हैं। इन घटनाओं में अपराधी खुद को सरकारी अधिकारी, पुलिस कर्मी या बैंक या किसी कम्पनी आदि का प्रतिनिधि बताकर डराने, धमकाने या लालच देने की कोशिश करते हैं। दरअसल साइबर ठगी या ऑनलाइन फॉड वह अपराध है, जिसमें कंप्यूटर, मोबाइल फोन या इंटरनेट तकनीक का इस्तेमाल करके किसी व्यक्ति को मानसिक, आर्थिक या सामाजिक रूप से नुकसान पहुंचाया जाता है। फर्जी वेबसाइट, ईमेल, सोशल मीडिया अकाउंट, शॉपिंग प्लेटफॉर्म, नकली नोटिस या फर्जी कॉल ए सब आज अपराध के आधुनिक औजार बन चुके हैं।




ज्यादातर लोग अपने जीवन में कभी न कभी किसी न किसी रूप में इस तरह की ठगी का शिकार हुए हैं, और जो अब तक नहीं हुए हैं, वे सचमुच भाग्यशाली हैं, क्योंकि अपराधियों की योजनाएं इतनी चालाक और पेचीदा होती जा रही हैं कि आज के डिजिटल युग में इनसे बचपाना कठिन होता जा रहा है। शासन और प्रशासन जब तक किसी ठगी या धोखाधड़ी के तरीके को समझ पाते हैं, तब तक अपराधी कोई नया तरीका खोज लेते हैं। ठगी या ऑनलाइन धोखाधड़ी जैसे अपराध अब किसी एक व्यक्ति द्वारा नहीं, बल्कि संगठित रूप से चलाए जा रहे हैं। इन गिरोहों के ठिकानों तक पहुंचना बहुत मुश्किल होता है, क्योंकि उनका नेटवर्क बेहद तेज और तकनीकी रूप से इतना सशक्त होता है कि कई बार पुलिस के पहुंचने से पहले ही उन्हें खबर मिल जाती है और वे फरार हो जाते हैं।

यहां पर सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि किसी भी साइबर ठगी या धोखाधड़ी करने के लिए ठगों को हमारी व्यक्तिगत जानकारी चाहिए होती है और यह व्यक्तिगत जानकारी उनके लिए सबसे बड़ा हथियार बन जाती है। यहां सवाल यह है कि उन्हें हमारी यह जानकारी मिलती कहां से है? यहां पर मैं अपना और कुछ अन्य लोगों का अनुभव साझा करना चाहूंगा। मुझे एक बार एक ऐसे बैंक से फोन आया जिसमें मेरा कोई खाता भी नहीं था। कॉल करने वाली लड़की ने मेरा नाम, मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी सबकुछ सही-सही बताया। जब मैंने पूछा कि यह जानकारी आपको कहां से मिली है तो उसने कहा सर हमें एक्स बैंक से मिली है और संयोग से वह जिस बैंक का नाम बता रही थी उसी बैंक में मेरा वास्तविक खाता है। मुझे कई ऐसे बैंकों के नाम से लोन और क्रेडिट कार्ड के लिए फोन आता है जिनसे मैंने कभी सम्पर्क ही नहीं किया। मैं एक और घटना यहां पर साझा करना चाहूंगा। एक बार मुझे एक नामक संस्था के नाम से कॉल आया। उन्होंने मेरा नाम, पदनाम, ईमेल और पेशा तक बताया। वे मुझे एक प्रोजेक्ट से जोड़ना चाहते थे और इसके लिए मुझसे आधार, पैन, बैंक का कैंसल चेक और हस्ताक्षरित एग्रीमेंट मांग रहे थे जबकि मैंने उनसे कभी इस बारे में संपर्क ही नहीं किया था। इन घटनाओं से यह स्पष्ट हो रहा है कि हमारी व्यक्तिगत जानकारी हमारे ही बैंकों, टेलीकॉम कंपनियों, और जिन संस्थाओं में हम कार्य कर रहे हैं वहां के कुछ कर्मचारियों द्वारा उन्हें दी जा रही हैं या पैसों के लालच में बेची जा रही है। इसके अतिरिक्त सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, शॉपिंग वेबसाइट और ऑनलाइन ऐप भी हमारी जानकारी के बड़े स्रोत बन चुके हैं। जब हम किसी वेबसाइट पर अपनी जानकारी भरते हैं, या किसी संस्था में अपनी व्यक्तिगत जानकारी देते हैं तो हमसे यह वादा किया जाता है कि हमारी जानकारी सुरक्षित रखी जाएगी, लेकिन अधिकांश संस्थान इस वादे को पूरा नहीं कर रहे हैं परिणामस्वरूप, हमारी जानकारी अनजाने में या कई बार जानबूझकर ठगों के पास पहुंच जाती है। कुछ लोगों ने मुझे बताया की उनके खाते में पैसे डालने के नाम पर उनके खाते से पैसे निकाल लिए गए। कुछ को क्रेडिट कार्ड पर ऑफर और कुछ को फर्जी लिंक भेज कर उनके खाते और क्रेडिट कार्ड से पैसे निकाल लिए गए हैं। हालांकि साइबर अपराध से निपटने के लिए भारत में सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम IT Act सहित अनेक कानून बनाए गए हैं, परंतु कानून भी तभी प्रभावी होते हैं जब अपराधी पकड़े जाएं और सबूत मौजूद हों। अधिकांश मामलों में पर्याप्त सबूत न होने के कारण अपराधी आसानी से छूट जाते हैं और न्याय का सिद्धांत भी यही कहता है कि हचाहे हजार अपराधी छूट जाएं, पर एक भी निर्दोष को सजा नहीं मिलनी चाहिए। मगर यहां अपराध साबित न हो पाने की स्थिति अपराधियों को और प्रोत्साहित कर रही है। साइबर ठगी और ऑनलाइन फ्रॉड जैसे गम्भीर अपराधों पर अभी तक किए गए शोध और अध्ययन से यह निष्कर्ष निकाला गया है कि इन खतरों से खुद को बचाने में सावधानी ही सबसे बड़ा उपाय है। अक्सर कहा भी जाता है सावधानी हटी, दुर्घटना घटी। यह बात साइबर ठगी के संदर्भ में भी उतनी ही सत्य प्रतीत होती है, जितना की अन्य मामलों में। नीचे कुछ व्यवहारिक उपाय और सावधानियां दी जा रही हैं, जिनका पालन करके हम खुद को और दूसरों को इस तरह के खतरों और होने वाले नुकसान से बचा सकते हैं। इन खतरों से खुद को बचाने के लिए क्या करें और क्या न करें? यदि कोई कॉल करके आपसे यह कहे कि भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण TRAI आपका नंबर बंद करने वाला है, तो विश्वास न करें। कोई भी प्राधिकरण कभी किसी व्यक्ति से फोन पर इस तरह की बात नहीं करता है। यदि कोई एजेंट या कंपनी किसी पार्सल की बात करे और कन्फर्म करने के लिए आपको कोई नंबर दबाने के लिए कहे तो कोई बटन न दबाएं। यदि कोई खुद को पुलिस या सरकारी अधिकारी बताकर आपसे आपका आधार, पैन या खाता नंबर मांगे, तो कोई जानकारी साझा न करें। डिजिटल गिरफ्तारी जैसी कोई कानूनी प्रक्रिया अभी तक भारतीय न्याय संहिता में नहीं है। यदि कोई आपको डराकर कहे कि आपके पैकेज में ड्रग्स मिले हैं या आप किसी गम्भीर केस में फंसे हैं, और आपको डिजिटल गिरफ्तार किया जा रहा है तो बिल्कुल न डरें, कॉल काटें और यदि बार बार कॉल आए तो अपने नजदीकी थाने में साइबर पुलिस को इसकी सूचना जरूर दें।

(लेखक असिस्टेंड प्रोफेसर हैं, ये उनके निजी विचार हैं)

# हिन्दू समाज के समक्ष प्रमुख चुनौतियां

**हमारी प्राथमिकता यह होनी चाहिए कि समाज में भय नहीं, विश्वास बढ़े विभाजन नहीं, समरसता बने और धर्म केवल पूजा का विषय न रहकर चरित्र, कर्तव्य और संस्कृति का प्रतीक बने। जब प्रत्येक हिन्दू स्वयं को हिन्दू मानकर आचरण करेगा, और सन्त समाज उसे दिशा देगा कृ तब न केवल चुनौतियां समाप्त होंगी, बल्कि भारत फिर से विश्वगुरु के मार्ग पर अग्रसर होगा।**

आज का समाज तीव्र परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। आर्थिक, सामाजिक, धार्मिक और सांस्कृतिक स्तर पर अनेक प्रकार की चुनौतियां सामने हैं। इस बदलते समय में हिन्दू समाज के समक्ष अनेक गंभीर प्रश्न खड़े हो रहे हैं जिन पर सामूहिक जागरण, चिंतन और संगठनात्मक दृढ़ता के साथ काम करने की आवश्यकता है। हिंसा और असहिष्णु वातावरण कुछ विचारधाराएं और समूह समाज में हिंसा, भय या वैमनस्य का वातावरण निर्मित करने का प्रयास करते हैं। ऐसे समय में समाज को सजग, संगठित, सक्रिय और जागरूक रहना होगा। हर हिन्दू को यह समझना होगा कि हम जाति, पंथ, मत और सम्प्रदाय से ऊपर एक हैं हिन्दू हैं। हमें कानूनी और संवैधानिक दायरे में रहते हुए ऐसे तत्वों को पहचानकर उनके मंसूबों को विफल करना है।

**धर्मान्तरण की चुनौती**- आज विभिन्न माध्यमों से लालच देकर, प्रभाव डालकर, जबरदस्ती या छल-कपट से धर्म परिवर्तन की घटनाएं सामने आती हैं। कई बार यह लव जिहाद, नौकरी लगवाने, शिक्षा संस्थानों या सामाजिक सेवाओं के माध्यम से भी होता है। अनेक स्थानों पर हिन्दू बच्चों को सांस्कृतिक समरसता के नाम पर ऐसी शिक्षा दी जा रही है जिसमें उनके धर्म-ग्रंथों का उपहास होता है और कुछ धर्मों के प्रति झूठी श्रेष्ठता का भाव चंगाई सभाएं जैसे कृत्यों से ब्रेन वाश किया जाता है। ऐसी प्रवृत्तियों को रोकने के लिए समाज में धार्मिक-जागरूकता और आत्मगौरव का भाव जगाना होगा। कानूनी और सामाजिक दोनों स्तरों पर सतर्कता बढ़ानी होगी। परिवार, मोहल्ला, विद्यालय और संगठन सबको इस दिशा में संवेदनशील बनाना आवश्यक है।

**जनसंख्या असंतुलन और पारिवारिक संरचना**- पिछले कुछ वर्षों में देश के अनेक भागों में विशेषकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अनेक जिलों मुरादाबाद, संभल, बरेली, रामपुर, मेरठ, गाजियाबाद, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर आदि में हिन्दू जनसंख्या में 3.4 प्रतिशत की कमी और मुस्लिम जनसंख्या में उतनी ही वृद्धि दर्ज की गई है। इसके कुछ कारण घटती प्रजनन दर, बदलती जीवनशैली, कमाओ-खाओ-मौज करो जैसी प्रवृत्तियां, तथा DINK Double Income No Kids जैसी सोच ने पारिवारिक संरचना को प्रभावित किया है। यदि यह रुझान जारी रहा तो आने वाले वर्षों में बुआ, फूफा, मौसी, चाचा, ताऊ जैसे रिश्ते केवल कहानियों में रह जाएंगे। इसका समाधान केवल सरकार से नहीं, समाज की जागरूकता और मूल्य शिक्षा से होगा विवाह और परिवार को बंधन नहीं, संस्कार के रूप में प्रस्तुत करना होगा।

**नशा और ड्रग आपूर्ति की साजिश**- सीमावर्ती राज्यों से नशे की तस्करी विशेषकर पाकिस्तान, अफगानिस्तान, ईरान, म्यांमार और थाईलैंड से एक गम्भीर षड्यंत्र है। हर वर्ष करोड़ों रूपए का नशीला पदार्थ भारत में पकड़ा जाता है। यह नशा केवल शरीर को नहीं, संस्कार और चरित्र को भी नष्ट कर रहा है।

**समाधान के लिए**- युवा वर्ग को खेल, योग, सेवा और राष्ट्र निर्माण से जोड़ना होगा। घर और विद्यालय स्तर पर नशा विरोधी शिक्षा को शामिल करना चाहिए। सामाजिक संस्थाओं को ड्रग-फ्री यूथ इंडिया जैसे अभियान चलाने चाहिए।

**शिक्षा और सांस्कृतिक उपहास**- अनेक शैक्षणिक संस्थाएं ऐसी हैं जो हिन्दू बच्चों को पढ़ाने के नाम पर उनके धर्म, संस्कृति और देवी-देवताओं का परिहास करती हैं। धीरे-धीरे उनके मन में अपने धर्म के प्रति शंका और अन्य धर्मों के प्रति झूठी निष्ठा पैदा की जाती है। यह केवल शिक्षा नहीं, एक मनोवैज्ञानिक युद्ध Psychological Warfare है।

**समाधान**- शिक्षा में भारतीय मूल्य-आधारित अध्ययन को बढ़ावा देना। शिक्षकों और अभिभावकों दोनों की भूमिका पुनर्परिभाषित करना। गर्व से कहो हम हिन्दू हैं जैसी भावना को आत्म-सम्मान का प्रतीक बनाना, न कि नारा। गो-हत्या, मंदिर अधिग्रहण, अवैध धर्मांतरण, और धार्मिक उपेक्षा जैसे मुद्दे केवल धार्मिक नहीं बल्कि सांस्कृतिक अस्तित्व से जुड़े प्रश्न हैं। इन्हें संवैधानिक दायरे में रखते हुए संगठित सामाजिक दबाव और जागरण के माध्यम से उठाना होगा। समाज-जागरण का सबसे सशक्त केंद्र हमारे सन्त-महात्मा और धार्मिक संस्थान हैं परंतु आज आवश्यकता है कि देश के प्रमुख सन्त अपने नियमित धार्मिक कार्यों के अतिरिक्त युवा सशक्तिकरण की दिशा में अपनी कार्यप्रणाली में परिवर्तन करें।

**-डॉ. पवन कुमार जैन**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# हर तरफ हताशा का माहौल



**अमरेंद्र राय**

देश में पर्व-त्योहार खुशियां लेकर आते हैं। लेकिन अब ये पर्व-त्योहार भी लोगों को खुशियां देने में समर्थ नहीं हो पा रहे हैं। अभी दीवाली जैसा बड़ा त्योहार पूरे देश ने मनाया लेकिन देश के बहुत बड़े हिस्से ने सिर्फ औपचारिकता ही निभाई। दिए जलाए, मिठाइयां खाईं, खिलाईं और उपहारों का आदान-प्रदान किया। लेकिन मन से खुशी गायब थी। उल्टे वायु प्रदूषण बढ़ने से सांस की तकलीफ से जूझ रहे लोगों की समस्याएं बहुत ज्यादा बढ़ गईं। रात दस बजते-बजते सांस लेने में तकलीफ बढ़ गई।

दिल्ली का चुनाव हारने के बाद भी कल रात केजरीवाल ने राहत की सांस महसूस की होगी कि उन्हें गालियां नहीं मिल रहीं। वरना जब तक उनकी सरकार थी वायु प्रदूषण का पूरा ठीकरा उन्हीं पर फूटता था। लेकिन अब किसी ने दिल्ली की रेखा गुप्ता सरकार को कुछ नहीं कहा। वायु प्रदूषण से सिर्फ सांस की तकलीफें ही नहीं बढ़तीं बल्कि मानसिक बीमारियां भी बढ़ जाती हैं। हवा में एक फीसदी पीएम 2.5 बढ़ने से करीब दस प्रतिशत ( 9.6) डिप्रेशन या अवसाद के मामले बढ़ जाते हैं। इतना ही नहीं बच्चों के मानसिक विकास पर भी इसका असर पड़ता है। एक अनुमान के मुताबिक भारत में प्रति वर्ष 16 लाख लोगों की मौत वायु प्रदूषण से होती है। इस समय सबसे बड़ी चिंता रोजगार को लेकर है। 2019 के चुनावों से पहले ही यह बात फैल गई थी कि देश में बेरोजगारी की दर पिछले 45 सालों में सबसे ज्यादा है, लेकिन उसका चुनावों पर कोई असर नहीं हुआ। बल्कि सत्ताधारी दल पहले से भी ज्यादा बहुमत से जीतने में सफल रहा। इस हालात ने एक छोटे हिस्से को छोड़कर सभी को सोचने पर मजबूर किया कि ऐसा क्यों हो रहा है। इस हालात से सिर्फ वही लोग खुश थे जो मूर्ख थे या लोगों को मूर्ख बनाने में सफल रहे। ऐसी चीजों का समाज के हर तपके पर असर पड़ता है। सिवाय कुछ मूर्खों को छोड़कर। बाबा तुलसी दास ने भी कहा है कि हसबते भले विमूढ़, जिन्हें न व्यापे जगत गति। अब तो यह बेरोजगारी दर और भी ज्यादा बढ़ गई है। हाल में जो सरकारी आंकड़े आए हैं उनसे पता चलता है कि सितंबर में बेरोजगारी दर और ज्यादा बढ़ गई है। युवाओं में बेरोजगारी की दर 15 प्रतिशत तक जा पहुंची है। 15 से 29 वर्ष के युवाओं के बीच बेरोजगारी दर पहले 14.6 प्रतिशत थी जो अब बढ़कर 15 प्रतिशत तक पहुंच गई है। पूरे देश में बेरोजगारी की दर अगस्त महीने में 5.1 प्रतिशत दर्ज की गई थी जो सितंबर में बढ़कर 5.2 प्रतिशत हो गई। बावजूद इसके सरकार जीएसटी बचत उत्सव मनाने का अभियान चला रही है। अरे भाई पहले कमाई हो तब न बचत की बात उठे। यहां तो कमाई ही नहीं है। पहले तो सरकार ने अनाप-शनाप जीएसटी लगाकर आठ साल तक लोगों को लूटा। उनकी जेब में जो थोड़े बहुत पैसे थे वो भी निकाल लिए। और अब दर घटाकर कह रही है कि बचत उत्सव मनाओ। जब जेब में धेला नहीं है तो बचत उत्सव कहां से मनाएगा आदमी। अव्वल तो ए कि लोगों की जेब में पैसे नहीं हैं दूसरे उन्हें पता भी नहीं चल रहा कि किस चीज के दाम कम हुए हैं। दीपावली और धनतेरस पर भारतीय लोग आम तौर पर सोना खरीदते हैं। लेकिन क्या सोने की कीमत कम हुई ? अलबत्ता और बढ़ गई। सोने का दाम लगातार और तेजी से बढ़ा। बीजेपी के भोजपुरी स्टार सांसद रवि किशन ने संसद में अपनी स्पीच समोसों पर दी। उन्होंने कहा कि देश के हर राज्य में समोसे मिलते हैं। ढाबे से लेकर फाइव स्टार तक, लेकिन उनकी कीमत एक जैसी नहीं है। उनका आकार भी एक जैसा नहीं है।



सरकार को एक नीति बनानी चाहिए कि समोसा पूरे देश में एक भाव से मिले। जब जीएसटी की दरें सरकार ने कम कीं तो लोगों ने रवि किशन से पूछा, समोसे के दाम कितने कम हुए। मुझे तो कहीं भी समोसे, चाउमिन, चाय, बीड़ी, सिगरेट या फिर किसी चीज के दाम कम हुए नहीं दिखे। भोजन की थाली की कीमत भी कम नहीं हुई है। इसी बीच दलितों पर अत्याचार की झकझोरने वाली खबरें भी सामने आई हैं। यूपी के फतेहपुर के रहने वाले एक व्यक्ति की रायबरेली में पीट-पीट कर हत्या कर दी गई। हत्या करने वाले अपने आप को हबाबाह के लोग बता रहे थे। बाबा के लोग मतलब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लोग। ऊपर से जब रायबरेली के सांसद और विपक्ष के नेता राहुल गांधी जब उस पीड़ित परिवार से मिलने जा रहे थे तो उसमें अड़ंगा डालने की कोशिश की गई। हरियाणा में एक दलित आईपीएस ने खुद की रिवाल्वर से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। उसने आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप अपने सीनियर अफसरों पर लगाया। उस मामले में भी हरियाणा सरकार की ओर से कोई संतोषजनक कार्रवाई नहीं की गई। आठ दिन तक उस अफसर की लाश का पोस्टमार्टम नहीं हो सका। तीसरी घटना भारत के मुख्य न्यायाधीश से जुड़ी है। सुप्रीम कोर्ट के एक वकील ने अदालत में ही मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई पर जूता फेंक दिया। आपको मालूम है कि गवई दलित हैं। और इन सबसे भी बड़ी बात कि सत्ता पक्ष के लोगों का नजरिया बहुत निराशा जनक रहा। और तो और दलितों की राजनीति करने वाली उत्तर प्रदेश की चार बार मुख्यमंत्री रहीं मायावती ने काशीराम के परिनिर्वाण दिवस पर नौ अक्टूबर को लखनऊ में एक बहुत बड़ी रैली की लेकिन उसमें भी उन्होंने गवई पर जूता फेंकने की घटना का जिक्र तक नहीं किया। ए सब बातें बहुत निराशाजनक हैं। हताशा पैदा करने वाली हैं।

अवसादग्रस्त करने वाली। इन्हीं सब वजहों से देश में डिप्रेशन के मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 2015 में एक रिपोर्ट जारी की थी जिसमें बताया गया था कि 2005 से 2015 तक दस साल तक अवसाद के मरीजों की संख्या में 18.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई। सत्ताधारी बीजेपी कह सकती है कि यह समयावधि यूपीए शासनकाल की है, लेकिन उसे शायद नहीं मालूम कि अभी हाल ही में एक विश्वविद्यालय ने देश के आठ प्रमुख शहरों का सर्वे किया है जिससे पता चलता है कि देश के 70 प्रतिशत युवा डिप्रेशन के शिकार हैं। यह सर्वे अमरावती स्थित एसआरएम यूनिवर्सिटी ने सिंगापुर की एक यूनिवर्सिटी के साथ मिलकर दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरू, चेन्नई, हैदराबाद, पुणे, अमहमदाबाद और कोलकाता के छात्रों के बीच किया।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### दक्षिण चीन सागर में अमेरिकी नौसेना के दो विमान दुर्घटनाग्रस्त

**वाशिंगटन।** दक्षिण चीन सागर के ऊपर अलग-अलग नियमित अभियानों के दौरान आधे घंटे के अंतराल पर अमेरिकी नौसेना के एक हेलीकॉप्टर और एक लड़ाकू जेट-दुर्घटनाग्रस्त हो गए हालांकि चालक दल के सदस्यों को सुरक्षित बचा लिया गया है। नौसेना ने बताया कि यूएसएस निमित्ज़ विमानवाहक पोत से नियमित अभियान के दौरान एक एमएच-60आर सीहॉक हेलीकॉप्टर स्थानीय समयानुसार दोपहर लगभग 2:45 बजे दुर्घटनाग्रस्त हो गया। खोज और बचाव दल ने चालक दल के सभी तीन सदस्यों को बचा लिया।

### वेनेज़ुएला ने कैरिबियन में अमेरिकी सैन्य अभ्यास की निंदा की

**काराकस।** वेनेजुएला सरकार ने रविवार को कैरिबियन में अमेरिकी सेना द्वारा किए गए सैन्य अभ्यास की निंदा करते हुए कहा कि यह क्षेत्र के लिए उकसावे और खतरा है। सरकार द्वारा सोशल मीडिया पर जारी एक बयान में कहा गया है कि वेनेजुएला सरकार का मानना है कि 26 और 30 अक्टूबर के बीच किए गए सैन्य अभ्यास एक औपनिवेशिक अभियान का हिस्सा है और संयुक्त राष्ट्र चार्टर तथा लैटिन अमेरिका और कैरिबियन को शांति क्षेत्र घोषित करने का उल्लंघन करते हैं।

### अर्जेंटीना में सड़क हादसे में कम से कम तेरह लोगों की मौत

**ब्यूनस आयर्स।** अर्जेंटीना के पूर्वोत्तर प्रांत मिसियोनेस में रविवार को एक डबल-डेकर यात्री बस और एक कॉम्पैक्ट कार की आमने-सामने की टक्कर में कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई। स्थानीय मीडिया ने अधिकारियों के हवाले से यह जानकारी दी। मिसियोनेस सरकार के अनुसार, यह दुर्घटना स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 4:30 बजे घने कोहरे के बीच एक पुल पर हुई और ओबेरा शहर से प्यूर्टो इगुआज़ू जा रही यात्रियों को ले जा रही बस टक्कर के कारण नीचे एक नाले में गिर गई।

### टोक्यो में आग लगने से तीन लोगों की मौत

**टोक्यो।** जापान की राजधानी टोक्यो के पास एक रिहायशी इलाके में सोमवार को एक घर में आग लगने से तीन लोगों की मौत हो गयी। क्योडो न्यूज़ ने पुलिस और दमकलकर्मियों के हवाले से बताया कि स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 4:30 बजे एक आपातकालीन कॉल आई, जिसमें बताया गया कि सैतामा के एक रिहायशी इलाके में स्थित एक दो मंजिला लकड़ी के घर में आग लग गयी है। पुलिस के अनुसार आग पर काबू पाने में लगभग साढ़े तीन घंटे लगे और आस-पास के घरों को इससे कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। इमारत में एक दंपत्ति और 80 वर्षीय बजुर्ग रह रहे थे।

# रूस ने दुनिया की पहली न्यूक्लियर पॉवर्ड मिसाइल का किया परीक्षण

## अनलिमिटेड रेंज का दावा, रूसी राष्ट्रपति बोले: इसे कोई डिफेंस सिस्टम नहीं रोक सकता



■ लॉन्च होने के बाद एक्टिव होता है न्यूक्लियर रिएक्टर, एक्सपर्ट्स ने मिसाइल टेस्टिंग को खतरा बताया

मास्को। रूस ने दुनिया की पहली न्यूक्लियर पॉवर्ड यानी परमाणु ऊर्जा से चलने वाली क्रूज मिसाइल बुरेवस्तनिक-9एम739 का सफल परीक्षण किया है। दावा किया जा रहा है कि यह मिसाइल अनलिमिटेड रेंज वाली है। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने वीडियो कान्फ्रेंस के दौरान कहा कि इसके सभी टेस्ट पूरे हो चुके हैं। ऐसी मिसाइल दुनिया के किसी भी देश के पास नहीं है। पहले कई एक्सपर्ट यकीन नहीं करते थे कि ऐसा हथियार भी बन सकता है, लेकिन यह हकीकत बन चुका है। कोई भी डिफेंस सिस्टम इस नहीं रोक सकता।

रूसी सेना के प्रमुख वैलेरी गेरेसिमोव ने बताया कि मिसाइल का सफल टेस्ट 21 अक्टूबर को किया गया। इस टेस्ट में बुरेवस्तनिक ने करीब 15 घंटे तक उड़ान भरी। इस दौरान मिसाइल ने 14 हजार किलोमीटर की दूरी तय की। गेरेसिमोव ने यह भी बताया कि यह मिसाइल की अधिकतम रेंज नहीं है, यह इससे अधिक दूरी भी तय कर सकती है। पुतिन ने इस मिसाइल को सर्विस में लेने के लिए सेना को तैयारी करने के निर्देश भी दे दिए हैं। बुरेवस्तनिक (9एम730) एक क्रूज मिसाइल है, जो सामान्य ईंधन इंजन की बजाय न्यूक्लियर रिएक्टर से चलती है। इस वजह से यह मिसाइल लगभग अनलिमिटेड यानी असीमित दूरी तक उड़ान भर सकती है। साथ ही दुश्मन के एंटी-मिसाइल डिफेंस सिस्टम को चकमा देने में सक्षम है। अमेरिकी वायुसेना की रिपोर्ट के अनुसार मिसाइल के सर्विस में आने के बाद रूस के पास इंटरकान्टिनेंटल रेंज यानी 10 से 20 हजार किमी तक हमला करने की क्षमता होगी। इससे रूस किसी भी हिस्से से अमेरिका तक हमला करने में सक्षम होगा। आमतौर पर इतनी दूरी तक हमला करने के लिए बैलिस्टिक मिसाइल का इस्तेमाल किया जाता है।

यह पहली क्रूज मिसाइल है जो इतनी दूरी तक हमला करने में सक्षम है। सामान्य बैलिस्टिक मिसाइल अंतरिक्ष में तय मार्ग पर जाती है, जिन्हें ट्रैक किया जा सकता है। जबकि बुरेवस्तनिक सिर्फ 50-100 मीटर की ऊंचाई पर उड़ती है और लगातार रास्ता बदलती रहती है, जिससे इसे पकड़ना लगभग असंभव हो जाता है। मिसाइल को लॉन्च करने के लिए ठोस ईंधन वाले राकेट बूस्टर का इस्तेमाल किया जाता है। लॉन्च होने के बाद इसका न्यूक्लियर रिएक्टर एक्टिव हो जाता है। इसके बाद यह परमाणु ऊर्जा पर चलती है। इसमें एक छोटा न्यूक्लियर रिएक्टर या न्यूक्लियर पावर यूनिट है, जो मिसाइल को अनलिमिटेड दूरी तक उड़ने में सक्षम बनाता है। इस मिसाइल को जमीन पर मौजूद लॉन्चिंग पैड का इस्तेमाल कर लॉन्च किया जाता है। रायटर्स की एक जांच रिपोर्ट के मुताबिक रूस की राजधानी मास्को से उत्तर में 475 किमी दूर इसकी लॉन्च साइट हो सकती है।

### ट्रम्प बोले: पुतिन मिसाइल परीक्षण न करें, जंग रोकें

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने पुतिन से कहा है कि वह मिसाइल परीक्षण करने की बजाय जंग रोके। सोमवार दिए एक बयान में उन्होंने मिसाइल टेस्ट को गलत बताया। ट्रम्प ने कहा कि एक हफ्ते में खत्म होने वाली जंग के 4 साल होने वाले हैं। उन्हें इस पर ध्यान देना चाहिए। ट्रम्प अक्सर गोल्डन डोम मिसाइल सिस्टम का जिक्र करते हैं। उनके मुताबिक अमेरिका को भविष्य के हमलों से बचाने के लिए यह जरूरी है। बुरेवेस्तिक जैसे खतरनाक हथियार से बचाने के लिए गोल्डन डोम जैसे डिफेंस सिस्टम को डिजाइन किया जा रहा है। अंतर्राष्ट्रीय रणनीतिक अध्ययन संस्थान (आईआईएसएस) ने कहा कि रूस के सामने इस मिसाइल को लेकर अभी भी कई तकनीकी चुनौतियां हैं। इनमें मिसाइल के परमाणु इंजन को सुरक्षित और भरोसेमंद ढंग से संचालित करने की चुनौती सबसे बड़ी है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि इसके कई परीक्षण असफल रहे और एक दुर्घटना में कई लोगों की मौत हुई थी।




मलेशिया। कुआलालंपुर में 47वें आसियान शिखर सम्मेलन और संबंधित शिखर सम्मेलन के दौरान मलेशिया के विदेश मंत्री मोहम्मद हाजी हसन से बात करते विदेश मंत्री एस जयशंकर।

### भारत-सेशेल्स ने हिंद महासागर में स्थिरता का लिया संकल्प

**विक्टोरिया।** उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने सोमवार को विक्टोरिया स्थित स्टेट हाउस में सेशेल्स के राष्ट्रपति पैट्रिक हर्मिनी से मुलाकात की, जहां दोनों नेताओं ने भारत और सेशेल्स के बीच द्विपक्षीय सहयोग को मज़बूत और विस्तारित करने के तरीकों पर चर्चा की। भारत सरकार और जनता की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए राधाकृष्णन ने राष्ट्रपति हर्मिनी को पदभार ग्रहण करने पर बधाई दी। उपराष्ट्रपति कार्यालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि दोनों नेताओं ने हिंद महासागर क्षेत्र और व्यापक वैश्विक दक्षिण में शांति, स्थिरता और समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए अपनी साझा प्रतिबद्धता दोहराई।

## ब्रिटेन में भारतवंशी महिला पर नस्लीय हमला

■ दरिंदे ने किया दुष्कर्म CCTV में दिखा, पुलिस ने जारी की आपात अपील

**लंदन।** ब्रिटेन की पुलिस ने उत्तरी इंग्लैंड में एक युवती के साथ दुष्कर्म के मामले में एक संदिग्ध श्वेत व्यक्ति को पकड़ने के लिए आपातकालीन अपील जारी की है। महिला भारतीय मूल की बताई जा रही है।

वेस्ट मिडलैंड्स पुलिस के मुताबिक, शनिवार शाम को वालसाल के पार्क हाल इलाके में महिला के सड़क पर संकट में फंसे होने की सूचना मिली। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने जनता से मदद के लिए संदिग्ध का सीसीटीवी फुटेज जारी किया और इसे 'नस्लीय भेदभाव आधारित हमले में दुष्कर्म' का मामला बताया। पुलिस जांच की अगुवाई कर रहे जांच अधीक्षक रोनन टायर ने कहा, यह एक युवती (20 वर्षीय) पर बेहद खौफनाक हमला था। हम आरोपी को जल्द गिरफ्तार करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस सबूत इकट्ठा कर रही है और हमलावर की प्रोफाइल तैयार कर रही है। उन्होंने लोगों से अपील की कि अगर किसी ने उस समय इलाके में किसी पुरुष को संदिग्ध व्यवहार करते देखा हो तो पुलिस को जानकारी दें। पुलिस ने बताया कि हमलावर करीब तीस साल का श्वेत पुरुष है, जिसके छोटे बाल हैं और उसने हमले के समय गहरे रंग के कपड़े पहने थे।

## अमेरिका में शटडाउन से आम जनता हलकान




■ सरकारी बंद के बीच करोड़ों लोगों पर भूख की मार, एक नवम्बर से मुफ्त भोजन कार्यक्रम बंद! नोटिस जारी

**वाशिंगटन।** अमेरिका में 1 अक्तूबर से चल रहा सरकारी शटडाउन आम जनता के लिए मुसीबत बन चुका है। इस बीच करोड़ों लोगों के लिए मुफ्त भोजन कार्यक्रमों पर संकट मंडरा रहा है। ट्रम्प प्रशासन ने एक नोटिस जारी किया है, जिसके तहत एक नवम्बर से कोई संघीय खाद्य सहायता नहीं दी जाएगी। अमेरिकी कृषि विभाग ने अपनी वेबसाइट पर एक नोटिस जारी किया है, जिसमें कहा गया है कि सरकारी बंद के कारण 1 नवम्बर से संघीय खाद्य सहायता भत्ते जारी नहीं किए जाएंगे। यह नोटिस देशभर के लाखों परिवारों के लिए गंभीर संकट पैदा कर रहा है, क्योंकि सरकारी बंद अब रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच चुका है। यह नया नोटिस ट्रम्प प्रशासन द्वारा यह कहने के बाद आया है कि वह पूरक पोषण सहायता कार्यक्रम (एसएनएपी), जिसे आमतौर पर फूड स्टैंप्स के नाम से जाना जाता है। उसमें नवम्बर तक लाभ जारी रखने के लिए लगभग 5 अरब अमेरिकी डालर की आकस्मिक निधि का उपयोग नहीं करेगा। फूड स्टैंप्स अमेरिका के लगभग आठवें में से एक नागरिक को किराने का सामान खरीदने में मदद करता है। यूएसडीए के नोटिस में कहा गया है कि सच्चाई यह है कि धनराशि समाप्त हो चुकी है। वर्तमान में 1 नवम्बर को कोई भत्ता जारी नहीं किया जाएगा। हम सीनेट डेमोक्रेट्स के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ पर पहुंच चुके हैं। 1 अक्टूबर से शुरू हुआ यह बंद अब रिकॉर्ड में दूसरा सबसे लंबा बंद है। हालांकि रिपब्लिकन प्रशासन ने इस महीने सनेप लाभों का भुगतान सुनिश्चित करने के लिए शटडाउन से पहले कदम उठाए थे, लेकिन अगर कुछ ही दिनों में कोई राजनीतिक समाधान नहीं निकलता है, तो इस कटौती से गतिरोध का असर अमेरिकियों के एक बड़े हिस्से पर पड़ेगा और उनमें से कुछ सबसे ज्यादा जरूरतमंद लोगों पर भी।

# अमेरिकी सोयाबीन की खरीद फिर शुरू करेगा चीन

## 100% टैरिफ नहीं लगाएगा अमेरिका, दोनों देशों के बीच ट्रेड डील का फ्रेमवर्क तय



**वाशिंगटन।** अमेरिका और चीन के बीच ट्रेड डील का फ्रेमवर्क तय हो गया है। अमेरिकी वित्त मंत्री स्काट बेसेंट ने बताया कि दोनों देशों में चीनी आयात पर 100 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ लगाने से बचने के लिए एक फ्रेमवर्क एग्रीमेंट पर सहमति बनी ली है। उन्होंने बताया कि चीन पर लागू होने वाला 100 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ, अब नहीं लगेगा। वहीं, चीन फिर से अमेरिकी सोयाबीन की खरीद शुरू करेगा।

ट्रम्प ने 1 नवम्बर से चीन पर एक्स्ट्रा 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी दी थी। यह फैसला ट्रम्प और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाकात से पहले लिया गया है। दोनों के बीच इस हफ्ते गुरुवार को साउथ कोरिया में मुलाकात होगी। इस दौरान दोनों नेता इस फ्रेमवर्क पर चर्चा करेंगे। इस फ्रेमवर्क पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग इस हफ्ते मिलने पर चर्चा करेंगे। ट्रम्प फिलहाल एशियाई देशों को दौरे पर हैं। उन्होंने अपनी यात्रा की शुरुआत मलेशिया से की। यहां उन्होंने आसियान समिट के बीच थाईलैंड और कंबोडिया के बीच हुए शांति समझौते पर हस्ताक्षर समारोह में हिस्सा लिया। अब वे जापान के लिए रवाना हो गए हैं। चीन के पास दुनिया के 17 दुर्लभ खनिज (रेयर अर्थ मटेरियल्स) हैं, जिन्हें वह दुनिया को निर्यात करता है। इनका इस्तेमाल इलेक्ट्रानिक सामान, ईवीएस और डिफेंस सेक्टर में होता है। चीन ने पहले से 7 दुर्लभ खनिजों पर कंट्रोल कर रखा था, लेकिन 9 अक्टूबर को इसमें 5 और (होल्मियम, एर्बियम, थुलियम, यूरोपियम और यटरबियम) जोड़ दिए गए। यानी कि चीन का 17 में से 12 दुर्लभ खनिजों पर कंट्रोल हो गया है। इनके इस्तेमाल से पहले चीन से एक्सपोर्ट लाइसेंस लेना जरूरी होगा। इस कदम से अमेरिका और उसके सहयोगी देशों की सुरक्षा और उद्योग पर असर पड़ सकता है, क्योंकि चीन दुनिया की 70 प्रतिशत दुर्लभ खनिज आपूर्ति और 90 प्रतिशत प्रोसेसिंग कंट्रोल करता है। चीन ने अपने शीर्ष व्यापार वार्ताकार ली चेंगगैंग को पद से हटा दिया है। वे हाल ही में अमेरिका के साथ चार दौर की वार्ताओं में शामिल थे।

## अमेरिका से 50 हरियाणवी डिपोर्ट

■ हाथ-पैर में डली बेड़ियां, बंदूक लिए खड़े थे अमेरिकी जवान

**कैथल।** कैथल पुलिस अमेरिका से डिपोर्ट हुए लोगों को रविवार सुबह दिल्ली से लेकर कैथल पहुंची। युवकों के आने की सूचना के बाद उनके घरों में हताशा छा गई। डिपोर्ट होने वाले लोगों में अधिकतर युवा जमीन बेचकर अमेरिका में डालर कमाने की चाह में गए थे।

अब छह से सात महीने की जेल काटने के बाद खाली हाथ मायूस होकर वापस लौटना पड़ा। नाम न छापने की शर्त पर कैथल शहर निवासी ने बताया कि अमेरिका से डिपोर्ट होकर आने वाले जहाज में अमेरिका सेना के जवान बंदूक लेकर सीटों के पास खड़े हुए थे। लोगों के हाथों व पांव में बेड़िया लगाई हुई थी। अमेरिकी जवान अंग्रेजी में लोगों को गालियां दे रहे थे। वह आप बीती बताते हुए भावुक हो गया। अमेरिका जाने के लिए अधिकतर युवाओं ने आधा एकड़ से दो एकड़ तक जमीन बेच दी थी या कर्ज लिया हुआ है। अब वह इस नुकसान की भरपाई कैसे कर पाएंगे। डिपोर्ट हुए लोगों ने सरकार से आर्थिक सहायता की मांग की है। आंकड़ों के मुताबिक, कैथल के कई गांवों के दो हजार के करीब युवा अमेरिका, कनाडा, आस्ट्रेलिया, इंग्लैंड जा चुके हैं। फरवरी के महीने में भी 12 लोग कैथल के डिपोर्ट हुए थे। रविवार को 14 नए लोग आए हैं। इससे डिपोर्ट होने वालों की संख्या 26 पहुंच हो गई है।

## क्वाड बैठक में प्रधानमंत्री मोदी होंगे मेजबान!



■ आस्ट्रेलिया के पीएम ने जताई उम्मीद, चार देशों-भारत, अमेरिका, जापान के साथ आस्ट्रेलिया के गठजोड़ वाले इस समूह को एक अहम मंच करार दिया

**सिडनी।** आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने उम्मीद जताई है कि क्वाड देशों की अगली बैठक अगले साल की पहली तिमाही में हो सकती है। उन्होंने चार देशों-भारत, अमेरिका, जापान के साथ आस्ट्रेलिया के गठजोड़ वाले इस समूह को एक अहम मंच करार दिया। गौरतलब है कि भारत में इसी साल क्वाड सम्मेलन होना था।

हालांकि, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के रवैये और जापान में जारी सियासी उठापटक के चलते अब इस बैठक की उम्मीद कम ही है। अल्बनीज ने रविवार आसियान सम्मेलन के दौरान एक प्रेस कान्फ्रेंस में कहा कि क्वाड एक अहम फोरम है, जो आस्ट्रेलिया, अमेरिका, जापान और भारत को जोड़ता है। मुझे उम्मीद है कि इसकी बैठक अगले साल की पहली तिमाही में होगी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस बैठक की मेजबानी करेंगे। क्वाड सम्मेलन में देरी को लेकर पर पूछे गए सवाल पर अल्बनीज ने कहा कि यह व्यस्त शिखर सम्मेलन सत्र है और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प काफी व्यस्त कार्यक्रम में बंधे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प इन दिनों एशिया के तीन देशों के दौरे पर हैं। वे मलयेशिया में आसियान सम्मेलन में शामिल होने के बाद जापान रवाना हुए और वहां से दक्षिण कोरिया जाएंगे, जहां वे एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (एपीईसी) सम्मेलन के दौरान चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मिलने वाले हैं। इससे पहले अगस्त में कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि ट्रम्प ने इस वर्ष भारत यात्रा की योजना रद्द कर दी है, क्योंकि उनके और प्रधानमंत्री मोदी के बीच संबंध तनावपूर्ण हो गए हैं। भारत और अमेरिका के बीच रिश्ते तब से तनाव में हैं जब ट्रम्प प्रशासन ने भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत तक आयात शुल्क और रूसी तेल की खरीद पर 25 प्रतिशत कर लगा दिया। भारत ने इस कदम को अनुचित, अन्यायपूर्ण और अस्वीकार्य करार दिया था।

### लेबनान में इजरायली हवाई हमलों में चार की मौत, दो घायल

**बेरूत/यरूशलम।** दक्षिणी लेबनान में रविवार को इज़रायली हवाई हमलों में चार लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए।देश की सरकारी राष्ट्रीय समाचार एजेंसी ने यह जानकारी दी। एजेंसी ने कहा कि इज़रायली ड्रोन और युद्धक विमानों ने लेबनान के दक्षिणी और पूर्वी क्षेत्रों में कई वाहनों को निशाना बनाया। इस बीच, सुरक्षा सूत्रों ने बताया कि मृतकों में से तीन हिजबुल्लाह के सदस्य थे और चौथा एक सीरियाई नागरिक था। एक बयान में, इज़रायली सेना ने कहा कि उसने रविवार को दो दौर के हमले किए, जिसमें हिज़्बुल्लाह का एक अधिकारी और समूह का एक संदिग्ध हथियार तस्कर मारा गया।

# किम जोंग से मिल सकते हैं ट्रम्प

## मीटिंग फिक्स कर रहे दोनों देशों के अधिकारी, आज जापान के सम्राट से मिले अमेरिकी राष्ट्रपति



ट्रम्प ने 29 जून 2019 को ट्वीट कर किम जोंग से मिलने का प्रस्ताव रखा था

**टोक्या।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और नार्थ कोरिया के सुप्रीम लीडर किम जोंग उन जल्द मुलाकात कर सकते हैं। ट्रम्प ने कहा कि वे उनसे मिलने के लिए अपनी एशिया यात्रा को कुछ दिन और बढ़ा सकते हैं। ट्रम्प ने यह भी कहा कि फिलहाल इस मुलाकात को लेकर कोई तय योजना नहीं है।

सीएनएन को सूत्रों ने बताया कि ट्रम्प प्रशासन के अधिकारियों ने निजी तौर पर दोनों नेताओं के बीच एक बैठक आयोजित करने पर चर्चा की है। ट्रम्प के पहले कार्यकाल में ऐसा भी हुआ था। ट्रम्प ने 29 जून 2019 को ट्वीट कर किम जोंग से मिलने का प्रस्ताव रखा था। इसके सिर्फ 24 घंटे के बाद दोनों नेताओं के बीच मुलाकात हुई थी। ट्रम्प तब साउथ कोरिया के दौरे पर थे। वे किम जोंग से मिलने के लिए बार्डर पहुंचे थे। वहीं, ट्रम्प ने आज जापान के सम्राट नारुहितो से मुलाकात की। यह मुलाकात टोक्यो में हुई। मुलाकात के बाद ट्रम्प ने सम्राट नारुहितो की तारीफ करते हुए उन्हें 'ग्रेट मैन' बताया। ट्रम्प आज 6 साल बाद जापान के दौरे पर पहुंचे हैं। इससे पहले ट्रम्प आखिरी बार 2019 में जापान आए थे। वे जापानी पीएम साने ताकाइची के साथ ट्रेड और इन्वेस्टमेंट डील पर बात करेंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक टोक्यो में 18000 पुलिसकर्मी तैनात हैं। ट्रम्प के रास्ते पर ट्रैफिक बंद कर दिया गया है और एयर स्पेस भी बंद है। यह जापान का 2002 के बाद सबसे बड़ा सिक्योरिटी आपरेशन है। इसकी बड़ी वजह पिछले 5 साल में जापान के दो पूर्व पीएम पर हुए जानलेवा हमले भी हैं। जुलाई 2022 में पूर्व पीएम शिंजो आबे की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी, वहीं अप्रैल 2023 तत्कालीन पीएम फुमियो किशिदा के भाषण के दौरान विस्फोटक फेंका गया था। जापान ने पहले ही अमेरिका में 46 लाख करोड़ रुपये इन्वेस्ट करने का वादा किया है। ट्रम्प के दौरे पर इसकी डिटेल तय होंगी।

## पाकिस्तान-अफगानिस्तान वार्ता में गतिरोध जारी

■ तालिबान ने टीटीपी के खिलाफ कार्रवाई से किया इनकार

**इस्तांबुल।** तुर्की के सबसे बड़े शहर इस्तांबुल में रविवार को पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच वार्ता में गतिरोध बना रहा। अफगान तालिबान के प्रतिनिधिमंडल तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान और अन्य आतंकवादी संगठनों के खिलाफ 'विश्वसनीय कदम' उठाने की बात से हिचकिचाता रहा।

पाकिस्तान दावा करता आया है कि इन आतंकी संगठनों के ठिकाने अफगानिस्तान में हैं। 'डान' अखबार की रिपोर्ट के मुताबिक, वार्ता के दूसरे दिन भी दोनों पक्ष आतंकवादी संगठनों को खत्म करने को लेकर कोई साझा राय नहीं बना सके। करीब नौ घंटे की गहन चर्चा के बाद पाकिस्तानी सुरक्षा अधिकारियों ने कहा कि उनकी टीम ने अफगानिस्तान के सामने अपनी अंतिम स्थिति रखी और जोर दिया कि तालिबान शासन को सीमा पार और अफगानिस्तान के भीतर आतंकवाद को खत्म करने के लिए ठोस और विश्वसनीय कदम उठाने होंगे। रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान के एक वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी ने कहा कि अफगान तालिबान की ओर से आतंकवादियों का संरक्षण स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि तालिबान की प्रतिक्रिया तर्कहीन और वास्तविकताओं के विपरीत रही। अधिकारी ने यह भी आरोप लगाते हुए कहा, ऐसा लगता है कि तालिबान प्रतिनिधिमंडल किसी और एजेंडा पर चल रहा है। अखबार ने कहा कि यह शक तब और गहरा हो गया, जब इस्तांबुल में वार्ता के दौरान पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के लीपा सेक्टर में कथित रूप से संघर्ष विराम का उल्लंघन हुआ।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108